


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-84, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित




पेज-12

सेंसेक्स 74,339.44 ▲ +486.50
डॉलर 83.347 ▲ +0.017

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 68,200
चांदी (1 किलो) 86,500

**आज के मैच**



समय : 26 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : कोलकाता में

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# दो साल तक राजनीति से दूर रहूंगा : धीरज साहू

## जब तक कैश कांड से हमलोग बरी नहीं होंगे, परिवार राजनीति से दूर रहेगा

**एक्सक्लूसिव इंटरव्यू**



कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू पिछले दिनों उनके ठिकानों से करोड़ों रुपये कथित रूप से बरामदगी को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहे। रांची से दिल्ली की फ्लाइट में अचानक मिल गए। उस घटना के बाद उन्होंने मीडिया से दूरी बना ली थी जिस कारण आशा नहीं थी कि वे कुछ बोलेंगे पर पुराने संबंधों और भरोसे के आधार पर बहुत ही आत्मीयता से मिले और एक्सक्लूसिव बातचीत **'राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सुनील बादल'** के साथ की। बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से राजनीति से दो साल तक दूर रहूंगा और जब तक इस कैश कांड से हमलोग बरी नहीं हो जाते हमारा परिवार राजनीति से दूर रहेगा।

मालूम हो कि स्व. राय बहादुर बलदेव साहू का धनाढ्य परिवार अपनी दरियादिली के लिए लोहरदगा और रांची में विशिष्ट स्थान रखता है। इस परिवार का कांग्रेस से रिश्ता काफी पुराना है। खुद धीरज साहू कांग्रेस की टिकट पर दो-दो बार लोकसभा का चुनाव लड़े लगातार तीन बार राज्यसभा के सदस्य रहे। उनके बड़े भाई शिवप्रसाद साहू भी दो बार रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद चुने गए थे। वर्ष 2001 में उनका निधन हो गया। धीरज साहू के एक अन्य भाई गोपाल साहू को कांग्रेस एक बार रांची विधानसभा क्षेत्र और एक बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से टिकट दे चुकी है। हालांकि, वो कोई भी चुनाव जीतने में सफल नहीं रहे। वो झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। धीरज प्रसाद साहू के पिता बलदेव साहू स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। वह तत्कालीन बिहार के प्रमुख व्यवसायियों में शुमार रहे हैं। अब भी उनके परिवार का व्यवसाय झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में फैला है। उन्हें ब्रितानी हुकूमत से 'राय साहब' की उपाधि मिली थी। देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू, इंदिरा तक इनके घर आ चुके हैं। आजादी के पहले और उसके बाद भी डॉ राजेंद्र प्रसाद, जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे नेताओं ने राय बलदेव साहू का आतिथ्य स्वीकारा था। फिल्मी हस्तियां तो अक्सर इस परिवार की पार्टियों और समारोहों का हिस्सा बनती रही हैं। प्रस्तुत है बातचीत के संपादित अंश।

**नवीन मेल : झारखंड या देश के लिए आपके धनाढ्य परिवार का क्या योगदान है?**

धीरज साहू : 1962 की अचानक भारत चीन लड़ाई के समय भारत मानसिक और आर्थिक रूप से तैयार नहीं था जिस कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सभी से अपील की जो भी देश के लिए आर्थिक सहयोग देना चाहें दे सकते हैं तब मेरे परिवार ने दिल खोलकर दान दिया था कितना यह बताना शहीदों का असम्मान होगा।

**नवीन मेल : जो कैश कांड आपके साथ हुआ और राष्ट्रीय मीडिया ने इतना उछाला, उसके बारे में क्या कहेंगे?**

धीरज साहू : जो पैसा था उसका हमलोगों ने पूरा हिसाब दिया टैक्स भी भरा। जिस तरह का व्यवसाय है उसमें नगद लेनदेन करना मजबूरी है पर हिसाब हम पूरा रखते हैं। दरअसल वो पैसा इनकम टैक्स के लिए ही था।

**नवीन मेल : भविष्य की क्या योजना है, स्वयं आएंगे या परिवार के किसी को लाएंगे?**

धीरज साहू : मैंने फैसला किया है कि दो साल तक राजनीति से दूर रहूंगा और जब तक मामला चलेगा परिवार का भी कोई सदस्य सार्वजनिक जीवन में नहीं आएगा।

**नवीन मेल : सुना है बड़ा स्टेडियम बनवा रहे हैं?**

धीरज साहू : लोहरदगा में झारखंड का तीसरा सबसे बड़ा 25 हजार क्षमता का स्टेडियम बन चुका है राज्य स्तरीय मैच भी हो रहे हैं कई बड़े क्रिकेटर आने वाले थे उद्घाटन में कि ये कांड हो गया।

**नवीन मेल : क्या छापे के पीछे षड्यंत्र जैसा कुछ था?**

धीरज साहू : इस पर कुछ बोलना उचित नहीं। अभी मामला चल ही रहा है पर मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे साथ न्याय होगा और सच सामने आएगा।

## नक्सलियों के 7050 पीस नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने गोईलकेरा-टोन्टो थाना के सीमावर्ती क्षेत्र वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल में सिंटेक्स में गाडकर रखा कुल 35 बोरी में 7050 पीस नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से सभी को विनिष्ट किया जा रहा है। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि भाकपा माओवादी के नक्सलियों की ओर से कोल्हान क्षेत्र में लूटे गये डेटोनेटर को टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल क्षेत्र में जमीन में गाडकर रखा गया है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एक संयुक्त अभियान दल का गठन किया गया। 35 बोरी में 7050 पीस नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया गया।

# ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस की टेढ़ी नजर

### देश में जहां-जहां मौका मिला, कांग्रेस ने चोरी-छिपे ऐसा करने का प्रयास किया

### 2011 में कांग्रेस की केंद्र सरकार ने ऐसा ही आदेश निकाला, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रोका



**एजेंसी। आगरा/मुरैना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आगरा और मुरैना की चुनावी सभाओं में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर करारा हमला जारी रखा। कहा, कांग्रेस ने तय किया है कि 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षणसे कुछ चोरी कर लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस का इरादा कर्नाटक जैसा हाल यूपी में भी करने का है। देश में जहां-जहां मौका मिला, वह पिछले दरवाजे से चोरी-छिपे यही कर रही है। यहां कांग्रेस को सपा का पूरा साथ मिल रहा है। आप याद कीजिए 2012 में यूपी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ऐसी ही कोशिश की थी। इन्होंने ओबीसी के आरक्षण का एक हिस्सा धर्म के आधार पर देने का फैसला किया था।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू कर दिया है। मुरैना में कहा कि ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी वर्ग में शामिल कर दिया। रातों-रात एक आदेश निकाल कर उन सबको ओबीसी घोषित कर दिया। सरकारी नौकरी और शिक्षा में ओबीसी के लोगों को जो आरक्षण मिलता था उसमें यह नए लोग डाल दिए गए। इस तरह ओबीसी समाज को जो आरक्षण मिलता था, वह चोरी छुपे छीन लिया गया, जिसे हमारी सरकार ने रोका।

कांग्रेस दलितों का, पिछड़ों का, आदिवासियों का हक छीनने का षडयंत्र लंबे समय से कर रही है। 19 दिसंबर, 2011 को तब की कांग्रेस की केंद्र सरकार धर्म के नाम पर आरक्षण देने का एक नोट कैबिनेट में लेकर आई थी। इस कैबिनेट नोट में कहा गया था कि ओबीसी समाज को जो 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, उसका एक हिस्सा काटकर, ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## केंद्र की महंगाई से जनता त्रस्त : सीएम चंपाई

### लोहरदगा में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत ने गुरुवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। इनके अतिरिक्त छह अन्य उम्मीदवारों ने लोहरदगा सीट से नामांकन किया। इनमें गिरिजा नंदन उरांव - बहुजन समाज पार्टी, ललित उरांव - बहुजन मुक्ति पार्टी, अर्जुन टोप्पो -आजाद समाज पार्टी, अर्पण देव भगत - निर्दलीय, रंजीत भगत - निर्दलीय, एतवा उरांव - निर्दलीय ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

वहीं सुखदेव भगत के नामांकन के अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई की मार इतनी हो गई है कि जनता इनके शासन से त्रस्त हो गई है। 2014 में महंगाई कम थी, सिलेंडर के दाम कम थे, युवाओं को रोजगार मिल रहा था, लेकिन यह झूठे वादे कर महंगाई कम करने और हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आए और उस समय से जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा इन्होंने आवास योजना का भी पैसा देना बंद कर दिया है। तब हम लोगों ने अबुवा आवास योजना लाया, तीन कमरा का मकान देने ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## कल्पना सोरेन गांडेय से और समीर मोहंती जमशेदपुर से प्रत्याशी घोषित



जमशेदपुर लोस सीट और गांडेय विधानसभा के लिए झामुमो ने गुरुवार को अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव में इंडी गठबंधन की ओर झामुमो प्रत्याशी होंगी, वहीं बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती को जमशेदपुर लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया है। यह जानकारी केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने दी है। गौरतलब है कि झामुमो राज्य के पांच लोकसभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस सात और राजद-माले एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। जमशेदपुर सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने के बाद इंडी गठबंधन ने भी सभी सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

**एक नजर**

## पीएम की सुरक्षा में चूक की जांच करने धनबाद पहुंचे एडीजी बाल-बाल बचे



**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक की जांच करने धनबाद पहुंचे एडीजी संजय आनंद लाटकर बाल-बाल बच गए। ऑफिस से बाहर निकल संजय आनंद लाटकर अपनी गाड़ी में बैठने जा रहे थे। इसी दौरान, उनकी गाड़ी अचानक से आगे बढ़ गई, गनीमत रही कि एडीजी व उनका गार्ड वाहन की चपेट में आने से बच गये। इसके बाद एडीजी आईजी की गाड़ी से रवाना हुए। बता दें, एक मार्च को सिंदरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक हुई थी। एडीजी इसी की जांच करने पीएमओ के निर्देश पर धनबाद पहुंचे थे। एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, सचिव डॉ मनीष रंजन व विशेष सचिव अंजनी कुमार मिश्रा पीएमओ के निर्देश पर पहुंचे थे।

**आजकल**




# घर आजा परदेसी तेरा वोट बुलाए रे...

### झारखंड के 1.70 लाख प्रवासियों को जाएगा कॉल व मैसेज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

'घर आजा परदेसी, तेरा वोट बुलाए रे', जी हां, चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से फोन पर संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में गुरुवार को श्रम विभाग के अफसरों के साथ बैठक की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न सिक्योरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## आयोग ने पीएम व राहुल के बयान पर जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष भाजपा के जेपी नड्डा और कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी कर 29 अप्रैल तक उनके स्टार कैंपनर के बयानों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही शिकायतों की प्रतिलिपि भी भेजी है। मोदी ने बांसवाड़ा में एक बयान दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि लोगों की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। उधर, राहुल ने कोट्टायम में कहा था कि भाजपा एक देश, एक भाषा और एक धर्म की बात कर रही है।

# 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

### 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान होगा। इसमें 6 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर अब मतदान तीसरे चरण में कराया जाएगा। मणिपुरी बाहरी सीट पर दो बार में मतदान कराया जा रहा है। इस बार इस सीट के एक हिस्से में मतदान होगा। दूसरे चरण में कुल 1202 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिसमें 1098 पुरूष, 102 महिला और 02 तृतीय लिंगी हैं। इस चरण में केरल के वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

**कुल 1202 उम्मीदवार हैं चुनाव मैदान में, इसमें 1098 पुरुष, 102 महिला और 02 तृतीय लिंगी शामिल**



**मतदाता :** इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5929 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 34.8 लाख पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

**इन राज्यों में मतदान**

केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर और त्रिपुरा की एक-एक सीट शामिल है। इसके अलावा मणिपुर में एक भाग मणिपुर बाहरी सीट का है। 2019 में इन 88 में से 52 सीटें भाजपा ने जीतीं थीं। वहीं कांग्रेस को 18 और शिवसेना और जदयू को चार-चार सीटों पर सफलता मिली थी। इसके अलावा 10 सीटें अन्य के खाते में गई थी। पिछले चुनाव में इन 88 सीटों पर कुल 70.09 फीसदी वोट पड़े थे।

**इंडिया**

# पवित्र बंधन से शक्ति प्रदर्शन बनतीं शादियां समाज के हित में नहीं



सुनील बादल

***शादी*** विवाह किसी भी परिवार के लिए पवित्र बंधन में बंधने का बहुत ही यादगार और खुशियों भरा त्योहार होता है जिसमें पारंपरिक गीतों और शहनाई की मीठी और दर्द भरी तान के साथ ढोल नगाड़े की जुगलबंदी एक तिलिस्मी प्रभाव उत्पन्न करते थे, जिसमें डूबकर सभी लोग एक अलग दुनिया में पहुंच जाते थे। पर आधुनिक विवाह अब डरावने बनते जा रहे हैं जिसमें सुरीला कुछ नहीं होता गीतों के बजाय फिल्मी गानों पर नाच होता है ढोल मंजिरों के जगह पर धरती कंपाने वाले डीजे होते हैं जिसका कर्कश संगीत हाईकोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन कर रात 10 बजे के बाद भी मनमाने ढंग से देर रात या पूरी रात बजता रहता है। जिससे बच्चों की पढ़ाई से लेकर बीमार और वृद्ध सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सबसे अधिक परेशानी होती है राजधानी रांची से लेकर हर छोटे बड़े शहर में जहां अपनी ही धुन में नाचते गाते बाराती और उनके आगे पीछे गाड़ियों की लंबी कतारें पूरे शहर से लेकर कस्बे गांव तक को परेशान कर देते हैं। ऐसे में कोई बीमार या घायल हो उसे देखने वाला कोई नहीं होता। यदि किसी ने कभी रोकने की कोशिश की तो नशे में झूमते लोगों से मारपीट की नौबत आ जाती है। इन्हीं सभी बातों पर ध्यान रखकर पंजाब में कोर्ट के आदेश के बाद सभी मैरिज हॉल को शहरी क्षेत्र से बाहर एनएच पर स्थापित कराया गया जहां न पार्किंग की समस्या होती है न शोर शराबे से लोगों की नींद हराम होती है। इस विकृति की जड़ में जाएं तो पता चलेगा कि विवाह संस्कार धीरे-धीरे शक्ति प्रदर्शन में बदलता चला गया और इसीलिए निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में भी व्यर्थ का दिखावा और अनावश्यक खर्च करने की प्रवृति बढ़ी है जिससे भ्रष्टाचार भी बढ़ा है और देखा देखी यह बुराई गांवों तक पहुंच रही है जहां कभी सादा जीवन उच्च विचार को सबसे सम्मानजनक नीति समझा जाता था जिसका आज मजाक उड़ाने वाले लोग शायद कुछ दिनों के बाद इसके पीछे के कारणों को समझेंगे जब दहेज हत्याएं और उससे जुड़ी हृदय विदारक घटनाएं उन्हें उद्वेलित करेंगी तब वे अघाए हुए पश्चिमी देशों के अशांत नागरिकों की तरह शांति की खोज में प्रकृति और गांवों की ओर या वैसी शांति देने वाले फाइव स्टार होटलों की तरफ भागेंगे।



शोर शराबे वाली शादियों में सबसे दुःखद यह भी होता है कि महंगाई और अभाव के कारण वर्षों बाद मिलने वाले पुराने मित्र या नाते रिश्तेदार भी चैन से बैठकर आपस में अपनी पुरानी यादें ताजा नहीं कर पाते और बहुत बार तो वर या वधू को देखे या आशीर्वाद दिए बिना लिफाफा या उपहार देने की औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं। इस प्रकार विवाह जहां उद्योग बनते जा रहे हैं वहीं मध्यमवर्ग या निम्नमध्यम वर्ग हों भावना का शिकार होकर बहुओं पर अत्याचार करते हैं या विवाह के पूर्व अच्छी बधू के बजाय सबसे अधिक पैसे लाने वाली लड़की की खोज में रहते हैं जिससे समाज में बुराइयों की बढ़ोतरी हो रही है और भारतीय सनातनी विवाह अपनी प्रतिष्ठा खो रहे हैं। मूलतः भारतीय शास्त्रों में जिन विवाहों की चर्चा है उसमें गंधर्व विवाह अग्नि संस्कार और अन्य अनेक संस्कारों की चर्चा है पर आज की तरह की दिखावा भारी राजसी शादियों या शोर शराबे की कहीं चर्चा नहीं है। विवाह में पटाखे मुगल काल में शुरू हुए और आजकल फिल्मों और सोशल मीडिया ने इसे और ग्लैमरस बना दिया है जो एक अंधी दौड़ है और पैसों के साथ सुख शांति की बबार्दी भी। हम सभी को बैठकर इस पर जरुर विचार करना चाहिए कि जो बहुमूल्य धन या मेहनत की कमाई हम पटाखों और शोर शराबों के अलावा व्यर्थ के दिखावे में खर्च करते हैं यदि उसे नव दंपति को उपहार में दे दें तो उनका भविष्य सुरक्षित और आसान हो जाए। अनेक उदाहरण हैं जब धूमधाम से शादी के बाद वर वधू के बीच अनबन या अशांति इस बात को लेकर हुई कि घर कैसे चले क्योंकि फिल्मों या धारावाहिकों में चमकती जिंदगी और धरातल की सच्चाई में बहुत अंतर होता है।

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन अलर्ट



### रोकथाम के लिए चला विशेष अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों (मुर्गा) के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि हो गयी है। इसके बाद होटवार सहित प्रभावित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य गुरुवार से कर दिया गया। रांची जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### गिरिडीह : सिलेंडर विस्फोट में पांच लोग झुलसे

**गिरिडीह।** नगर थाना इलाके के बजरंग चौक के पास गुरुवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। सिलेंडर फटने से पांच लोग घायल हो गए। घायलों में अमन गुप्ता, अनिल गुप्ता, मंजू देवी, डॉली सलूजा और हर्ष सलूजा शामिल हैं। घायलों में से तीन का इलाज विश्वनाथ नर्सिंग होम तो दो लोगों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। बताया जाता है कि पंजाबी मुहल्ला निवासी डोली सलूजा और उनका पुत्र हर्ष सलूजा शाम छोटे वाले गैस सिलेंडर में गैस भराने के लिए शहर के बजरंग चौक स्थित एक दुकान पहुंचा था। लेकिन गैस रिफिलिंग करने के दौरान अचानक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। इस घटना में दो महिला समेत पांच लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। घटना के बाद इलाके में अपरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### खूंटी लोकसभा सीट से सुबोध पूर्ति ने किया नामांकन

**खूंटी।** झारखंड उलगुलान संघ के समर्थन पर स्वतंत्र उम्मीदवार सुबोध पूर्ति ने गुरुवार को खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रदिखल करने के बाद सुबोध पूर्ति ने मुरहू प्रखंड के मुंडा कुंजला में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशी सुबोध पूर्ति ने कहा कि आम चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों ने हमेशा से आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं और जन आकांक्षा तथा मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम किया है। पूर्ति ने कहा कि इस आम चुनाव में झारखंड उलगुलान संघ की अगुवाई में आदिवासी हित के लिए एकजुट होकर दबाव बनाना होगा, वरना आनेवाले समय में हम आदिवासियों का अस्तित्व, अस्मिता पहचान, संस्कृति, परंपरा, व्यवस्था और जल, जंगल, जमीन के अधिकार को समाप्त कर दिया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय चुनाव कार्यालय के प्रभारी की जिम्मेवारी रतन मुंडा को सौंपी गई।

### कुएं में गिरने से किशोरी की मौत

**खूंटी।** जरियागढ थाना क्षेत्र के नगडा गांव निवासी संजय गोप की पुत्री दीपिका कुमारी (14) की मौत कुएं में गिरने से हो गई। जानकारी के अनुसार दीपिका कुमारी अपने नाना शिवाजी गोप के घर नगडा गांव में शादी समारोह में शामिल होने अपने घर रेगरे छोटका टोली से आई थी। बुधवार को खाना खाने के बाद वह खेत तरफ गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर घरवाले उसकी खोजबीन करने लगे, तो उन्हें लोगों ने बताया कि दीपिका खेत तरफ गई हैं। स्वजन जब उधर ये, तो कुएं में दीपिका के शव को देखा। उसे बाहर निकाला गया, पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

---

**एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में 'एमिफोरिया 2024' का हुआ आयोजन**

# तकनीक की सफलता उसकी क्षमता में निहित : मुकेश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**
एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में वार्षिक उत्सव एमिफोरिया 2024 के दूसरे दिन गुरुवार को कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम रोजगार और कौशल विकास विभाग के प्रभारी सचिव मुकेश कुमार थे। कार्यक्रम के दौरान मुकेश कुमार ने विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा 'अनुसंधान, नवाचार और विचार सृजन' पहल के लिए विकसित तकनीकी मॉडल की बारीकी से जांच की। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी तकनीक की सफलता उसकी क्षमता में निहित है। उन्होंने छात्रों को अनूठे और नवीन विचारों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि नवाचार तभी हो सकता है, जब तकनीकी और वित्तीय व्यवहार्यता हो।




एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव ने कैंपस मैं छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया और एमिफोरिया 2024 में छात्रों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेने एवं उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उत्सव के दूसरे दिन अकादमिक समुदाय ने 'डांसर्स ड्रीम', 'टेक स्पेक्ट्रम और इनोविजन' सहित विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। परिसर के भीतर बैडमिंटन जैसी कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। इसके अलावा, झारखंड सशस्त्र पुलिस ग्राउंड पर बास्केटबॉल, क्रिकेट और फुटबॉल खेल का आयोजन हुआ। दूसरे दिन का समापन प्रसिद्ध डीजे और संगीतकार टेरी मिको द्वारा डीजे नाइट के साथ हुआ।

---

**बांग्लादेश के वाणिज्यिक सचिव की चैंबर के साथ बैठक**

## बांग्लादेश-झारखंड के बीच निवेश की संभावनाओं पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश के कोलकाता स्थित वाणिज्यिक सचिव शमसुल आरिफ की झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ गुरुवार को बैठक हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बांग्लादेश के वाणिज्यिक सचिव का स्वागत करते हुए झारखंड और बांग्लादेश के बीच आपसी व्यापार को बढ़ावा देने की पहल के लिए उनका आभार जताया। बैठक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए सुझावों का आदान-प्रदान किया गया। किशोर मंत्री ने बांग्लादेश और झारखंड के स्थानीय व्यापारी और उद्यमियों के बीच वृहद स्तर पर बी-टू-बी मीटिंग को जरूरी बताया। बांग्लादेश के वाणिज्यिक सचिव शमसुल आरिफ ने झारखंड में औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए तैयार अनुकूल माहौल की प्रशंसा की और बांग्लादेश में निवेश के लिए झारखंड के उद्यमियों को आमंत्रित करने की पेशकश की। उन्होंने बांग्लादेश से चावल, कपास, ऑटोमोबाइल, मसाले, दवा जैसे जरूरी वस्तुओं के निर्यात की जानकारी दी और अन्य संभावित सेक्टर में निवेश के लिए इच्छुक उद्यमियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

---

### बच्चों के पठन-पाठन को सुदृढ़ बनाने के लिए अपनी भूमिका तय करनी होगी : सुमन

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के आरसी प्राथमिक विद्यालय सेमला सहित विभिन्न विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई।आरसी प्राथमिक विद्यालय सेमला में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान चुनाव आचार संहिता के कारण संयोजिका का चयन नहीं किया जा सका। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और अभिभावकों ने सर्वसम्मति से चुनाव आचार संहिता के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति को भंग करने तथा नए सिरे से विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संयोजिका का चयन चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद कर लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता विशेष आमंत्रित अतिथि समाजसेवी सुमन साहु ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बेहतर संचालन के लिए अभिभावकों को विद्यालय में समय देना होगा।

# वोट कर ही लोकतांत्रिक सरकार बनाई जा सकती है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के फादर सी. डिब्रावर ऑडिटोरियम में जिला निर्वाचन कार्यालय व इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब, राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की विशेष मौजूदगी रही। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा, एसजे व निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची जिला के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि आज के युवा वर्ग अगर इस महापर्व में भाग नहीं लेंगे, तो संविधान के उद्देश्य के अनुसार




लोकतांत्रिक सरकार नहीं बन पाएगी। कहा कि वोट कर दूसरों को वोट करने के लिए प्रोत्साहित करें, रांची जिला को वोट करने के लिए सर्वश्रेष्ठ सम्मान मिले। कार्यक्रम में उपस्थित रांची जिला स्वीप के नोडल पदाधिकारी व डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव ने वहां पर मौजूद विद्यर्थियों को बताया कि मतदान करना कितना आवश्यक है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व रांची जिला के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने कहा कि जो 18 वर्ष की उम्र के हो गए हैं, वैसे प्रत्येक नागरिक को वोटर आईडी बनवा लेना चाहिए। मतदान कर युवा वर्ग ही भारत के भविष्य को गढ़ और संवार सकते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा, एसजे ने रांची जिला निर्वाचन कार्यालय व पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्यालय ने हर तरह के प्रशिक्षण व वोटर कार्ड बनाने से लेकर मतदान करने क्रियाविधि को समझाया है।

### सभी बीएलओ मतदाता पर्ची समय सीमा के पूर्व वितरण करना सुनिश्चित करेंगे : उषा मिंज

**लापुंग।** सभी बीएलओ मतदाता पर्ची को समय सीमा के पूर्व घर घर जाकर वितरण करना सुनिश्चित करेंगे उक्त बातें लोकसभा निर्वाचन को लेकर लापुंग प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने मतदाता पर्ची का वितरण करने के दौरान बीएलओ को संबोधित करते हुए कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज एवं अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने बीएलओ के बीच गुरूवार को मतदाता पर्ची का वितरण किया। प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान मतदाता पर्ची को समय सीमा के पूर्व घर घर जाकर बीएलओ मतदाता पर्ची का वितरण करने का निर्देश दिया गया। लापुंग प्रखंड में सभी 65 बूथों में बूथ लेबल पदाधिकारी के माध्यम से घर घर वितरण किया जाएगा। अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि शत प्रतिशत मतदाता को चुनाव में मतदान कराने के लिए जागरूक करने के लिए मतदाता को जागरूक करना होगा। मतदाता पर्ची में किसी तरह की त्रुटि होने पर सुधार का आवेदन भी लिया जाएगा।

---

**सरसों के क्षेत्रफल व उत्पादकता में वृद्धि के लिए हुई बैठक**

## 6 वर्षों में सरसों के क्षेत्रफल में 216 प्रतिशत की वृद्धि : डॉ पीके राय




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
**रांची।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची के सभागार में गुरुवार को सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान ने झारखंड में सरसों फसल के क्षेत्रफल में वृद्धि पर परियोजना के संबंध में एक बैठक की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी, पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह शामिल हुए। सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान के निदेशक डॉ पीके राय के साथ निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ एके शर्मा एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके के वैज्ञानिक डॉ सोहन राम विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने की। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के 15 जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख भी शामिल हुए। बैठक का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ पीके राय ने बताया कि वर्ष 2017-18 में झारखंड के पांच जिलों में सरसों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए योजना की शुरुआत की गई थी, जिसके परिणाम स्वरूप विगत 6 वर्षों में राज्य में सरसों के क्षेत्रफल में 216 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

# चैम्प स्क्वॉयर के बच्चों ने सूबे का नाम किया रोशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। शहर के चैम्प स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में अप्रतीम सफलता अर्जित की। चैम्प स्क्वॉयर के विद्यार्थी ने 100 परसेंटाइल लाकर झारखंड में इतिहास रच दिया है। पूरे भारत में सिर्फ 56 बच्चों को 100 परसेंटाइल आया है, इसमें से प्राजंल भी एक है। उनका ऑल इंडिया रैंक 30 आया है, जो कि एक माइलस्टोन है। छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। चैम्प स्क्वॉयर की आयुषि ने ऑल इंडिया रैंक 776 लाकर चैम्प स्क्वॉर और रांची को गौरवान्वित किया है। कुल 362 विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा, 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। सफल विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों



एवं चैम्प स्क्वॉयर में कार्यरत सभी शिक्षकेतर कर्मियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है। उनका मानना है कि चैम्प स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा। इस संस्थान ने बारहवीं पास बच्चों का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है। अब उनका लक्ष्य जेईई मेन का दूसरा सेशन एवं एडवांस की तरफ है। पिछले कई वर्षो के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है, उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत 95 रहा है। छात्रों का कहना है कि शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। संस्थान के सभी निदेशकों ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैम्प स्क्वॉयर का गौरव बढ़ाया है।

---

**इतिहास बनकर रह गया खलारी का सीमेंट कारखाना**

# 40 के दशक में एसीसी ने किया था स्थापित

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
जिस सीमेंट कारखाना से कभी खलारी की पहचान थी, वह अब इतिहास बनकर रह गया है। गत शताब्दी के अस्सी के दशक के शुरूआत के वर्षों में कोयला उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के बाद ही लोग खलारी को कोयला के लिए ज्यादा जानने लगे। गत शताब्दी के 40 के दशक में एसोसिएटेड सीमेंट कंपनी (एसीसी) ने तत्कालीन बिहार में खलारी, झीकपानी व सिन्दरी में तीन सीमेंट कारखाने की स्थापना की थी, उनमें पहला खलारी का सीमेंट कारखाना था। वर्ष 1990 में एसीसी ने देश में अपने तीन सीमेंट कारखानों को बेचने का निर्णय लिया और दुर्भाग्य से उनमें एक खलारी सीमेंट कारखाना भी शामिल था। खलारी सीमेंट कारखाना कोलकता के फ्रेजर इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (एफआईएल) को बेच दिया गया। उसी समय से खलारी सीमेंट



कारखाना के साथ यहां के 461 कामगारों का भविष्य भी संकट में आ गया। कंपनी का नाम एफआईएल से एचएमपी लिमिटेड कर दिया गया। 15 मई 1991 को एचएमपी लिमिटेड ने कोलकता के ही एक अन्य कंपनी लेमोस सीमेंट लिमिटेड को खलारी सीमेंट कारखाना बेच दिया। नई कंपनी कामगारों के वेतन भुगतान में सीमेंट वेजबोर्ड समाप्त करने का षड़यंत्र करना शुरू कर दी। कामगारों को कमजोर करने और उनका मनोबल तोड़ने के लिए 10 अक्टूबर 1994 को खलारी सीमेंट कारखाने में तालाबंदी कर दिया गया। 13 महीने तालाबंदी के बाद 13 नवंबर 1995 को कारखाना फिर से खोल दिया गया। परंतु इसबार कामगारों के वेतन में 20 प्रतिशत की कटौती कर दी गई। अगले 40 महीने तक इंक्रीमेंट रोक दिया गया। अगस्त 1997 से रांची के ही एक उद्योगपति खलारी सीमेंट कारखाना के मालिक बन गए। कंपनी का नाम लेमोस सीमेंट लिमिटेड ही रहा। इस समय तक काफी कामगार या तो सेवानिवृत हो गए थे या इस्तीफा दे दिए थे।

### प्रोजेक्ट विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

**सिल्ली।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय सिल्ली में गुरुवार को मैट्रिक की परीक्षा (जैक बोर्ड ) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, लुपुंग पंचायत मुखिया सीमा कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, प्रभारी पधानाध्यापिका विनीता कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुष्प गुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें जिया कुमारी साहु 94.20 प्रतिशत, भवानी कुमारी गोराई 92.80 प्रतिशत , लक्ष्मी कुमारी 91.80 प्रतिशत, वैष्णवी कुमारी 88.20 प्रतिशत, मनीषा कुमारी 87.60 प्रतिशत, अनुपमा महादानी एवं प्रियंका चौधरी 86.60 प्रतिशत, श्रीया कुमारी 83 प्रतिशत, प्रियंका कुमारी 81 प्रतिशत, दीपाली चौधरी एवं उमा कुमारी सिंह 80.80 प्रतिशत तथा मोनिका कुमारी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

## उसुर्लाइन कान्वेंट की वरिष्ठ शिक्षिका सिस्टर लूसिया को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी की वरिष्ठ शिक्षिका सह सुपीरियर सिस्टर लूसिया को उनके सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई दी गई। इस लेकर स्कूल में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालय में उनके योगदान को याद किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान प्राचार्या अत्यंत भावुक हो गई तथा रुंधे गले से अपने संदेश को पूरा किया। सिस्टर लूसिया ने अपने संदेश में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार प्रकट किया तथा कुछ पुरानी यादें साझा की। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी भावुक हो गए तथा सिस्टर लूसिया के उज्जवल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। जानकारी दी गई कि सिस्टर लूसिया अब डाल्टनगंज में उसुर्लाइन समाज के ज्योति हास्टल में हास्टल इंचार्ज के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रतिनिधि रोजी मगदली टोप्पो व मुकेशकुमार सिंह ने किया।

---

## न्यूज बॉक्स

### पायलट दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**रांची ।** विश्व पायलट दिवस के अवसर पर हर साल 26 अप्रैल को मनाया जाता है। इसी अवसर पर इंडिगो एयरलाइंस पूरे भारत में सभी एयरपोर्ट पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रही है। पायलट दिवस के अवसर पर इंडिगो एयरलाइंस के द्वारा रांची एयरपोर्ट पर मेदांता हॉस्पिटल के साथ मिलकर बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 4 डॉक्टर आये थे। जिसमें दंत चिकित्सक डॉ.रवि रौशन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमूल्य स्वाति, आहार विशेषज्ञ डॉ.अलका आनंद, चिकित्सक डॉ.प्रतिमा शामिल हुए, जबकि इंडिगो की टीआरएफ से एयरपोर्ट मैनेजर मोहित आहूजा, सुरक्षा प्रबंधक अर्नब बनर्जी, अभिषेक कुमार, सहायक सुरक्षा प्रबंधक सम्यक चक्रवर्ती, सहायक प्रबंधक एओसीएस अंकित गुप्ता, सुधांशु शेखर के साथ पूरी रांची इंडिगो स्टाफ मौजूद थे।

### एसआर डीएवी पुंदाग के विद्यार्थियों ने लहराए सफलता के परचम

**रांची।** एसआर डीएवी पुंदाग के विद्यार्थियों ने एनटीए द्वारा आयोजित जेईई मेन में बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। निश्चल कुमार सिंह ने 99.57, रनश सिन्हा ने 96.86, श्रृष्टि श्रेया ने 96.66, ऑस्टिन रोजर्स ने 95.43, संचित अर्क ने 95.04, सोनू राज ने 94.24, सोनू कुमार सिंह ने 93.98 संकित विश्वकर्मा ने 93.89, शुभम सिंह ने 85.85, आकाशदीप सिंह ने 84.16, प्रियांशु कुमार ने 85.04, सार्थक सौंदर्य ने 83.60, पीयूष पटेल ने 81.39 तथा देवी प्रसाद विश्वास ने 80.83 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। सभी सफल विद्यार्थियों के हौंसले बुलंद हैं। ये सभी भविष्य में होनेवाली जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए उत्साहित हैं। प्राचार्य एसके मिश्र ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों ने अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। सफलता अवश्य ही उनके कदम चूमेगी।

### भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



**मांडर ।** प्रखण्ड स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के तत्वावधान मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गुरूवार को महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गाँव करकरा के अलावा पुनगी आदि गावों मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शैक्षणिक सचिव दीपाली परासर के निर्देशन मे यह रैली निकाली गई। इसमें मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। यह रैली उक्त गावों से होते हुए माण्डर प्रखण्ड तक ले जाया गया, जहाँ पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार उपस्थित थे । मौके पर बोलते हुए मंनोरंजन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी आवश्यक है। यदि लोग अपनी भागीदारी व जवाबदेही सुनिश्चित करेगें तो निश्चित ही देश मे लोकतंत्र मजबूत होगा। इस दौरान गग्रामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिये। और आगामी 13 मई को हाने वाले चुनाव मे बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील की। इस रैली मे बी.एड. , डी.एल.एड, फामेर्सी , जी.एन.एम. एव बी.एस.सी. नर्सिंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस रैली मे प्रखण्ड द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर नितेश कुमार पाठक निहारिका श्रीवास्तव, क्रिस्टीना किस्कु, अराधना जैकब, इत्यादि एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी इमरोज भी सम्मिलित हुए।

### शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करती है : डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** बीते दिन पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने मांडर प्रखंड अंतर्गत सोसई आश्रम में युवाओं को यूपीएससी, जेपीएससी, जेएसएससी, बीपीएससी, एसएससी एवं अन्य प्रतियोगिता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सामर्थ्य और स्वाधीनता को बढ़ावा देने के लिए इसे एक महत्वपूर्ण उपाय माना है। इसके माध्यम से बच्चे नए अनुभव प्राप्त करते हैं और अपने क्षमताओं का परीक्षण करते हैं। डॉ परमेश्वर भगत ने बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को कहा कि शिक्षा हमारी तीसरी आंख है जो दुनिया को दिखाती हैं और आपका व्यक्तित्व को निखारती है। जितना उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे उतना आप काबिल होंगे। उन्होंने बच्चों को कहा कि उच्च शिक्षा उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकती है। मौके इन्टर, स्नातक एवं स्नाकोत्तर के बच्चो भी उपस्थित थे।
निरीक्षण में बंद पाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण में पहुंचे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार



**सिल्ली।** सिल्ली डीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार औचक निरीक्षण में पहुंचे। जहां उन्होंने ताला बंद पाया। सरकार द्वारा गांव में ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पुराना नाम हेल्थ एडं वेलनेस सेंटर) खुद ही बीमार होकर रह गए हैं। इन मंदिरों के रोज खुलने और मरीजों के पहुंचने का दावा तो स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर करते हैं, लेकिन यह दावा महज कागजी है। जब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी औचक निरीक्षण में पहुंचे तब देखने को मिला। यह आरोग्य मंदिर अस्थायी तौर पर लुपुंग पंचायत भवन में चल रहा है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थान पर सभी स्टाफ अनुपस्थित पाए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### लापरवाही के कारण 24 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित

**सिल्ली।** सिल्ली मैंन रोड महावीर चौक के समीप बिजली तार पर पेड़ की डाली गिर जाने के कारण सिल्ली का एक भाग में पिछले 24 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहा। जिससे सिल्ली स्टेशन रोड, लोवापीडी, लुपुंग आदि के उपभोक्ता गर्मी से परेशान रहे। विभाग को सूचना देने के बाद भी इस पर कोई कार्य नहीं किया गया। दूसरे दिन गुरुवार को सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक तथा लुपुंग पंचायत मुखिया सीमा कुमारी गोंझु के पहल से डाली को हटाया गया।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आज तक का समय





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए 26 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए एक दिन का समय है। गुरुवार सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। इसमें 118 नए मतदाता फॉर्म लेकर गए। शुक्रवार को भी सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा। जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं, वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट की फोटो के साथ शुक्रवार तक एक फॉर्म भर सकते हैं।

# इक्फाई विवि में सद्भाव के महत्व पर कार्यशाला 4 मई से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड आगामी 4 और 5 मई को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। इसका विषय 'सद्भाव के माध्यम से उत्कृष्टता को सशक्त बनाना, कार्य में प्रेम और स्वतंत्रता' है। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को सद्भाव बनाने और बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस करना है। कुलपति प्रो (डॉ) रमन कुमार झा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तियों को सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन और रणनीतियां प्रदान करना है। कार्यशाला के संयोजक डीन (छात्र कल्याण), डॉ एस चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के पांच मार्गदर्शक स्तंभों - पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही - को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। डॉ चौधरी ने बताया कि गहरी बातचीत में शामिल होकर - ऐसी बातचीत जो सीमाओं को आगे बढ़ाती है, जिज्ञासा जगाती है और समझ को बढ़ावा देती है - हम अधिक प्रभावशीलता के लिए अपनी सहज क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। ये बातचीत न केवल हमारे भीतर, बल्कि हमारे रिश्तों, कार्यस्थलों और समुदायों में भी परिवर्तनकारी परिवर्तन को खोलने की कुंजी रखती है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के लिए डायमेंशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक शिक्षाविद 2 मई तक पंजीकरण कराके इस कार्यशाला में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी 7257004502, 7257004503 पर संपर्क कर सकते हैं। डीन (अकादमिक) प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं समय की मांग हैं।

## सुप्रभात रांची



रांची में नागरिक सुविधाओं के नाम पर हालात हर जगह कमोवेश एक जैसे हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में किसी स्टेट ऑफ आर्ट संरचना की बात तो दूर, मौलिक नागरिक सुविधाओं की भी कमी है। अतिक्रमण के साथ ही टूटी-फूटी सड़कें हैं। ड्रेनेज व्यवस्था ध्वस्त है। साफ-सफाई व स्ट्रीट लाइट की स्थिति भी दयनीय है। रांची में स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया की भी स्थिति अच्छी नहीं है। सतत विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है और इससे औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है। यातायात भी सुव्यवस्थित नहीं है। इससे बाहर से आनेवाले लोगों के बीच हमारी राजधानी की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। राज्य में बाहरी निवेश बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है।

आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष, एफजेसीसीआई

## शातिर ठग गिरफ्तार 1.74 लाख रुपये बरामद

**रांची।** रांची के लालपुर थाने की पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। वह अपने आप को कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। शातिर ठग का नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव है। इसके पास से एक लाख 74 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही, इसके पास से तीन मोहर, जिस पर कृषि निदेशक झारखंड, जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद और जिला योजना पदाधिकारी धनबाद लिखा है, बरामद किया है। इसके अलावा, अलग-अलग व्यक्ति के आधार कार्ड, सात पासबुक, 10 खाली चेक तथा चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

## तस्कर गिरफ्तार, 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

**रांची।** रांची। रांची के सदर थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम अभिषेक जायसवाल है। इसके पास से 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन बरामद किया गया है।एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देश एवं सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर बांधगाड़ी स्थित मंदिर के पीछे मिलन चौक से एक व्यक्ति को पकड़ा। जांच के क्रम में उसके पॉकेट से छोटी-छोटी पुड़िया में ब्राउन शुगर को बरामद किया गया।

### गर्मी में बिरसा मुंडा बस स्टैंड पर यात्रियों का हाल-बेहाल

# ना पीने का पानी, ना पंखे की सुविधा

*प्यास लगने पर खरीद कर पीना पड़ता है पानी*

*गर्मी के कारण एकमात्र प्याऊ से मिलता है गर्म पानी*

**अमित कुमार। रांची**
राजधानी रांची के कांटाटोली स्थित बिरसा मुंडा बस टर्मिनल का निर्माण इस तरह किया गया था कि यह न केवल रांची की शान बने, बल्कि यात्रियों को सारी सुविधाएं भी मिले। लेकिन, भव्य और आधुनिक स्वरूप में निर्मित बिरसा मुंडा बस टर्मिनल की हालत आज एकदम खस्ता है। यहां आज यात्रियों के लिए न तो पेयजल की अच्छी सुविधा है, और न ही गर्मी झेल रहे लोगों के लिए पंखे की। इस भीषण गर्मी में बस स्टैंड में बैठे यात्रियों का हाल-बेहाल है। जानकारी के अनुसार बिरसा मुंडा बस टर्मिनल से रोजाना लोकल और दूसरे राज्यों के लिए 500 बसें चलती हैं। ऐसे में 40 हजार से अधिक यात्रियों का रोजाना आवागमन होता है। इधर, रांची में गर्मी अपने चरम पर है। ऐसे में बिना पीने के पानी और पंखे के बस का इंतजार करना आसान नहीं है। प्यास लगने पर पानी खरीद कर पीना पड़ता है। जिनके पास पैसे हैं, उनके लिए तो ठीक है, लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं, जो पीने के लिए बार-बार पानी की बोतल नहीं खरीद सकते हैं। इन लोगों के लिए बस टर्मिनल में बना एकमात्र प्याऊ उपलब्ध है, जो स्टैंड संख्या-1 में है। खास बात यह कि इस टंकी से जो पानी मिलता है, वह गर्मी के कारण इतना गर्म होता है कि उसे पीना संभव नहीं हो पाता है। वहीं, लोग यह भी बताते हैं कि इस टंकी की आज तक सफाई भी नहीं हुई है।

### रात्रि पड़ाव संभव नहीं

**बस स्टैंड के ऊपर यात्रियों को ठहरने के लिए होटलों के समान सुविधा दी गई है। लेकिन, यह सुविधा काफी मंहगी होने की वजह से आम लोगों के लिए संभव नहीं है कि वे यहां ठहरें। यहां एक रात का किराया 1200 रुपये से अधिक है, जिसमें जीएसटी शामिल है। खाने-पीने के लिए फूड प्लाजा है, लेकिन भोजन-नाश्ते की कीमत किसी महंगे रेस्टोरेंट से कम नहीं है।**



### रैन बसेरे की ओर नशेड़ियों का लगता है जमघट

यदि किसी यात्री को निशुल्क रात्रि विश्राम करना है, तो उसके लिए नगर निगम की ओर से महिला और पुरुष के लिए 50-50 बेड का रैन बसेरा बनाया गया है। इसमें बेड के साथ तकिया, चादर, पंखा तथा साफ सुथरे शौचालय की व्यवस्था है। रात के समय किसी महिला या पुरुष को रैनबसेरा की जरूरत होती है, तो स्टैंड में मौजूद सुरक्षा गार्ड उन्हें ले कर जाते हैं। लेकिन, रैनबसेरा की ओर जाने का रास्ता अंधेरा और सुनसान होता है। वहां पर नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना रखा है। इन वजहों से महिलाओं के लिए निर्मित रैन बसेरा अधिकांश समय खाली ही रहता है।

### साफ-सफाई का नहीं रखा जाता ख्याल

बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के काफी बड़े क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा रहता है। गंदगी के कारण बदबू भी आते रहती है। साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक साल ठेकेदार को अपनी आय का दो प्रतिशत खर्च करने का प्रावधान है, लेकिन व्यवस्था देखकर तो यह नहीं लगता है कि ऐसा हो रहा है।

### चालक विश्राम गृह का शौचालय रहता है गंदा

50 लाख रुपये की लागत से निर्मित चालक विश्राम गृह में 100 से अधिक दो मंजिल में बना बेड है। यहां पर चालकों के लिए महज 50 रुपये में सोने की व्यवस्था की गई है। लेकिन, वहां शौचालय की गंदगी और बदबू के कारण चालक अच्छी तरह से नींद नहीं ले पाते हैं।

> बस स्टैंड के ठेकेदार सहित नगर निगम को कई बार बेहतर व्यवस्था को लेकर सूचित किया गया है। लेकिन, कोई बदलाव आज तक नहीं हुआ है।
>
> पंकज द्विवेद्वी, अध्यक्ष, झारखंड मोटर मजदूर यूनियन।

> गंदगी, पीने का पानी और खराब पड़े पंखे को दुरुस्त करने के लिए एजेंसी को इत्तला कर दिया जाएगा। रैन बसेरा में काफी लोग रहते हैं, वहां जाने के लिए लाइट लगी हुई है।
>
> अमित कुमार, प्रशासक, रांची नगर निगम।

## न्यूज बॉक्स

### सरला बिरला के छात्रों का जेईई मेन्स अप्रैल-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची ।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेईई मेन - 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, धैर्य पांडे ने 98.9870230 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अपूर्बो रॉय ने 98.8447182 पर्सेंटाइल, आयुष राज यादव ने 98.7884367 पर्सेंटाइल, बुट्टा नागा वेंकट कृष्णा ने 97.9357413 पर्सेंटाइल, आर्यमान कुमार ने 97.6370999 पर्सेंटाइल, तीर्थ श्रेष्ठ 96.7736114 पर्सेंटाइल, शिवम मिश्रा 96.6872740 पर्सेंटाइल, सुधांशु कुमार 96.3091710 पर्सेंटाइल, रणवीर राज 95.9133237 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद 95.4146232 पर्सेंटाइल, भूमि केशरी 95.3957983 पर्सेंटाइल, प्रवु समर्पिता नायक 93.9703785 पर्सेंटाइल, आकर्ष कुमार सिंह 92.6028770 पर्सेंटाइल और सौरभ तिवारी ने 92.4346213 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। प्राचार्या परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। कुछ का आंशिक समापन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल- पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं, दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं, यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है। ट्रेन नंबर 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक मई से 30 जून व ट्रेन नंबर 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन का 30 अप्रैल से 29 जून तक विस्तार किया गया है।

### रांची समर्पण शाखा ने बच्चों के बीच किया खेलकूद का आयोजन




**रांची।** 'हर बच्चा स्वस्थ' सप्ताह ('एवरी किड हेल्दी' वीक, 22 से 26 अप्रैल 2024) कार्यक्रम के तीसरे दिन रांची समर्पण शाखा ने राणी सती विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद का आयोजन किया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के इस कार्यक्रम में बोरा दौड़, किताब नियंत्रण दौड़ और चमच्च-अंटा दौड़ हुई, जिसमें विजताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद बच्चों के बीच ताजे फल और जूस का वितरण किया गया। इस कार्य में विद्यालय प्रबंधक ने साथ दिया और इसके लिए शाखा सचिव शुभा अग्रवाल ने उन्हें धन्यवाद दिया । विद्यालय प्रबंधक ने भी शाखा के कार्य की सराहना और प्रशंसा की।

### बिरसा शिशु मंदिर भिट्ठाटोली सिमलिया में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**रांची।** रातू के दलादली चौक के समीप स्थित बिरसा शिशु मंदिर विद्यालय सिमलिया में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 15 वर्ष तक की आयु के बच्चे शामिल हुए। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भिन्न भिन्न प्रकार की उपयोग में आने वाली स्वनिर्मित वस्तुओं को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बच्चे के अभिभावक भी इस तरह की प्रदर्शनी देख काफी प्रभावित हुए और इच्छा जाहिर की कि इस तरह की प्रदर्शनी प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित होती रहे। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक महतो ने कहा, अपने विद्यालय में इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी मेला आयोजित कर मैं काफी उत्साहित हूं। हमारी कोशिश होगी कि विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बच्चे प्रतिभागी बनें, जिससे बच्चों की प्रतिभा सामने आ सके। विद्यालय की ओर से अतिथियों को गुलदस्ता, अंग वस्त्र के साथ मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

### तंबाकू सेवन से स्वयं को दूर रखें : डॉ. मनोज

**रांची।** प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में मारवाड़ी कॉलेज की एनएसएस इकाई और आईक्यूएसी सेल ने एक निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप और ओरल कैंसर अवेयरनेस पर दो दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें गुरुवार को रिम्स डेंटल कॉलेज से डॉ शश्वात एवं टीम, रांची कैंसर केयर फाउंडेशन से नीरज कौशिक, तथा नेशनल टोबैको कंट्रोल से सतीश कुमार मौजूद रहे। शिविर में 200 से अधिक छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ ने अपनी जांच करवाई, जिनमें से कुछ बच्चों को विशेष जांच के लिए रिम्स भी बुलाया गया। शुक्रवार को भी शिविर दिन में 10:30 बजे से 1:00 बजे तक इग्नू ऑफिस के समीप लगेगा। इच्छुक विद्यार्थी, स्टाफ एवं उनके परिजन तथा मारवाड़ी कॉलेज द्वारा गोद लिए गए मधुकम बस्ती में रहने वाले लोग इसका लाभ ले सकते है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने आईक्यूएस और एनएसएस के सदस्यों का धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यार्थी ऐसे शिविर का लाभ लें। साथ ही, अपने दैनिक जीवन में किसी भी प्रकार की खराब आदतों से बचें।

## जेईई मेन में डीपीएस रांची की तमन्ना बनीं गर्ल्स स्टेट टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अद्भुत प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस रांची के छात्रों ने एकबार फिर ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 (फाइनल) में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर तमन्ना कुमारी 99.9822380 परसेंटाइल के साथ जेईई मेन में गर्ल्स स्टेट टॉपर बनीं एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। डीपीएस रांची से जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई करने वाले छात्रों की संख्या सबसे अधिक है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में डीपीएस रांची के 19 छात्रों ने 99 एवं उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया है। 63 से अधिक छात्रों ने 95 एवं उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं। 200 से अधिक छात्रों को 90 और उससे अधिक परसेंटाइल मिला है। साथ ही, डीपीएस रांची के अधिकतम छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ राम सिंह अत्यंत हर्षित एवं अभिभूत दिखे। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने जेईई एडवांस में सफलता के लिए छात्रों को शुभकामनाएं भी दी।

## मारवाड़ी महाविद्यालय में भी स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका दिया जाए : विशाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की मारवाड़ी महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ तरुण चक्रवर्ती को स्कॉलरशिप से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए विशाल यादव ने मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू से कहा कि अन्य सभी महाविद्यालय में सेमेस्टर-1 के आधार पर यूजी सत्र 2022-26 के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका दिया जा रहा है। परंतु, मारवाड़ी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को इससे वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने डीएसडब्ल्यू तरुण चक्रवर्ती से कहा कि मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी सेमेस्टर वन के आधार पर स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का मौका दिया जाए। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार तक का समय मांगा है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से विशाल कुमार यादव, गुंचा कमर, साहिल कुमार, निष्ठा अंशु, मनस्वी जायसवाल, विशिष्ट राज गुप्ता, कमलेश साहू सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### मांडर महाविद्यालय में राशि की हेराफेरी मामले में कार्रवाई करें कुलपति : आजसू

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें मांडर महाविद्यालय मे 68.59 लाख रुपये की हेराफेरी के मामले से अवगत कराते हुए उन्हें मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए रांची विश्वविद्यालय छात्र आजसू इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से कहा, 68.59 लाख रुपये छात्र-छात्राओं से लिए गए, लेकिन वह महाविद्यालय के रिकॉर्ड में नहीं है। एक ही नंबर के दो-दो चालान कैसे छपे, महाविद्यालय के नए कैशबुक में भी भारी अनियमितता दिखाई देती है। डेली कलेक्शन रजिस्टर पर भी प्राचार्य का हस्ताक्षर नहीं है।



मनी रसीद जारी करने के लिए कभी भी कॉलेज के प्राचार्य द्वारा इसे प्रमाणित नहीं किया गया है। इंटरमीडिएट सेक्शन के साथ-साथ डिग्री सेक्शन के लिए भी कोई अलग खाता नहीं रखा गया। छात्र आजसू के सदस्यों ने कुलपति से कहा कि इस मामले की निष्पक्षता से जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## तापमान बढ़ने का बड़ा कारण है जीवन शैली में परिवर्तन : संजय कुमार

*मिल्लत एकेडमी में 'बढ़ता तापमान, लू और जीव जंतुओं का महत्व' पर व्याख्यान का आयोजन*

*पशु-पक्षी व हरियाली सकारात्मक ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोत : सबीहा*




### गौरैया मैन संजय कुमार ने लिखी हैं कई पुस्तकें

बिहार में गौरैया मैन के नाम से प्रसिद्ध संजय कुमार, वर्तमान में उप निदेशक के पद पर केंद्रीय संचार ब्यूरो/प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, पटना मे कार्यरत हैं। गौरैया संरक्षण में वे 2007 से ही सक्रिय हैं। वे राष्ट्रीय व स्थानीय पत्र-पत्रिकाओं में विविध विषयों खासकर मीडिया, वंचित वर्ग, सामाजिक सरोकर, पर्यावरण एवं जीव-जंतु संरक्षण के मुद्दे को लेकर लगातार लिखते रहते हैं। उनकी अब तक 14 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिसमें तीन किताबें गौरैया संरक्षण पर हैं। साथ ही, साथ उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण अवार्ड्स से भी सम्मानित किया गया है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, रांची व मिल्लत एकेडमी स्कूल, रांची के संयुक्त तत्वाधान में देश के सुप्रसिद्ध पक्षी प्रेमी व गौरैया विशेषज्ञ संजय कुमार ने गुरुवार को 'बढ़ता तापमान, लू और जीव जंतुओं का महत्व' विषय पर मिल्लत एकेडमी के कैंपस में एक जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया । संजय कुमार ने कहा कि पूर्व में मिट्टी, खपड़े के मकान व हाथ-पंखे व घड़े के पानी के दौर से निकलकर वर्तमान में हम पक्के मकान व फ्रिज एवं एयरकंडीशन के दौर में पहुंच चुके हैं। तेजी से उद्योग और प्लास्टिक उत्पादन से कार्बन का उत्सर्जन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे और इस प्रकार के अनेकों व्यवहार, जीवन शैली परिवर्तन आज पृथ्वी के तापमान बढ़ने का एक प्रमुख कारण है। संजय कुमार ने तापमान, लू से बचाव, जलवायु परिवर्तन, जल व पर्यावरण संरक्षण तथा जीव-जंतु प्रेम पर अपने विस्तृत व ज्ञानवर्धक व्याख्यान के दौरान कहा कि प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से पूरी तरह बाहर करने का प्रयास करना चाहिए। प्लास्टिक का प्रयोग इसी प्रकार निरंतर बढ़ता रहा, तो आने वाले दिनों में पृथ्वी का तापमान तीन गुना बढ़ जाएगा। समुद्र पर प्लास्टिक के कचरे से भरते जा रहे हैं और एक वक्त आएगा कि मछलियां विलुप्त हो जाएंगी। बढ़ते तापमान की विनाशलीला पर प्रकाश डालते हुए संजय कुमार ने अपना एक मार्मिक संस्मरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि किस प्रकार एक गर्मी के दोपहर में अचानक एक चिड़िया उनके फ्लैट के अंदर आकर जोर-जोर से चीं-चीं करने लगी। उन्होंने देखा कि वह गौरैया पानी के बेसिन के निकट अपना मुंह खोले प्यास की मुद्रा में इधर-उधर जा रही है।

## हिल टॉप स्कूल बरियातू में रिलेशंस ने चलाया 'पक्षी बचाओ' अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रिलेशंस की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों की रक्षा के लिए गुरुवार को 'पक्षी बचाओ' अभियान चलाया गया। इसमें बच्चों से भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना-पानी देने की अपील की गई।

मौके पर बच्चों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बांटे गए। साथ ही, यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने-अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना-पानी देकर उनकी रक्षा करने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर हिल टॉप पब्लिक स्कूल की प्राचार्या संगीता राज, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जय श्रीवास्तव समेत स्कूल के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं एव सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।




# दिल्ली की उड़ान में सवार 12 विधायक, कौन पहुंचेंगे संसद!

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

**जमशेदपुर से झामुमो के प्रत्याशी घोषित होते ही राज्य के सभी सीटों पर एनडीए और इंडी गठबंधन की ओर प्रत्याशी के नाम साफ हो गया है। राज्य के सभी 14 सीटों पर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच आमने-सामने मुकाबला होगा। कुछ सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष के भी संभावना बन रही है।**

## हजारीबाग और दुमका से एक-एक विधायक का दिल्ली जाना तय

**हजारीबाग और दुमका में दो विधायकों के बीच ही मुख्य मुकाबला है। हजारीबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के बीच ही कड़ा संघर्ष है। मनीष जायसवाल हजारीबाग से भाजपा के विधायक हैं, तो जेपी पटेल मांडू से भाजपा के विधायक हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में जेपी पटेल कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर लड़ रहे हैं। इसी तरह दुमका में भी दो विधायकों के बीच ही आमने-सामने की लड़ाई है, दोनों झामुमो के ही विधायक हैं। शिबू सोरेन की बड़ी बहू और जामा विधायक सीता सोरेन इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव में हैं, तो शिकारीपाड़ा के विधायक नलिन सोरेन झामुमो के टिकट पर ताल ठोक रहे हैं। दुमका और हजारीबाग के चारों विधायक पहली बार सांसदी के लिए चुनाव लड़े रहे हैं, इनमें से दो का तो जीतना लगभग तय माना जा रहा है। अब इनमें से कौन जीत कर दिल्ली पहुंचते हैं यह तो 4 जून को ही पता चल पाएगा।**


सीता सोरेन | प्रदीप यादव | जोबा मांझी | जेपी पटेल | चमरा लिंडा | मनीष जायसवाल | मथुरा महतो

### 12 विधायक सांसद बनने के लिए चुनाव मैदान में

**2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे दिलचस्प बात यह है कि 14 लोकसभा सीटों पर 12 विधायक चुनावी मैदान में हैं। कुछ सीटों पर मुख्य मुकाबले में दो विधायक ही आमने-सामने हैं। इन विधायकों के बीच सांसद बनने के लिए जबरदस्त होड़ मची है। भाजपा,कांग्रेस और झामुमो के 10 विधायक चुनाव मैदान में हैं, तो झामुमो के दो बागी विधायक भी चुनाव में ताल ठोक रहे हैं।**

### झामुमो के सबसे अधिक 6 विधायक मैदान में

लोकसभा 2024 के चुनाव में झामुमो के सबसे अधिक 6 विधायक चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें दुमका से नलिन सोरेन, गिरिडीह से मथुरा महतो, जमशेदपुर से समीर मोहंती और सिंहभूम से जोबा मांझी को झामुमो ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है, लेकिन टिकट नहीं मिलने से नाराज झामुमो के दो विधायक चमरा लिंडा और लोबिन हेम्ब्रम में चुनावी मैदान में कूद चुके हैं। लोहरदगा से चमरा लिंडा ने तो नामांकन भी दाखिल कर दिया है। वहीं लोबिन हेम्ब्रम भी नामांकन की तैयारी में जुटे हैं। कांग्रेस ने दो विधायक हजारीबाग से जेपी पटेल और गोड्डा से प्रदीप यादव को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। जबकि बगोदर से भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह भी इंडी गठबंधन के समर्थन से कोडरमा से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने भी इस बार तीन विधायक को लोकसभा चुनाव में उतारा है। हजारीबाग से विधायक मनीष जायसवाल, दुमका से सीता सोरेन और धनबाद से ढुल्लू महतो को अपना प्रत्याशी बनाया है।

# देश की अस्मिता को बचाना हम सभी का धर्म : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के नामांकन के वसर पर लोहरदगा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस देश की अस्मिता को बचाए रखना हमारा आपका सभी का धर्म है । आज भाजपा के कुकर्मों की वजह से इस देश में लोग एक दूसरे को शक की निगाह से देख रहे हैं। हिंदू - मुस्लिम को और मुस्लिम-हिंदू को शक की निगाह से देख रहा है इनका काम यही है, लेकिन हमें और आपको इस दौर में सावधान रहना है, ताकि इस देश में शांति कायम रहे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे आरोपों में जेल भेज कर इन्होंने अपनी मानसिकता दर्शा दी है कि यह अपने स्वार्थ में किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य मुद्दों पर बात करने की बजाय प्रधानमंत्री मंगलसूत्र,मटन,मछली और मुस्लिम के मामले में देश की जनता को उलझाने का काम कर रहे हैं लेकिन इस बार आपको इस झांसे में नहीं आना है।




### संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव : सुखदेव

सभा को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत जी ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचानें का है लोकतंत्र बचानें का है  सबसे बुनियादी चीजें हमारी देश की हैं रोटी कपड़ा और मकान,हमने जब रोटी की बात की मोदी सरकार ने गाय की बात की जब हमने कपड़े की बात की मोदी सरकार हिजाब की बात की मकान की बात की मोदी सरकार ने बुलडोजर की बात की। उनके मुद्दे रोजगार महंगाई नहीं है उनके मुद्दे पाकिस्तान,मुसलमान, कब्रिस्तान,श्मशान है।



### सभी कार्यकर्ता जीत के लिए करें काम : मीर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को जनता से भारी बहुमत से जीताने की अपील की। कहा, इस बार के चुनाव में आपने अगर इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधि को चुनकर लोकसभा में भेजा तो अगले 5 वर्षों में आप देखेंगे की इन्होंने आपके लिए क्या काम किया। मैं सभी विधायकों से और नेताओं से कहता हूं कि आप अपने-अपने क्षेत्र में गठबंधन के उम्मीदवार को मजबूती प्रदान करते हुए जीत दिलाने का काम करें।

### देश में बेरोजगारों की फौज : आलमगीर

लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि भाजपा ने इस देश में बेरोजगारों की एक फौज खड़ी कर दी है, महंगाई की मार से देश के हर घर में हाहाकार मचा हुआ है लेकिन चुनाव जीतने के लिए हर तरह के झूठ और पुनः जनता को बेवकूफ बनाने वाले वादों से पीएम मोदी चूक नहीं रहे हैं।

### भाजपा आदिवासी विरोधी : रामेश्वर उरांव

सभा को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि बीजेपी आदिवासी विरोधी है इन्होंने सीएनटी एसपीटी एक्ट के साथ, छेड़- छाड़ करने का प्रयास किया,वन अधिकार अधिनियम मे संशोधन किया,ये लोग आदिवासीयों को जल जंगल जमीन के अधिकार से वंचित करना चाहते हैं।

### ये रहे उपस्थित

सभा का संचालन प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप तुलस्यान, सुखेर भगत, अमूल्य नीरज खलको, सतीश पॉल मुजनी,गजेंद्र सिंह,रविंद्र सिंह, अशोक चौधरी,रमा खलखो, मानस सिन्हा,राजीव रंजन प्रसाद, सोनाल शांति आदि शामिल हुए।

## कांग्रेस भवन में पूर्व पार्षद की पुण्यतिथि मनाई गई

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय कांग्रेस भवन, बिहार विधानसभा के पार्षद (एमएलसी) स्वर्गीय बसंत लाल जी का तृतीय पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धा सुमन किया तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। इस अवसर पर महानगर के अध्यक्ष डा. कुमार राजा नमन करते हुए कहा कि रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के नेता के रूप में राजनीतिक जीवन शुरूआत की तथा लगातार छात्रों और युवाओं के बीच कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का सफल प्रयास किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा तीन बार दक्षिणी छोटानागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के सदस्य रहे। मजदूरों के हित में इन्होंने बहुत कार्य किये। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, केशव महतो कमलेश, प्रदेश प्रवक्ता आभा सिन्हा, डॉ कुमार राजा, कांग्रेस की पदाधिकारी गण अन्य कांग्रेस जन शामिल थीं।

# विधायक सरयू राय ने राज्यपाल और सीएम को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार हमला जारी रखे हुए हैं। इसी कड़ी में विधायक सरयू राय ने एक नए मामले को लेकर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को एक स्मार पत्र भेजा है। जिसमें धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बारे में लिखा है। कहा है कि ढुल्लू महतो बाघमारा से विधायक हैं। स्मार पत्र में ग्रामीणों पर उनके द्वारा किए गए अत्याचार का संक्षिप्त ब्यौरा संलग्न है। ग्रामवासी भी इससे अछूते नहीं हैं। उन्होंने ग्रामीणों और सरकार की करीब 200 एकड़ जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। जेल की ऊंची दीवार बनाकर बाउंड्री की गई है। ग्रामीण सड़क को भी घेरा सौंपे गए स्मार पत्र में सरयू राय ने कहा है कि एक ग्रामीण पथ को भी बाउंड्री के भीतर कर उस पर बड़ा सा गेट लगा दिया है। इस स्मार पत्र में ग्रामीणों के नाम सहित आंखों देखा ब्यौरा दिया गया है जो स्वतः स्पष्ट है। राय ने ग्रामीणों की रैयती जमीन पर से कब्जा हटाने और सरकारी जमीन एवं सरकारी परिसंपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने कहा है कि राज्यपाल फिलहाल राज्य से बाहर हैं और मुख्यमंत्री भी राजधानी से बाहर है। उनके आने पर उनसे मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे।

## महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर सख्त कार्रवाई करे सरकार : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि राज्य के जिलों में टास्क फोर्स को मजबूत बना कर भू माफियाओं, फिरौती की मांग करनेवालों और महिला हिंसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में राज्य सरकार को टास्क फोर्स द्वारा जिलों में की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से भू माफियाओं, महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवालों एवं फिरौती मांगने वालों के खिलाफ अब तक की गई।

# लोकसभा चुनाव : 2019 के चुनाव में बाबूलाल मरांडी थे भाजपा के विरोधी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

राजनीति कब क्या करवट लेगी, कौन विरोधी होगा और कौन साथ देगा, इसे कोई नहीं जानता। राजनीति में राजनेताओं की निष्ठा समय-समय पर अपनी जरूरत के अनुसार बदलती रहती है। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट को ही लें। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पार्टी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के सारथी बने हुए हैं, वहीं 2019 के चुनाव में मरांडी भाजपा के धुर विरोधी थे और कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसके उलट इस लोकसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी अर्जुन मुंडा की चुनावी नैया के खेवनहार बने हुए हैं और कालीचरण मुंडा के विरोध में जमकर प्रचार कर रहे हैं। इधर, तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में राज्य के पूर्व मंत्री राजा पीटर 2019 के संसदीय चुनाव में अर्जुन मुंडा के विरोध में थे, तो इस चुनाव में उन्होंने अर्जुन मुंडा को समर्थन देने की घोषणा की है।

### अर्जुन मुंडा को मिल सकता है फायदा



राजनीति के जानकार मानते हैं कि बाबूलाल मरांडी का साथ और राजा पीटर के समर्थन का फायदा भाजपा उम्मीदवार को हो सकता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कुछ दिन पहले ही राजा पीटर से भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का आग्रह किया था। बताया जाता है कि राज्य के पूर्व मद्य निषेध मंत्री राजा पीटर की तमाड़ विधानसभा में अच्छी पकड़ है। पिछले चुनाव में तमाड़ और खरसावां ने ही भाजपा की लाज बचाई थी। खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में तो कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने इतनी अच्छी बढ़त बना ली थी कि वे जीत की दहलीज तक पहुंच ही गये थे, पर तमाड़ और खरसावां के मतदाताओं ने चुनाव का पाशा ही पलट दिया और अर्जुन मुंडा 1445 मतों के अंतर से जीत गये। 2019 के लोकसभा चुनाव में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा को कुल 86352 वोट तथा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को 44870 वोट मिले थे। इस प्रकार अर्जुन मुंडा को कालीचरण के मुकाबले 41482 वोट अधिक मिले थे। जानकार मानते हैं कि राजा पीटर के खुलकर अर्जुन मुंडा के पक्ष में आ जाने से उनके वोटों में इजाफा हो सकता है।

# मतदान के दिन आवागमन में नहीं हो कठिनाई : के. रवि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा नहीं रहे। सीईओ ने कहा कि आम नगारिकों को आवागमन में कोई असुविधा नहीं हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल 2024 तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें, ताकि मतदान केन्द्र पर खुद चलकर आने में अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचें और मतदान करें। उन्होंने वाहनों की एडवांस तैयारी करने और आवश्यकता के अनुरूप संबंधित नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी ए.वी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि पुलिस जवानों को कोई परेशानी नहीं हो और वे ससमय संबंधित गंतव्य पर पहुंच सकें। बैठक में निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा , एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, आईजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



## संत जेवियर्स कॉलेज में मतदान जागरुकता कार्यशाला

**रांची।** रांची के संत जेवियर्स कॉलेज में स्वीप के तहत गुरुवार को मतदान जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया । उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में युवाओं के साथ सभी स्टेक होल्डर्स की भागीदारी से मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकता है, इलेक्शन मशीनरी के जरिये लगातार इस संबंध में प्रयास किये जा रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि रांची जिला में मतदान से पहले घर-घर तक वोटर स्लिप पहुंचाया जायेगा, वोटर लिस्ट में नाम होने पर मतदाता इपिक के अलावा अन्य 12 में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर वोट कर सकते हैं। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित विभिन्न ऐप्स एवं उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश होता है, लोगों को इस बारे में बताये और परिवार के साथ बूथ तक पहुंचकर वोट करें। अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के योग्य नागरिक अब 26 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं।



## एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम सहित दो आरोपित बरी

**रांची ।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दस साल पुराने एचईसी में हुए टेंडर घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम (सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन) अनिल कुमार सिंह और कोलकाता की कंपनी मेसर्स कंसल्टिंग डिजाइन इंजीनियरिंग सेंट्रल प्रा. लिमिटेड के संचालक पार्थ चक्रवर्ती को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 20 जून 2012 में हुए टेंडर घोटाले को लेकर सीबीआई ने नवंबर 2014 में अनिल कुमार सिंह, सीनियर डीजीएम प्रोजेक्ट डिवीजन बंधु तिग्गा और कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान बंधु तिग्गा की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस कारण सीबीआई ने घोटाले को साबित करने के लिए अदालत के समक्ष 17 गवाहों को प्रस्तुत किया था।

# न्यूज बॉक्स

## झामुमो ने निर्वाची पदाधिकारी को लिखा पत्र

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को पत्र लिखकर टेन्ट, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से संबंधित टेंडर राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति को दिए जाने के कारण टेंडर रद्द करने की मांग की है। झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने गुरुवार को पत्र में लिखा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के जरिये प्रस्तुत किये जाने वाले नामांकन फॉर्म, चुनाव प्रचार, ईवीएम रेंडमाइजेशन, अन्य क्रिटिकल घटनाओं, सामग्री वितरण, वापसी एवं मतगणना आदि के लिए वेबकास्टिंग एवं सीसीटीवी कैमरे अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे में राजनैतिक लाभ लेने के लिए कभी भी इसका दुरुपयोग हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति से संबंधित कार्य लिया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

अतः एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को चुनाव संबंधी कार्य से तत्काल प्रभाव से दूर रखा जाये एवं उनको निर्गत टेन्ट, वीडियोग्राफी का मिला टेंडर निरस्त किया जाये। मुस्ताक आलम ने पत्र में कहा है कि एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कुणाल आजमानी, भाजपा से जुड़े हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, निविदादाता का किसी राजनैतिक दल और अभ्यर्थियों से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। यदि इसका उल्लंघन होते पाया गया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

## राजमहल लोकसभा सीट से माकपा ने गोपीन सोरेन को बनाया उम्मीदवार

**रांची।** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि पार्टी राजमहल लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी। गोपीन सोरेन माकपा के उम्मीदवार होंगे और वह नौ मई को नामांकन करेंगे। उन्होंने गुरुवार को कहा कि राज्य कमेटी ने झारखंड में केवल एक लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देने का निर्णय किया है। राज्य की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए माकपा ने केवल एक सीट पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

## चतरा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह आज करेंगे नामांकन



**रांची ।** चतरा में एनडीए के प्रत्याशी कालीचरण सिंह 26 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी शामिल होंगे। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। मरांडी चतरा के बाबा घाट मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

## चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का नामांकन 30 को

**रांची ।** पलामू। चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को बैठक की। संचालन पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने किया। अध्यक्षता खुर्शीद आलम ने की।

## हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। छोटू कुजूर जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले में आरोपित है। कमल भूषण की हत्याकांड के बाद लगभग डेढ़ साल तक वह फरार था। कोर्ट के आदेश पर जब पुलिस छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची तभी गुप्त सूचना के आधार पर गुमला से उसे गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्लू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है छोटू कुजूर, डब्लू और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी।

पांच जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से अपने घर लौट रहे थे उसी दौरान रातू रोड काली मंदिर के पास गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गयी थी।

## अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत

**रांची ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है। चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

## कैश कांड में आरोपित अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची ।** कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई।अदालत ने सुनवाई के बाद राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है।

राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## एक नजर

### साहू भवन ट्रस्ट के 2023-25 की प्रथम आम सभा 30 को

**रामगढ़।** साहू भवन ट्रस्ट वित्तीय वर्ष 2023-25 की प्रथम आम सभा आगामी 30 अप्रैल को 11:00 बजे आयोजित होगी। इसकी जानकारी प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी श्याम कुमार साह ने 25 अप्रैल को विज्ञप्ति जारी कर दिया। उन्होंने साहू भवन ट्रस्ट के सभी सम्मानित सदस्यों एवं साहू समाज रामगढ़ के आम जनों से आम सभा में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### 18 घंटे बाद केदला को मिली बिजली

**रामगढ़।** झुलसा देने वाली इस भीषण गर्मी के बीच रात लगभग साढ़े सात बजे केदला वाशरी स्थित सेंट्रल सब स्टेशन में लगा 10 केवी का ट्रासफॉर्मर जल गया। 18 घंटे के बाद दोपहर लगभग डेढ़ बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। जिसके बाद केदला कोयलांचल के हजारों लोग राहत की सांस ली। रात भर बिजली नहीं रहने के कारण लोग बिना एसी और पंखा के किसी तरह सुबह किया। वहीं जिनके घरों में इन्वर्टर था उनका भी पंखा और लाइट चालू रहने के कारण सुबह तक इन्वर्टर जवाब दे गया। बुधवार को तपती गर्मी में लोग बिना एसी और पंखा के पसीने से तरबतर होते रहे। वहीं दूसरी ओर बिजली नहीं रहने के कारण केदला उत्खनन परियोजना, केदला भूगर्भ परियोजना और झारखंड उत्खनन परियोजना में उत्पादन नहीं हो सका।

### बरका-सयाल में आठ जगहों पर बनेगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

**उरीमारी।** अब नालों का गंदा पानी सीधे दामोदर या उसमें मिलने वाले नालों में गिरकर प्रदूषित नहीं करेगा। नालों के गंदे पानी को साफ करके ही दामोदर में गिराया जाएगा। इसको लेकर सीसीएल गंभीर हो गई है। बरका-सयाल के 8 जगहों पर नाले के पानी को घेरकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा। इसको लेकर बरका-सयाल प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसका प्राकल्लन तैयार कर सीसीएल मुख्यालय में भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू किया जाएगा। जिसके तहत भुरकुंडा में तीन जगहों पटेलनगर, हॉस्पिटल कॉलोनी और लपंगा में सीवीरेज ट्रीटमेंट प्लांट बैठाया जाएगा।

### व्यक्तिगत शौचालय निर्माण योजना को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

**पतरातू।** व्यक्तिगत शौचालय निर्माण योजना को सफल बनाने को लेकर बीडीओ और पेयजल विभाग के अधिकारियों ने मुखिया और पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। जिसमें पेयजल विभाग की ओर से प्रखंड क्षेत्र में बनाए गए जल मीनारों को मरम्मत करने, व्यक्तिगत शौचालय बनाने की योजना को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्देश दिया गया कि खराब पड़े जल मीनारों को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से शीघ्र ठीक किया जाए। साथ ही व्यक्तिगत शौचालय के लिए लाभुकों से ऑनलाइन आवेदन करने सहित आगे के कार्य के सभी कार्य को सुचारू रूप से कराया जाए। दूसरी ओर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 2157 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का लक्ष्य है।

# आपकी आवाज बन चढ़नी है संसद की सीढ़ी



**नवीन मेल संवाददउाता। हजारीबाग**
लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शशिभूषण केशरी ने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत पदमा प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर किया। इसी क्रम में पदमा गेट के पास सूरजपुर के युवा इनका भव्य स्वागत करते हुए इनके जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री केशरी ने लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना और कहा कि आज के नेताओं ने तो राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है। सच्चे अर्थों में राजनीति सेवाभाव का नाम है लेकिन आज के नेता राजनीति के नाम पर लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारे हिन्दू परिवारों के बीच जात-पात के नाम पर, धर्म के नाम पर, बेरोजगारी के नाम पर, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के नाम पर गंदी और ओछी राजनीति कर रहे है। ऐसी राजनीति करने वाले लोगों के खिलाफ मेरी लड़ाई है । चुनाव चिह्न मिलने के बाद सभा करने की बात करते हुए श्री केशरी ने कहा कि मुझे आप सबो की आवाज बनकर संसद की सीढ़ीया चढ़नी है। श्री केशरी ने कहा कि मुझे एक ऐसा समाज सेवक बनना है जहां हमारी मातायें, बहन-बेटियां सभी सुरक्षित रह सकें। हर युवा के हाथ में काम हो। हमारे युवा रोजगार के लिए अपने क्षेत्रों से पलायन ना करें। समाज एवं राष्ट्र का बेटा होने के नाते इस लड़ाई के लिए मुझे आपका साथ और आशीर्वाद चाहिए।

## झापा के हजारीबाग लोस प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा 1 मई को करेंगे नामांकन दाखिल



### झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का करेंगे शिरकत

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा (बब्लू कुशवाहा) 1 मई को झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के निवास स्थान तिलैया - झुमरा से मेरू, अमृत नगर, कोर्रा होते हुए मटवारी के गांधी मैदान में सभी एक जगह जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। बताया कि उनके नामांकन कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

## इचाक में 15 से 20 आंगनबाड़ी केंद्रों में ही बिजली की व्यवस्था

**इचाक।** प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली की व्यवस्था नहीं है। जिससे गर्मी के दस्तक देते ही वहां पढ़ने वाले नौनिहालों की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में नौनीजलों और सेविकाओं को हिट वेव का दंश झेलना पड़ता है। अधिक गर्मी के चलते केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति कम हो जाती है। अधिकाश केंद्रों तक अब भी बिजली नहीं पहुंच पाई है। जिससे प्रचंड गर्मी में नौनिहालों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा है। तपती धूप में पंखा कुलर नहीं होने से बच्चे पढ़ने के लिए केंद्र नहीं आना चाहते हैं। केंद्र में पानी की व्यवस्था नहीं होने से बच्चे और सेविका सहायिकाओं को परेशानी होती है। लू से बचने के लिए केंद्रों में ओ आर एस घोल की व्यवस्था नहीं है। अधिक गर्मी के कारण बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। सीडीपीओ नीलू रानी ने बताया कि प्रखंड में आंगन बाड़ी केंद्रों की संख्या121 है। जिसमें दारू, टाटीझरिया और इचाक मिलाकर 4464 बच्चे नामांकित है। अब तक 15 से 20 केंद्रों में ही बिजली पहुंची है। शेष केंद्रों तक बिजली नहीं पहुंची है। 95 केंद्रों में ही पेयजल की व्यवस्था है।

## हजारीबाग लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से मिलेगा नामांकन प्रपत्र

# प्रत्याशी 11 से 3 बजे अपराह्न तक दाखिल कर सकते हैं पर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नामांकन पत्र आज यानी 26 अप्रैल से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से अभ्यर्थी (27 एवं 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं तथा अंतिम तिथि 3 मई तक प्रपत्र भरकर निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। वहीं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित अधिकतम पांच लोगों को ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम तीन वाहनों के प्रवेश की अनुमति होगी। आमजनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे तथा पैदल प्रवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थी अपना नामांकन प्रपत्र भर सकते है जिसकी समयावधि 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक होगी।

## डाड़ी प्रखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# बीडीओ ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी को दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्दी**
प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को डाड़ी बीडीओ सह सहायाक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी अनुप्रिया ने लोकसभा चुनाव संबंधित कर्मियों साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव के सफल संचालन हेतु प्रखंड सह अंचल स्तर पर गठित निर्वाचन से संबंधित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी और सहायक कर्मियों उपस्थित हुए। बैठक में कोषांग के कार्यो की समीक्षा की गई। इसके बाद कोषांगों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया। जिसमें एएमएफ कोषांग, आचार संहिता कोषांग, स्वीप कोषांग और प्रशिक्षण कोषांग के कार्यक्षमता के साथ कार्य करने के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही सभी मतदान केंद्रो पर न्यून्तम सुविधाओं को शत प्रतिशत पूरा करने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग को मतदाताओं को जागरूक करने पर बल दिया गया। इसके लिए बीएलओ को डोर टू डोर जाकर मतदाताओं जागरूक करने, वोलेंटियरों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी अजीत तिवारी, देवेंद्र कुमार, अज्ज्वल किशोर, राहुल राज, मो एखलाक सहित सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बीएफटी उपस्थित थे।

# खेल से मिलती है अनुशासन व टीम वर्क की प्रेरणा : अंकित

**नवीन मेल संवाददाता। बरकाकाना**
ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना के तत्वावधान रेलवे स्टेडियम में आयोजित 8 दिवसीय डे नाईट बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ट्रॉफी (इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूनार्मेंट) का समापन हो गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीटीएम बरकाकाना कुमार अंकित, विशिष्ट अतिथि एएसटीई बरकाकाना प्रभात कुमार वर्मा, एएमइ अनिल कुमार दास, डीइइ(टीआरडी) अर्जुन सिंह, ईसीआरकेयू शाखा सचिव एमपी महतो आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि कुमार अंकित ने कहा कि खेल से हमे जीवन में धैर्य, अनुशासन और टीम वर्क के साथ कार्य करने प्रेरणा मिलती है क आत्मविश्वास बढ़ता है। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, जो कि जीवन में सफलता का आधार है। अंपायर की भूमिका चंद्रदीप कुमार, उत्तम सिंह और हरेश राय ने निभाई। टूनार्मेंट के शानदार आयोजन में समिति सचिव अमर कुमार सिंह, अध्यक्ष सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता, उपाध्यक्ष केएन सिंह, सह सचिव विवेक कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। मेगा फाइनल मैच इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट पतरातू बनाम कैरिज एंड वैगन डिपार्टमेंट बरकाकाना के बीच खेला गया। टॉस जीत कर बरकाकाना की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पतरातू की टीम ने जोरदार शुरूआत की और महज 2 ओवर में ही 36 रन बना डाले। 3 ओवर की समाप्ति पर मैच बिल्कुल एक तरफा दिखाई देने लगा था। लेकिन बरकाकाना की टीम ने जबरदस्त वापसी की और पतरातू की टीम को 11.5 ओवर में मात्र 83 रन पर ऑल आउट कर दिया।

## खरसावां के तनय पंकज खिंवासरा बने प्लेयर ऑफ द मैच

# सरायकेला ने कोडरमा को 12 रनों से हराया




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच गुरुवार को ग्राउंड 1. छावनी क्रिकेट ग्राउंड में कोडरमा बनाम सरायकेला खरसावां के बीच खेला गया। सरायकेला खरसावां ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सरायकेला खरसावां ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 35.3 ओवर मे 120 रन बनाया और आउट हो गई। सरायकेला खरसावां के यश राज ने 49 रन एवं आयुष मुंडा 19 रन बनाया। कोडरमा की ओर से गेंदबाज अर्पित कुमार 7.3 ओवर में 29 रन देकर 5 विकेट एवं पियूष कुमार सिंह 10 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिया । लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोडरमा की टीम 32.1 ओवर में 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 12 रन से मैच हार गई। कोडरमा के बल्लेबाज हसनैन राजा ने 24 रन, ध्रुव कुमार ने 24 रन, सक्षम कुमार ने 21 रन बनाया। सरायकेला खरसावां की ओर से गेंदबाज सागर कुमार यादव 10 ओवर 36 रन देकर 3 विकेट और तनय पंकज खिंवासरा ने 10 ओवर में 27 देकर 4 विकेट प्राप्त किया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मौके पर मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा
रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अरुण कुमार राय, वीरेंद्र प्रसाद पासवान, उपेंद्र प्रसाद सिंह, महेंद्र राणा उपस्थि थे। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय,मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष, उमेश पाठक, श्वेता सिंह व अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी तनय पंकज खींवास सरायकेला खरसावां को भेंट किया।

## अवैध पशु तस्करों व कारोबारियों पर पुलिस हुई सख्त

# तस्कर व चालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते रात्रि बरकट्ठा पुलिस ने 6 गोवंशीय से लदा एक पिकअप जब्त किया. जिसमें एक पशु तस्कर सहित चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उक्त जानकारी एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी. उन्होंने बताया कि बीते रात पुलिस को पिकअप संख्या जेएच10बीए 2498 से गोवंशीय पशुओं को अवैध व क्रूरता पूर्वक जीटी रोड होते हुए बंगाल ले जाने की सूचना मिली. इस संबंध ने सभी थाने को एलर्ट करते हुए वाहन जांच का निर्देश दिया गया. इसी क्रम में पुअनि राजदेव सिंह व बरकट्ठा थाना के सशस्त्र बल ने जीटी रोड कोषमा माहबर मोड के पास बरही की ओर से आने वाले उक्त पिचकप को रोका. पुलिस को देखते ही वाहन चालक व पशु व्यापारी भागने का प्रयास किया. जिन्हे गश्ती दल की आरक्षियो की मदद से पकड़कर पिकअप की विधिवत तलाशी ली गई. जिसमे काले रंग का 4 व गोला रंग का 1 गाय और एक गाय का बछड़ा अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक लदा हुआ पाया गया. जिसे जब्त कर थाना लाया गया गया. गिरफ्तार किया गया चालक राजकुमार यादव (31 वर्ष) साकिन बड़ा पांडेय डीह हरना, पोस्ट खनोडीह हरना, थाना बाघमारा जिला धनबाद तथा व्यापारी बैकुंड कुमार (24 वर्ष) पिता रामानुज राय साकीन दक्षिणी चक, थाना अथमल गोला, जिला पटना (बिहार) का रहने वाला है. जो तिलैया (कोडरमा) से मवेशी लादकर बंगाल ले जा रहा था. दोनों के खिलाफ आईपीसी की पशु क्रूरता अधिनियम और झारखंड गौवंशीय पशु हत्या अधिनियम के तहत मामला दर्ज है. विदित हो कि एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार बरही में योगदान देते ही अवैध कारोबारियों पर नकेल कसना प्रारंभ कर दिया इससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

### अब तक कई तस्कर जा चुके हैं जेल

अब तक कई तस्कर जेल जा चुके है. एसडीपीओ ने बताया कि बीते रात की घटना को छोड़ एक सप्ताह के अंदर बरही अनुमंडल के विभिन्न थानों से 8 अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है. जिसमें 32 काड़ा, 137 गायें, 44 भैंसे, 70 गाय और 22 भैंस के बच्चें सहित एक ट्रक, 2 पिकअप जब्त किए गए है. उन्होंने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में पशु व्यापार, मादक पदार्थ या अन्य किसी भी प्रकार के अवैध धंधे नही चलने दिए जायेंगे. जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने सभी अवैध धंधे बाजों को इस प्रकार के गोरखधंधे के खेल को बंद करने की सलाह दी है अन्यथा पकड़े जाने पर सीधे जेल भेजे जाएंगे. बात चीत के दौरान एसडीपीओ ने यह भी इशारों ही इशारों में इस अभियान को बंद करने के लिए उनपर कई जगहों से दबाव भी आने का संकेत दिया है. परंतु उन्होंने दो टूक कहा कि अवैध धंधेबाजों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# कांग्रेस के पास न कोई नीति और न ही सिद्धांत: अविनेश




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय परिसर में गुरूवार को भाजपा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जो घोषणा पत्र जारी किया गया है वह न ही राष्ट्रहित में है न समाजहित और न ही लोकहित में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है और इसबार के चुनाव में भी वह ऐसा ही करने का प्रयास कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि इसके विपरित भारतीय जनता पार्टी के लिए देशहित और समाजहित सबसे महत्वपूर्ण रहा है और भाजपा इसी को लेकर आगे बढ़ रही है। अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर पर थी जो आज 5वें नंबर है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह हमेशा प्रयास रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करती है।

## न्यूज बॉक्स

### चुनाव जागरूकता को लेकर कृषक मित्रों के साथ बीडीओ ने की बैठक




**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ चुनाव जागरूकता को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें निष्पक्ष एवं प्रलोभन मुक्त चुनाव के संचालन में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाना तथा चुनाव में अधिक से अधिक वोटर को भाग लेने से संबंधित विचार विमर्श किया गया।वहीं बीडीओ ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबको उत्साह के साथ शामिल होकर अधिक से अधिक वोट करना चाहिए। वही कृषक मित्रों को शपथ भी दिलाया गया। मौके पर पंचायत सेवक कैलाश कुमार, रवि रंजन,टुकलाल नायक,उतीम महतो, गोपाल प्रसाद के अलावे दर्जनो कृषक मित्र उपस्थित थे।

### युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, सड़क जाम

**बरही।** केवला (सिंघरावा) निवासी मो शहरयार (19 वर्ष) पिता युनुस खान का सड़क हादसा में निधन हो गया है. जानकारी के अनुसार बुधवार की संध्या मृतक अपने बाईक से बरही से काम कर वापस घर लौट रहा था. इसी क्रम में जीटी रोड पुरहरा के नजदीक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. सूचना मिलते ही स्थानीय व मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिए. मृतक बरही में वायरिंग मिस्त्री का काम करता था. हालांकि मौके पर पुलिस के पहुंचने से जाम तुरंत खुल गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया. परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है.

### दो परिवार को समाज से बहिष्कृत करने का आरोप, एसडीओ से लगाई न्याय की गुहार

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला में दो परिवार को समाज से बहिष्कृत करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबध में ग्राम बेड़ोकला निवासी सुरेंद्र शर्मा पिता स्व जगदीश ठाकुर तथा रवीन्द्र शर्मा पिता भुनेश्वर हजाम ने बरही अनुमंडल अधिकारी एवं एसडीओ को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में लिखा है कि मैं एवं मेरा परिवार हमेशा सामाजिक तरीके से जीवन जीते आ रहे हैं। मैं भारतीय जनता पार्टी बेड़ोकला मंडल का महामंत्री हूं और हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता हूं। मैं ठाकुर /नाई जाति समाज से हूं। गत 22.04.2024 की रात को विजय ठाकुर पिता स्व लाटो ठाकु, नारायण प्रसाद शर्मा पिता स्व रामसहाय ठाकुर, विरेन्द्र प्रसाद शर्मा पिता स्व जगदीश ठाकुर एवं अन्य सभी ग्राम बेड़ोकला थाना बरकट्ठा, जिला-हजारीबाग निवासी जाति समाज के लोगों को बुलाकर गुप्त बैठक की, जिसमें मुझे व मेरा परिवार को जाति समाज से बहिष्कार करते हुए मंदिर व धार्मिक स्थल जाने तथा जाति समाज में किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात श्मसान घाट जाने व उपयोग करने से प्रतिबंध कर दिये। उक्त लोगों के द्वारा मेरा एवं मेरा परिवार का हुक्का पानी बंद करने का निर्णय लिया। मुझे एवं मेरा परिवार को नीचा व अपमानित करते हुए उक्त लोग मानसिक उत्पीड़न व मानसिक प्रताड़ना कर रहे हैं।

### गुलाम साबरी और नाज वारसी के बीच आज होगा कव्वाली का मुकाबला

**बरकाकाना।** हजरत हेदायतुल्लाह दाता शाह रहमतुल्लाह अलैह का 39वीं सालाना उर्स मुबारक मौके पर 26 अप्रैल को अकीदत के साथ दुर्गा मंडप नयानगर बरकाकाकना में कव्वाली की महफिल सजेगी। इसे सफल बनाने को लेकर उर्स कमेटी दिन-रात लगी हुई है। इसे सफल बनाने को लेकर गुरुवार को बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया मोकीम अंसारी और संचालन पंसस फरीद अंसारी ने किया। बैठक में बताया गया कि बाबु गुलाम साबरी एंड पार्टी गया और नाज वारसी कव्वाला एंड पार्टी बनारस के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। उर्स कमेटी अध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव ने कहा कि यहां का उर्स आपसी भाईचारा और सौहार्द का मिसाल है। उर्स के सफल आयोजन में सभी धर्म के लोगों को योगदान रहता है। उर्स में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय कर्मशाला महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, मुखिया मोकिम आलम, पंसस फरीद अंसारी आदि शिरकत करेंगे। मौके पर उर्स कमेटी अध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव, सचिव मो शफीक उर्फ बाबु, कोषाअध्यक्ष मो आजाद अंसारी, चेयरमैन हाजी मो खलील साहब, मो हातीम, मो सोहेल, प्रवेज आलम, डॉ ए अली राही, आरीफ खान, राकेश सिंह, मुन्ना अंसारी, तनवीर अहमद, बंटी अंसारी, अख्तर अंसारी, मो कलाम अंसारी, नसीम अख्तर, नसीर अहमद, वली हसन, मो एहसान, मो आवेश, अब्दुल रशीद, मो सालेहात आदि मौजूद थे।

### यज्ञ के समापन पर शहनाज अख्तर के भक्ति गीतों पर खूब झूमे लोग



**रामगढ़।** बोंगावार मंडाटांड में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के समापन को लेकर समिति की ओर से बुधवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जागरण मुख्य रूप से देश के प्रसिद्ध भक्ति गायिका शहनाज अख्तर शामिल हुए। जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ समिति द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिकों का सम्मान और समिति के अध्यक्ष राजू साव एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा विधिवत पूजा -अर्चना के बाद किया गया। शहनाज अख्तर जैसे ही भगवा परिधान में मंदिर स्थल पहुंची और शिव मंदिर में पूजा -अर्चना करने के उपरांत मंच की ओर निकली तो उन्हें देखते ही राम भक्त जोर -जोर से जय श्री राम के नारे लगाने लगे। जिससे वहां का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। बाद में समिति की ओर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद उन्होंने हनुमान जी का भजन मंगल- अमंगल हारी गीत के साथ अपने भजनों को प्रारंभ किया। इसके बाद एक से बढकर एक शंकर चौड़ा रे महामाई कर रहीं चोला रे, ये उम्र गुजर जाए प्यार की भक्ति में, पंडा कराई रहीं पूजा मैयां जी के झूम -झूम के साथ अन्य कई लेटेस्ट भक्ति-गीतों से लोगों को रात भर झूमाया। वहीं शनि म्यूजिकल ग्रुप पतरातू के पुनीत पाठक एवं सौम्य पाठक ने भी अपने बेहतरीन अंदाज ओर जीवंत झांकी के साथ भजन की प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों को खूब सराबोर कराया।

### पीटीपीएस न्यू मार्केट शिवालय परिसर में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**पतरातू।** पीटीपीएस न्यू मार्केट शिव मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालु भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अवधेश चौरसिया, संचालन समिति के कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा और महावीर अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में पुरोहित सुनील पंडित और श्रद्धालुओं की ओर से सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मौके पर समिति के संरक्षक सुरेश प्रसाद और मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में मंगलवार को मंगल जीवन के लिए भक्तों ने महावीर मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ज्योत पूजन किया। क्योंकि चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के पूर्णिमा के दिन ही हमारे आराध्य हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस निमित्त न्यू मार्केट के शिव मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम किया गया।

## एक नजर

### फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने किया आत्महत्या का प्रयास, हालत गंभीर

**सिमडेगा।** सिमडेगा के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बेसराजारा में पारिवारिक तनाव के कारण कास्टू प्रधान नामक व्यक्ति ने अपने घर में रस्सी के सहारे झूलकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।लेकिन समय रहते उसकी पत्नी ने उसे फांसी के फंदे में झूलते हुए देख लिया. इसके बाद उसने उसे पकड़कर शोर मचाना शुरू किया, जिससे उसके घर वाले वहां पहुंचे और उन्होंने फंदे को काटकर कास्टू को नीचे उतारा।लेकिन फांसी के फंदे में झूलने के कारण उसके गले में फंदे का निशान पड़ गया और उसे अंदरूनी काफी चोट लगी जिससे उसे बोलने में दिक्कत होने लगी और उसकी हालत बिगड़ने लगी उसके परिजनों ने उसे आज अहले सुबह सदर अस्पताल लाया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### नियमित जलापूर्ति नहीं होने से मसमोहना में पेयजल संकट गहराया

**डोमचांच ।** प्रखंड की मसमोहना पंचायत के बाराड़ीह, असनाबाद, धुमाडीह आदि गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है। मसमोहना बाजार टांड़ स्थित बना जलमीनार से पाइपलाइन के जरिए मिलने वाला पानी लोगों को सुचारू रूप से नहीं मिल रहा है। इस कारण ग्रामीणों के सामने पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। इस चिलचिलाती धूप में लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण कुआं और चापानलों का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। इस संबंध में ग्रामीण मिथिलेश साव ने बताया कि नदी में पानी न रहना और जलमीनार के लिए नदी में बनाए गए कुएं में पानी कम होने की वजह से टंकी तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इसकी वजह से भी ग्रामीणों को सुचारू रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण पिंटू यादव, विनोद चौधरी, रंजीत यादव, उमेश महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, प्रकाश सिंह, मो चांद, ब्रह्मदेव महतो आदि ने पानी की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

### प्रेरणा शाखा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**झुमरी तिलैया ।** झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए , पृथ्वी के ओजोन परत को पहुंचने वाली हानि से बचाने के लिए एक नृत्य द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह नृत्य रिदम डांस एकेडमी में एकेडमी के संचालक सूरज प्रताप की देखरेख में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें उनके द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि पृथ्वी हमारा एक छोटा सा आशियाना है जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। मौके पर सूरज प्रताप ने कहा जब हरी भरी पृथ्वी होगी तभी शांत स्वस्थ जनता होगी। वहीं प्रेरणा शाखा के अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि धरती हमारी माता है, माता को प्रणाम करें बनी रही इसकी सुरक्षा आओ ऐसा कोई काम करें का संदेश दिया गया। सचिव शीतल पोद्दार ने कहा कि अपने आने वाली पीढ़ी को अगर हम एक अच्छी जिंदगी देना चाहते हैं तो पृथ्वी को बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

# बर्ड फ्लू को लेकर पशुपालन विभाग पूरी तरह से अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
राजधानी रांची में बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दी है जिसके बाद करीब 2000 से अधिक मुर्गियों को मारकर उसे सुरक्षित दफना दिया गया है इधर बर्ड फ्लू के मामले सामने में आने के बाद सिमडेगा पशुपालन विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। जानकारी देते हुए गुरुवार को जिला पशुपालन पदाधिकारी अरुण राम ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर पशुपालन विभाग अंतर्गत आने वाले सभी पशु चिकित्सकों को सतर्कता बढ़ाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, इसके अलावा कई जगह से नमूना सैंपल इकट्ठा करते हुए उसे केंद्रीय प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं ऐसे में सिमडेगा में भी कई जगहों पर चिकन पोल्ट्री फार्म का कारोबार चलता है। ऐसे में यहां तक वायरस ना फैले इसके लिए एतेहातन बरतने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में भी इस पर साधनता से जांच करते हुए कार्य किए जाएंगे ताकि सिमडेगा में इसका प्रकोप को रोका जा सके ।हालांकि उन्होंने कहा सिमडेगा के लिए अभी तक राज्य सरकार की ओर से किसी प्रकार का कोई भी गाइडलाइन जारी नहीं हुआ है ,जैसे ही गाइडलाइन जारी होती है तो तत्काल उसे पर कार्रवाई करते हुए आगे लोगों को सूचित की जाएगी हालांकि उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से पोल्ट्री चिकन खाने से परहेज करने की आवश्यकता है।

# दुर्गा मंदिर से प्राचीन प्रतिमा की हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**◆मंदिर में इसी मूर्ति की चोरी छह साल पहले भी हुई थी। हालांकि चोरी के एक माह के भीतर नदी से मूर्ति को बरामद किया गया था**



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
थाना क्षेत्र के कदमटोली स्थित दुर्गा मंदिर में अष्ट धातु से बना माता दुर्गा की प्रतिमा की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई है।चोरी की घटना बुधवार की रात की है।बताया गया कि मंदिर के पुजारी प्रदीप सारंगी रोज की तरह शाम को पूजा करके दरवाजा में ताला लगाकर अपने घर चले गये।देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा दरवाजा में लगा ताला को तोड़कर भीतर घुसे तथा मूर्ति के के पास लगा स्टील ग्रील के ताला को भी तोड़कर खटोला सहित मूर्ति को ले गये।चोरी की घटना की जानकारी सुबह तब मिली,जब एक युवती ने मंदिर में फूल पहूंचाने साढ़े पांच बजे आयी थी। युवती ने मंदिर का दरवाजा खुला देखकर गांववाले को जानकारी दी। गांववाले तुरन्त सूचना पुलिस को दिये।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बिनायक कुमार पाण्डेय, पुलिस इंस्पेक्टर, सीओ किरण डांग बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा घटना स्थल पर पहूंचे। पुलिस जांच में जुट गई। ज्ञात हो कि इसी मंदिर में उसी मूर्ति की चोरी छः साल पहले भी हुई थी। हालांकि चोरी के एक माह के भीतर एक किमी की दूरी पर खालीजोरा नदी से मूर्ति को बरामद किया गया था।लेकिन तब पूलिस चोर को पकड़ने में नाकाम थी। इधर सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव और भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा कदमटोली मंदिर पहुंच कर घटना की जानकारी ली और नराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन अविलम्ब मूर्ति को बराबद करे एवं ऐसे घृणित कार्य करने वाले आसामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करे। पिछले बार की घटना में चोर को नहीं पकड़ पाने के पुलिस की नाकामी की वजह से आज चोरों का हौसला बढ़ा और ऐसे कार्य को अंजाम दिया।चोरी की घटना को लेकर लोगों में भी गुस्सा है।

## न्यूज बॉक्स

### भीषण गर्मी को लेकर नगर परिषद ने शहर में की पियाऊ की व्यवस्था



**सिमडेगा।** सिमडेगा में भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे कि आम जिंदगी पूरी तरह से प्रभावित है। लू के थपेड़े की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना पूरी तरह से परेशानी का सबब बन गया है तो वहीं दूसरी ओर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर नगर परिषद सिमडेगा के द्वारा गुरुवार को भीषण गर्मी को मद्देनजर रखते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहा जिसमें महावीर चौक, झूलन सिंह चौक, सदर अस्पताल मुख्य गेट ,प्रिंस चौक सहित अलग-अलग जगह पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की है ताकि राहगीरों को पीने की पानी की समस्या उत्पन्न न हो। जानकारी देते हुए प्रशासक सुमित कुमार महतो ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आने वाले लोगों को पानी की समस्या उत्पन्न हो इसके लिए सभी जगह पर घड़ा रखवाया गया है और प्रत्येक दिन नगर परिषद की ओर से वहां पर पानी की व्यवस्था की जाएगी ताकि लोग अपनी प्यास बुझा सके।

### उपायुक्त व एसपी में सिमडेगा कॉलेज के स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**सिमडेगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम मशीन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से लिया। चारों तरफ से सुरक्षा व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए मोर्चा बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिये। मौके पर पुलिस पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने कुरडेग प्रखंड सभागार में की समीक्षा बैठक



**कुरडेग।** अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा सुमंत तिर्की ने कुरडेग प्रखंड सभागार में सभी बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में प्राप्त होने वाले मतदाता सूचना पर्ची का सावधानी पूर्वक संबंधितों में वितरण करने का निर्देश दिया संबंधित वोटर से मुलाकात नहीं होने की स्थिति में परिवार के सदस्य को ही देना है अन्य को नहीं। किसी भी अन्य व्यक्ति को बंडल के रूप में नहीं देना है।,ए एस डी पंजी में ए एस डी को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया।पर्ची का वितरण के साथ वोटरो को मतदान की तिथि13 मई,मतदान का समयसुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक,सेउन्हें अवगत कराना है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### विश्व मलेरिया दिवस सप्ताह के तहत हंस फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान



**सिमडेगा।** विश्व मलेरिया दिवस एवं विश्व टीकाकरण सप्ताह कार्यक्रम के तहत हंस फाउंडेशन की ओर से जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले के भेलवाडीह घाघरा, ठेसुटोली, कुरडेग, कोलेबिरा नवटोली आदि जगहों पर लोगों के बीच स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन करते हुए जागरूकता चलाया गया। हंस फाउंडेशन के सीपीसी विवेकानंद ने बताया कि हर साल मलेरिया से लाखों लोगों की मौत होती है। गंदगी वाली जगह और नम इलाके में मलेरिया बहुत जल्दी से पैर पसारता है, कई सारे लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं जिसके कारण इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। वहीं उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए सुरक्षित उपाय करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह बरसात मौसम में अधिक फैलता है मच्छर भरे हुए पानी में पनपते हैं और मलेरिया फ्लेट हैं इसके लिए अपने आसपास के क्षेत्र में पानी का जमा होने ना दे डीटीटी वाइयां का छिड़काव करें सोने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें पूरी बाजू कपड़े पहनें जिससे कि मच्छरों का काटने का बचाव हो सके।उन्होंने कहां की मलेरिया का लक्षण ठंड लगकर बुखार आना है ,अगर किसी के अंदर मलेरिया के लक्षण दिखे तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इसका इलाज कारण ताकि समय रहते इसका उपचार हो सके।

### नवनिर्मित जीईएल गिरजाघर का हुआ संस्कार



**सिमडेगा।** ढोढीबहार गांव में नवनिर्मित जीईएल गिरजाघर का संस्कार किया गया। मौके पर बिशप, मॉडरेटर, पादरी आदि ने धर्मविधि संपन्न कराया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का और संदेश एक्का भी शामिल हुए। उन्होंने नए गिरजा घर के संस्कार के लिए ईश्वर का धन्यवाद दिया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि गिरजाघर में ईश्वर का वास होता है, उन्होंने सभी लोगों से प्रभु यीशु के बताए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए कलीसिया की सेवा करने और लोगों की मदद करने की बात कही। इस मौके पर ईसाई समुदाय के काफी संख्या में लोगों उपस्थित है जहां पर सभी लोगों ने सामूहिक रूप से स्तुति की।

**उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की**

# कोई भी योग्य लाभुक किशोरी समृद्धि योजना से वंचित न रहे

**◆वभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पॉन्सरशिप योजना के तहत बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की वस्तुस्थिति से अवगत हुए**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं समेत अन्य पर बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अब तक प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते कहा कि प्राप्त नए आवेदनों को जांचोपरांत स्वीकृत करें। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य लाभुक किशोरी समृद्धि योजना से वंचित न रहे। उन्होंने योजना अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में आंगनबाड़ी निर्माण से संबंधित कार्यों को भी जानकारी ली। जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पॉन्सरशिप योजना के तहत बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की वस्तुस्थिति से अवगत हुए. उन्होंने ने जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा संचालित सहयोग विलेज में रह रहे बच्चों एवं बच्चियों को दी जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा करते हुए जिला बाल संरक्षण ईकाई के अधिकारियों व कर्मियों से उनके कार्यों एवं दायित्वों से अवगत हुए. साथ ही जिला बाल संरक्षण ईकाई के अधिकारियों व कर्मियों को अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन पुरी जिम्मेदारी के साथ करने का निदेश दिया, ताकि जारूरतमंदो को हरसंभव सुविधा उपलब्ध करायी जा सके. इसके अलावा उपायुक्त ने ओल्ड एज होम संचालन व्यवस्था का भी समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिये।बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित विभाग के कर्मी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

### काम की तलाश में तमिलनाडु गए मजदूर की एक महीना से अब तक सुराग नहीं

**बानो।** जराकेल पाहनटोली के इस महिला, उनके सात बच्चे और उनकी बुढ़ी सास की बेबसी देखिए। काम की तलाश में तमिलनाडु गए महिला के पति सुनील लुगून से न तो बात हो पा रही है और न ही उनकी कोई खबर परिजनों को मिली है। रोज दिन सुनील के आने अथवा सूचना मिलने की खबर में सुबह से शाम हो जाती है। पर न तो उनका फोन आता है और न ही वो खुद आते हैं। लोस चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भले ही बढ़ गई है और नेता-कार्यकर्ता बड़े बड़े वायदे कर रहे हैं। लेकिन इन बच्चों की सूध लेने और उनकी मदद करने वाला कोई नहीं है। सुनील को खोजने के लिए न तो नेताओं के पास समय मिल रहा है और न ही बच्चों का हाल जानने के घर पहुंच रहे हैं। महिला और उनके बच्चों का का भी रो रो कर बुरा हाल है। बुढ़ी मां भी बेटे के आने की आस में घर के दरवाजे पास बैठकर निहारते रहती है। बेबस महिला के पास अब उहापोह की स्थिति है। सात बच्चों के दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करे या फिर पति की खोजबीन के लिए इधर उधर भटकते रहे।

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे बरसलोया गांव**

# कई कार्यक्रम में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा चुनाव प्रत्याशी अर्जुन मुंडा गुरुवार को कोलेबिरा प्रखंड पहुंचे जहां पर उन्होंने सबसे पहले रण बहादुर सिंह चौक पर माल्यार्पण किया जिसके बाद महावीर मंदिर जाकर पूजा अर्चना की एवं बाघचंडी मंदिर में पहुंचकर माथा टेक जिले की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद बरसलोया चार दिवसीय रामनवमी मेला सह अखंड यज्ञ महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने कीर्तन की इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा अभी चुनावी दौरा भी चल रहा है विभिन्न गांव में संवाद करते लोगों के बीच जनसंपर्क चलाया जा रहा है। मौके पर उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को सहयोग करेगी मौके पर सिमडेगा विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र सिंह ओम प्रकाश साहू मुकेश श्रीवास्तव चिंतामणि कुमार,भोला प्रसाद, महेंद्र भगत, अशोक इंदवार, रोहित साहू, रणधीर कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल रहे मो. याह्या**

# ब्रिलिएंट्स हाई स्कूल में मैट्रिक के सफल परीक्षार्थियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
शहर के सैंपूर स्थित ब्रिलिएंट्स हाई स्कूल में गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मो. याह्या विद्यालय में अव्वल रहे। नेहा कुमारी ने 86 प्रतिशत, संजीला डुंगडुंग ने 83 प्रतिशत, अमीषा कुमारी ने 82.2 प्रतिशत और हादिया काजमी ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय में इन टॉप फाइव विद्यार्थियों को शॉल ओढाकर और मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य और शिक्षक शिक्षिकाओं ने इन्हें बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में सफल रहे सभी परीक्षार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए भविष्य में और बेहतर सफलता के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थी अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। वहीं सफल विद्यार्थियों ने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा देनेवाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय दोबारा लौटकर नहीं आता है। बाद में पछतावा न हो इसलिए अच्छी से अच्छी सफलता के लिए समय का सदुपयोग करते हुए वे शत प्रतिशत प्रयास करें। सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

**विश्व मलेरिया दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन**

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया सम्मानित

**स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा लगातार मलेरिया के प्रभाव को कम करने के लिए समय-समय पर क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव जरूरी है**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर सिमडेगा सदर अस्पताल सभागार में गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से सिमडेगा सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो मलेरिया विभाग के कंसल्टेंट सुशांत कुमार, विकास कर्मकार उपस्थित थे।मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो ने कहा मलेरिया एक ऐसी बिमारी है जो खास तौर से मच्छरों के काटने से होती है, इस बिमारी में लोगों को काफी तेज बुखार और शरीर में कंपकंपाहट जैसी समस्याएं होती हैं। हर साल इस बिमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है ताकि लोग इसके बचाव के बारे में बेहतर तरीके से समझ पाएं।उन्होंने कहा कि हमेशा रात्रि में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। गांव में कभी भी पानी नहीं जमने देना चाहिए। जिससे मच्छर ना जम पाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा लगातार मलेरिया के प्रभाव को कम करने के लिए समय-समय पर क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव एवं फागिंग सहित मच्छरदानी का वितरण करती है ताकि सिमडेगा जिले में मलेरिया का प्रकोप पूरी जड़ से समाप्त किया जाए और वर्तमान समय में लोगों के बीच जागरूकता के कारण मलेरिया के मरीजों में कमी आई है। उन्होंने कहा इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम - 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार के अनुरूप है-मलेरिया की रोकथाम, पहचान और उपचार सेवाओं तक पहुंच में बनी हुई भारी असमानताओं को दूर करने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य सहियाओं को प्रशस्ति पत्र एवं छतरी देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं उपस्थित रही।

### केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी दो को गिरिडीह में नामांकन करेगी दाखिल

**कोडरमा।** भाजपा कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी और मंडल अध्यक्षों की बैठक गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की चाराडीह स्थित आवास पर हुई। कोडरमा विधानसभा संयोजक सह विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी दो मई को पूर्वाह्न 11 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। जबकि सर्कस मैदान में आमसभा होग। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, गठबंधन के नेता उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि एक मई को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सभा है। इसकी तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई है। बैठक में कोडरमा विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी,विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह, विजय साव,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश राम,वीरेंद्र सिंह, जिला महामंत्री राजकुमार यादव, विजय राणा आदि मौजूद थे।

# हल्दी से रंगा चावल देकर 13 मई को मतदान लिए किया आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
गुरुवार को प्रखंड के बिंझीयाबांध बूथ नं 173 एवं घुटबहार देमचु टोली बूथ नं 161 में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिमडेगा के निर्देशानुसार जेएसएलपीएस ठेठईटांगर टीम के द्वारा ग्रामीणों में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया गया। मौके पर कहा कि गया कि 13 मई को गांव के सभी लोगों को बढ़चढ़ कर मतदान करना है साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करना है। इस चुनावी समर में कोई व्यक्ति अपने मतदान से वंचित न रहे वह सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। साथ ही पोस्टर के माध्यम से मतदान देने का तरीका बताया गया तथा मतदान के लिए शपथ दिलाया गया। इसमें गांव के ग्रामीण, जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम संतोष कुमार वर्मा, एफटीसी प्रमोद सिन्हा, सीता भगत, मारियाना गुड़िया सीसी कृष्ण कुमार भोय, रौशनी एक्का, बीएपी लालमुनी एवं पंकज कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर

### राशन दुकान में बेचता था बीयर, पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के तिरूलडीह थाना की पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गिरफ्तार व्यक्ति अपने राशन की दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बीयर बेचता था. पुलिस ने उसके दुकान से 42 बोतल बीयर भी बरामद किया है. इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी ने बताया किआरोपी के खिलाफ उन्हें गुप्त सूचना मिली थी. राशन की दुकान से वह अनाधिकृत रूप से अंग्रेजी शराब बेचने का काम कर रहा था. सूचना मिलने के बाद छापामारी के दौरान बीयर बरामद होने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

### बरोरा में बीसीसीएल कर्मी की संदिग्ध स्थिति में मौत

**धनबाद।** बीसीसीएल के मुराईडीह फिडर ब्रेकर में कार्यरत कर्मी मुन्ना कुमार (46 वर्ष) की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई. उसका शव बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी चेकपोस्ट के समीप बंद चाय दुकान में पड़ा मिला. बीसीसीएल कर्मी की मौत की खबर मिलते ही बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है. मृत बीसीसीएल कर्मी मुन्ना कुमार मूल रूप से बिहार के जहानाबाद जिले का रहने वाला था.

### राइजिंग पाइप फटा 50 हजार आबादी को नहीं मिला पानी

**धनबाद।** चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के समीप बुधवार को राइजिंग पाइप फट जाने से क्षेत्र की करीब 50 हजार आबादी इस भीषण गर्मी में एक बूंद पानी के लिए तरस रही है. पाइपलाइन में लगातार आ रही खराबी के कारण पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों का आक्रोश सातवें आसमान पर है. नगर परिषद के पदाधिकारी क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराने में लगे हुए हैं. विभाग के कर्मी अनूप कुमार ने बताया कि राअजिंग पाइप फट जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है. मरम्मम कार्य जारी है. सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि फटे पाइप को दुरुस्त करने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है. शुक्रवार तक पाइपलाइन का काम पूरा हो जाएगा. इसके साथ ही जलापूर्ति शुरू हो जाएगी।

### जेसीबी से खोदी जा रही जमीन, ट्रैक्टर से ढोई जा रही मिट्टी

**धनबाद।** झरिया में अवैध ईंट भट्ठा संचालक पूरी तरीके से बेखौफ हैं. इन्हें अब किसी बात का डर नहीं है. इनका दुस्साहस ही है कि दिन के उजाले में ही जेसीबी लगाकर इलाके में जमीन की खुदाई करवाते हैं और ट्रैक्टरों से मिट्टी ढोते हैं. एक नहीं, कई ट्रैक्टर मिट्टी की ढुलाई में लगाए जाते हैं. इस इलाके के जो भी बड़े ईंट भट्ठा संचालक हैं, सभी ऐसा ही करते हैं।

# कोषांग निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लें : निर्वाचन पदाधिकारी

## उपायुक्त ने की लोस चुनाव एवं गांडेय विस उप चुनाव के लिए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रॉंग रूम आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निदेशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। इस दौरान उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## नीलगाय के शिकार की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम

### शव को किया बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह गावां वन विभाग की टीम ने शिकार के लिए रखे एक नील गाय को बरामद किया है। बता दें कि वन विभाग को ग्रामीणों के द्वारा गुप्त सूचना मिली थी कि गावां के धनैता के पास एक जलस्त्रोत में पानी पीने के लिए जंगल से भटकते हुए एक नील गाय पहुंच गया। जिसे शिकारियों ने कटीले तार के हुक से फंसा के उसे मार दिया है और उसे शिकार करने के लिए ले जाने वाला है। सूचना की सत्यापन के बाद रेंजर अनिल कुमार के निर्देश पर एक टीम गठन कर वनकर्मी धनेता पहुंचे। जहां मृत अवस्था में नील गाय जमीन पर पड़ा हुआ था। जिसे वनकर्मियों ने जब्त कर गावां वन प्रक्षेत्र कार्यालय ले आया। यहां से कागजी प्रक्रिया के बाद नदी के किनारे दफना दिया गया। वनपाल पवन चौधरी और वनकर्मी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस घटना में संलिप्त लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। वन्य प्राणी संरक्षण के तहत सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

## भाकपा माले की बैठक में विनोद सिंह को जिताने की रणनीति पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पूर्व विधायक राजकुमार यादव के बिसनीटीकर स्थित आवास पर गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ललिता देवी ने की। बैठक में मुख्य रुप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में आर्थिक सहयोग एवं बुथ कमिटी निर्माण की भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि भाजपा हटाओ देश बचाओ, अन्नपूर्णा हटाओ कोडरमा बचाओ नारे के साथ महागठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने का आह्वान करते हुए अपने लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए एक-एक वोट भाकपा माले को देने की अपील की गई। वहीं उन्होंने कहा कि नीमाडीह पंचायत के सभी बूथों पर बुथ कमेटी का निर्माण किया गया, और आर्थिक सहयोग के साथ-साथ एक एक वोट को महागठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह के पक्ष में दिलाने का संकल्प लिया गया। मौके पर सकलदेव यादव, प्रदीप यादव, आरती देवी, शांति देवी, गोकुल तुरी, बिनोद साव, कुंदन पांडे, रामचंद्र यादव, पिटुं राय, पंकज कुमार यादव, मुन्ना यादव, संदीप यादव, पिंटू यादव, कांग्रेस यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### तोपचांची के लोगों ने कहा- पानी नहीं तो वोट नहीं

**धनबाद।** गर्मी बढ़ने के साथ ही तोपचांची प्रखंड में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीणों के बीच आपस में अक्सर तकरार हो रही है. कई पंचायतों के लोगों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी दिखाई. जिला प्रशासन को यहां तक चेतावनी दे डाली कि यदि पानी की समस्या दूर नहीं हुई, तो इस बार लोकसभा चुनाव में वे लोग वोट नहीं देंगे. श्रीरामपुर पंचायत के हीरापुर गांव के ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने बताया कि दुर्गा मंदिर के समीप बनी जल मीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गई है. इस जल मीनार से पानी की आपूर्ति कभी नहीं हुई. यहां तक कि पाइपलाइन तक नहीं बिछाई गई है. प्रखंड की मतारी पंचायत के जियलगढ़ा में भी पानी की घोर किल्लत है. परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया. ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक ने जल मीनार का स्ट्रक्चर तो खड़ा कर दिया, लेकिन टंकी नहीं बैठाई।

## जिला प्रशासन ने किया 'रन फॉर वोट रन फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आगामी लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और शत प्रतिशत मतदान की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला प्रशासन की तरफ से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहर के झंडा मैदान में सुबह रन फॉर वोट, रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। रन फॉर वोट कार्यक्रम के तहत झंडा मैदान स्टेशन रोड होते हुए बड़ा चौक, नगर भवन, नया सर्किट हाउस के रास्ते वापस झंडा मैदान तक दौड़ लगाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और मतदान करें। उपायुक्त ने कहा गिरिडीह जिला में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान सबका अधिकार है और हम सबको लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वीप एक्टिविटी के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों/कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में भी व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाना हमारा उद्देश्य : डीसी

**आदित्यपुर।** सरायकेला जिला प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है. स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है वहीं अब गांव के गलियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करवा रही है. जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि मतदान प्रतिशतता बढ़ाना हमारा उद्देश्य है जिसको लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरायकेला जिले के विभिन्न इलाकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.इसी क्रम में जिले के ग्रामीण इलाकों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकत किया जा रहा है. आज से कार्यक्रम पथ कम्युनिकेशन की ओर से कुकडु प्रखंड के चौरा पंचायत, ईचाडीह पंचायत, सरायकेला प्रखंड के मुंडाताड पंचायत और मोहितपुर पंचायत में अभियान चलाया जा रहा है. नुक्कड़ नाटक कलाकार अपनी कला के माध्यम से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### मॉडल विद्यालय में अभिभावक एवं शिक्षक की बैठक



**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मॉडल विद्यालय घाटशिला में गुरुवार को अभिभावक एवं शिक्षकों की बैठक प्रधानाध्यापक अरूण कुमार पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में 35 अभिभावकों ने भाग लिया. बैठक में प्रोजेक्ट रेल परख तथा कक्षा 6ठा 7वां एवं 10वीं का वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट कार्ड वितरण के साथ सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रों को सम्मानित किया गया.चुनाव की पाठशाला एवं चुनाव परिचय के तहत वोटर कार्ड का प्रदर्शन किया गया. जिस अभिभावक का वोटर कार्ड नहीं है तो बनाने का लिंक एप शेयर किया गया. साथी सभी अभिभावकों को मतदान करने को लेकर सभी अभिभावक को शपथ दिलाई गई. बैठक में मुख्य रूप से अरूण कुमार पाल, रमाकांत सेठ, प्रियंका झा, सुलोचना पिंगुआ, विश्वनाथ मंडल, अरुप कुमार महाकुड़, बाल सांसद इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

### चैत माह की सांग्रद के साथ साकची गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया सिखों का नववर्ष



**जमशेदपुर।** साकची गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को संगत ने चैत माह की सांग्रद मनाने के साथ-साथ सतनाम-वाहेगुरु का जाप करते हुए नये वर्ष में प्रवेश किया. नानकशाही कैलेंडर के अनुसार चैत महीने की संग्रांद आज 14 मार्च को सिख मयार्दा अनुसार साकची गुरुद्वारा साहिब में नया साल मनाया गया. कीर्तन दरबार सुबह 10 बजे सजाया गया, जिसमें सुखमनी साहिब किर्तन जत्था ने 10:30 बजे तक तथा सिख स्त्री सत्संग सभा की बीबीयों ने 11:00 बजे तक किर्तन किया. उसके उपरांत हजूरी रागी भाई संदीप सिंह जी ने गुरबाणी किर्तन करके संगत को निहाल किया.विशेष तौर पर पहुंचे अकाल गुरमत संगीत विद्यालय रिफ्यूजी कालोनी के बच्चों ने सिख इतिहास के बारे मे संगत को अवगत कराया और कीर्तन दरबार को भक्तिरस से सराबोर कर दिया. कार्यक्रम के समापन पर अरदास किया गया और संगत मे अटूट लंगर वरताया गया. इससे पूर्व प्रधान सरदार निशान सिंह ने दर्शन करने आयी संगत को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आगामी 13 से 16 अप्रैल को साकची गुरुद्वारा मैदान में होने वाले बैसाखी सभ्याचार मेला में शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया. महासचिव परमजीत सिंह काले ने संगत को आह्वान करते हुए कहा कि बैसाखी मेला विशेष होने वाला है जहां अमृतसर, पंजाब के कलाकारों की टीम सिख इतिहास पर विशेष प्रस्तुति देने के लिए जमशेदपुर पहुँच रही है. मंच का संचालन सुरजीत सिंह छीते ने किया।

### जिंदा व्यक्ति को कागजों में बताया मृत, खुद को जीवित साबित करने के लिए कर रहे मशक्कत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे तामोलिया के जीवित व्यक्ति को कागजों में मृत बताने का मामला प्रकाश में आया है. पीड़ित फुचु हेंब्रम खुद को जिंदा साबित करने के लिए एमजीएम अस्पताल के चक्कर लगा रहा है. यह गड़बड़झाला फुचु के जीजा हलधर माझी की मौत के बाद हुआ है. फुचु ने बताया कि वह सरायकेला खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र के तामोलिया का



रहने वाला है. उसने अपने जीजा हलधर माझी को 30 मार्च को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान उसके जीजा की 1 अप्रैल को मौत हो गई थी.फुचु ने बताया कि वह अपने जीजा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एमजीएम अस्पताल गया था. वहां उसे जानकारी मिली कि कागजात में उसे ही मृत बता दिया गया है. इसके बाद वह नाम सुधारने के लिए कई बार अस्पताल के चक्कर लगा रहा है. अंत में उसने भाजपा नेता विमल बैठा से संपर्क किया जिसके बाद अब एमजीएम प्रबंधन द्वारा एफिडेविट मांगा जा रहा है. इधर, फुचु ने एमजीएम अस्पताल अधीक्षक के नाम एक आवेदन दिया है जिसमे उसने बताया है कि उसका नाम फुचु हेंब्रम है और वह जिंदा है. मगर उसे अस्पताल प्रबंधन ने मृत घोषित कर दिया है, उसने अधीक्षक से सुधार की अपील की है।

### खराब जलमीनार को लेकर नीमडीह गांव में ग्रामसभा

**चाईबासा।** सदर प्रखंड अंतर्गत टेकराहातु पंचायत के नीमडीह गांव में खराब जलमीनार को लेकर ग्राम मुंडा कृष्णा बारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता बीएन पुरती के संयुक्त अध्यक्षता में गुरूवार को एक बैठक हुई. बैठक में कहा गया कि गांव के सुसुन अखाड़ा और सांगि सेरेंग स्थित जलमीनार के खराब होने से बड़ी आबादी पेयजल की समस्या से विगत छह माह से जूझ रहे हैं. इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन को दी गई है. लेकिन अब तक इस पर संज्ञान नहीं लिया गया है. ग्रामीणों ने कहा कि दोनों जलमीनार डीएमएफटी फंड से बना है.इसलिए जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन इसकी मरम्मत की जल्द से जल्द जिम्मेदारी ले।

# विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य है इसके बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना : डीसी





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने सभी अधिकारियों को शपथ दिलाई। तथा उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को मलेरिया सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जगरूक करना एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम (स्वास्थ्य समानता, लैगिंक समानता एवं मानव अधिकार) अब हमे मलेरिया उन्मूलन के लिए कार्य करना है जिससे ग्राम स्तर पर मलेरिया मुक्त किया जा सके विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य 2030 तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मलेरिया दिवस में हम संकल्प ले कि मलेरिया समाप्ति के लिए सकारात्मक एवं सशक्त पहल का आरंभ हम करेंगे मलेरिया रोगी संख्या में कमी एवं मलेरिया से होनेवाले मुत्यु को रोकने हेतु भारत सरकार के द्वारा डायग्नोस्टिक टुल-वाईभेलेन्ट कीट, पी०एफ० रोगियों के उपचार हेतु कारगर दवा आर०टी०सू०नेट८० पैक एवं पी०भी० रोगियों के उपचार हेतु क्लोरोक्वीन एवं प्रईमाक्यून उपलब्ध करवाई गई है। मलेरिया से बचाव एवं सुरक्षा हेतु किटनाशी युक्त मच्छरदानी उपलब्ध करवाई गई है साथ हीं मच्छरो के बचाव हेतु घरो के अन्दर कीटनाशी छिड़काव भी कराया जाता है। मेलरिया प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशीयुक्त मच्छरदानी का समुचित प्रयोग एवं आई०आर०एस० की स्वीकार्यता, घर के आस-पास में साफ-सफाई रखने एवं जल जमाव से बचने तथा सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कार्यकताओं के पास मलेरिया जॉच एवं उपचार हेतु निःशुल्क व्यवस्था का लाभ उठाने संबंधित जनजागरूकता किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सभी विभागों के समन्वय एवं समुहिक भागीदारी एवं प्रत्येक व्यक्ति के प्रयास से ही मलेरिया उन्मूलन कार्य किया जा सकता है। हमारा लक्ष्य मलेरिया परजीवी को नस्ट करना है इस कार्य हेतु सभी मलेरिया रोगियों का प्रबंधन, कीटनाशीयुक्त मच्छरदानी की उपयोगिता निगरानी कार्य एवं जांच तथा उपचार ग्राम स्तर पर सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने आपलोगों से आग्रह है कि मलेरिया उन्मून कार्य में जन भागीदारी बने, अपने प्रयास से मलेरिया उन्मूलन हेतु कुशल प्रबंधन में अहम योगदान दें।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
(निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)
E-MAIL eemchazaribag@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिनांक–16.03.2024 के लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोशणा के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्ष आचार संहिता लागू कर दी गई है। आयोग के निदेशानुसार जिला स्तर पर एक **शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर** (Complaint Monitoring Control Room and Call Centre) का गठन कर दिया गया है। यह नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग मजार के पास 24X7 प्रचालित है। इस नियंत्रण कक्ष–सह–कॉल सेन्टर का टॉल फ्री दूरभाष संख्या–**1800 345 6595** है।

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु उपरोक्त टॉल फ्री दूरभाष संख्या पर अपना शिकायत दर्ज रिकार्ड करा सकते है।

नोडल पदाधिकारी
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग
हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग
PR 324105 Election (24-25)_D

# इस्त्राइल और ईरान युद्ध का असर भारत पर

**भारत** से व्यापारिक संबंध वाले पश्चिम एशिया के दो देशों के युद्ध की आंच अब इसे प्रभावित सकती है। इस्त्राइल ने सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया था। उसके बाद से ही इस क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है, क्योंकि पहली बार ईरान ने पलटवार करते हुए सीधे इस्त्राइल पर हमला किया, जिसकी प्रतिक्रिया में इस्त्राइल ने इस्फहान में ताजा हमला किया है। दोनों धुर विरोधी मुल्कों के बीच दशकों से जो छद्म युद्ध चल रहा था, उसने अब गंभीर मोड़ ले लिया है, जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक स्थिरता के लिए चिंता बढ़ा दी है। पूरी दुनिया उत्सुकता से इन घटनाक्रमों को देख रही है और इसके प्रभावों की प्रतीक्षा कर रही है। यह एडवर्ड लॉरेन्ज के ह्यबटरफ्लाइ इफेक्टह्य की याद दिलाता है, जो कहता है कि तितली के पंख फड़फड़ाने से भविष्य में हजारों मील दूर के मौसम पर प्रभाव पड़ता है। इस अवधारणा की कल्पना एक तितली द्वारा पंख फड़फड़ा कर तूफान पैदा करने से की गई है। यह ईरान और इस्त्राइल के बीच बढ़ते तनाव तथा सामान्य रूप से शेष दुनिया एवं विशेष रूप से भारत पर पड़ने वाले प्रभावों के संदर्भ में सटीक है। भारत पर इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के जरिये पड़ेगा। यह इसलिए, क्योंकि भारत कच्चे तेल का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और पश्चिम एशिया वैश्विक कच्चे तेल के एक-तिहाई का आपूर्तिकर्ता है। ईरान और इस्त्राइल के बीच तनाव बढ़ते ही आपूर्ति संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं। चूंकि भारत अपनी जरूरत के 85 फीसदी कच्चे तेल की पूर्ति आयात से करता है, इसलिए कीमतों में जरा-सी वृद्धि होने पर भी आयात बिल काफी बढ़ जाता है, जिससे न केवल चालू खाते का घाटा बढ़ता है, बल्कि व्यापार संतुलन भी बिगड़ जाता है। दूसरी तरफ, पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें बढ़ जाने से परिवहन लागत बढ़ जाती है, जो मुद्रास्फीति बढ़ाती है और आम आदमी का जीवन कठिन हो जाता है। इसके अलावा, तेल की उच्च कीमत और पश्चिम एशिया में अस्थिरता से डॉलर में मजबूती आएगी, जो भारतीय रुपये को और कमजोर करेगी और देश के समक्ष आर्थिक चुनौतियां बढ़ जाएंगी। इसलिए यदि समय पर इसका प्रबंधन नहीं किया गया, तो इससे देश की व्यापक आर्थिक बुनियादें खतरे में पड़ जाएंगी।यह भी ध्यान देना प्रासंगिक है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फलस्तीन में हमास का समर्थन करता है और उनसे सहयोग भी लेता है। ईरान और इस्त्राइल के बीच तनाव बढ़ने की स्थिति में इस बात की बहुत आशंका है कि ईरान अरब सागर और लाल सागर में व्यापार मार्ग को बाधित करने के लिए हूती विद्रोहियों का सहयोग ले। हाल के महीनों में इस्त्राइल-फलस्तीन संघर्ष के मद्देनजर हूती विद्रोहियों की बाधाओं के चलते पूरी दुनिया को पहले ही काफी नुकसान उठाना पड़ा है। आशंका इस बात की है कि ईरान दुनिया के सर्वाधिक रणनीतिक महत्व के होर्मूज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है, जो फारस की खाड़ी से खुले महासागर में जाने का एकमात्र समुद्री मार्ग है। यदि ऐसा हुआ, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो जाएगी, जिससे पूरी दुनिया में मुद्रास्फीति बढ़ने के साथ वैश्विक व्यापार में काफी उथल-पुथल होगा। कहने की जरूरत नहीं है कि भारत को भी बाधित व्यापार प्रवाह और उच्च मुद्रास्फीति और निर्यात क्षेत्र में घाटे का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।भारत के इस्त्राइल और ईरान, दोनों देशों के साथ रणनीतिक हित जुड़े हुए हैं। पिछले दस वर्षों में भारत के संबंध इस्त्राइल के साथ काफी घनिष्ठ हुए हैं और इस्त्राइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ समर्थन देने के अलावा रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। भारत इस्त्राइल का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा और दुनिया में सातवां सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। भारत में बड़ी संख्या में यहूदी रहते हैं और इस्त्राइल में भी 18,000 भारतीय रहते हैं, जो वहां इस्त्राइली बुजुर्गों की देखभाल करते हैं, सॉफ्टवेयर पेशेवर हैं, हीरा व्यापारी और छात्र हैं। जब इस्त्राइल ने हालिया संघर्ष के बाद अपने देश में फलस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया, तो भारत ने काफी श्रमिक इस्त्राइल भेजे। इस प्रकार भारत के इस्त्राइल के साथ रणनीतिक संबंधों के अलावा व्यापार, रक्षा और लोगों के आपसी संबंध भी हैं।

राजनीति

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वो पर संकट में घिरी कांग्रेस


ललित गर्ग

**लोकसभा** चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी। कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए। निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे. हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे। सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले। यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिवक्व एवं समझदार होने की अपेक्षा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात



### ईवीएम प्रलाप से पहले यह बात


राकेश दुबे

और देश के 17 राज्यों और 7 संघशासित क्षेत्रों की 102 लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण का मतदान हो चुका है। जनादेश का एक हिस्सा उन ईवीएम में ही दर्ज हो चुका है, जिस पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी उनका संदेह बरकरार हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यहां तक दावा किया है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई है, तो भाजपा को 180 से कम सीटें मिलेंगी। मतलब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुगालते में है कि ईवीएम के जरिए ही जो मतदान होगा, उससे जनादेश उन्हें ही मिलने वाला है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की आज भी सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही बनी हैं। चुनावी पराजय से पूर्व राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी 2018 में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रखा है। दरअसल सवाल यह है कि विपक्ष इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्थाओं के ही खिलाफ क्यों है? ईवीएम का इस्तेमाल छोड़ कर मतपत्रों वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च अदालत खारिज कर चुकी है। याद कीजिए ईवीएम की शुरूआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही दौरान हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं और 4 लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनावों और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। सभी एक विशेष पार्टी के पक्षधर हो जाएं या ईवीएम का प्रोग्राम एक ही पार्टी के पक्ष में तय कर दिया जाए और इतने चुनावकर्मी एक साथ 'भ्रष्ट' हो जाएं, यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना भी संभव नहीं है, अलबत्ता मशीन में तकनीकी खराबी जरूर आ सकती है। उस स्थिति में ईवीएम बदलने की पारदर्शी व्यवस्था है। चुनाव आयोग ने अदालत में अपना समूचा पक्ष रखा है। वीवीपैट पर्ची और वोटिंग के आपसी मिलान पर भी स्पष्टीकरण दिया है। पर्ची 7 सेकंड के लिए दिखती है। उसके बाद पर्ची मशीन में ही चली जाती है। न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना जोखिम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता एडीआर ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। अब चुनाव की निष्पक्षता, ईमानदारी बरकरार रहे, मतदाताओं के जेहन में लेशमात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए और आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता भी बनी रहे, उस संदर्भ में अदालत को निर्णय देना है। ईवीएम को लेकर अक्सर प्रलाप मचाया जाता रहा है और चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रहपूर्ण है। आयोग ने ईवीएम को हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। अपने पक्ष के विजयी जनादेशों को विपक्ष शानदार हुंकार के साथ स्वीकार भी करता रहा। क्या एक संवैधानिक व्यवस्था ऐसे काम कर सकती है? न्यायिक पीठ के सामने चुनाव आयोग ने खुलासा किया कि 4 करोड़ ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों के मिलान कराए गए हैं। बहरहाल अदालती फैसले की प्रतीक्षा है। **(भोपाल)**

देश-विदेश

# हमारी आंखों के सामने भारत के रूप में एक वैश्विक केंद्र का उदय


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के गुरु और जिन्हें रुस के वर्तमान दृष्टिकोण का प्रणेता माना जाता है वे 'अलेक्जेंडर दुगिन' भारत को इसी सदी में दुनिया की महाशक्ति बनता हुआ देख रहे हैं और इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं । वस्तुतः किसी भी बात के कहने का महत्व इससे अधिक होता है कि उसे कह कौन रहा है, इस मामले में 'अलेक्जेंडर दुगिन' बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें आज के रशिया को अपने मन के मुताबिक बनाने का श्रेय दिया जाता है और उनकी कही बातों को पूरे विश्व का बौद्धिक जगत प्रमुखता से लेता है। यह कहना गलत न होगा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद अपने को जो मानते हैं और रूस के लिए जो भी नीति निर्धारित करते हैं, उसके पीछे दिमाग समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ, रूसी भू-राजनीतिक स्कूल, यूरेशियन आंदोलन के संस्थापक, दर्शनशास्त्री 'दुगिन' का होता है, यह आज दुनिया भी स्वीकारती है। अतः जब भारत के संदर्भ में 'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' एक लम्बा लेख लिखते हैं और यह घोषणा करते हैं, 'हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं। हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है। तब आज के हालातों को देखते हुए उनकी कही इस बात में पूरी सत्यता नजर आती है। वैसे 'दुगिन' की कही इन बातों का आज सबसे अधिक महत्व इसलिए दिखता है, क्योंकि विश्व में एक अलग प्रकार की उथल-पुथम मची हुई है। भू-राजनीति स्तर पर दुनिया कई खेमों में बंटी दिखती है। इजराइल-गाजा के बीच हमास आतंकवादी संगठन को लेकर चले लम्बे युद्ध का अब तक पूरी तरह अंत नहीं हो पाया और इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का नया संकट खड़ा है। चीन की अपनी अधिनायक राजनीति है, जिससे उसके आसपास के सभी देश परेशान हैं। अफ्रिका के ज्यादातर राष्ट्र आंतरिक संकट से जूझ रहे हैं, वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। युरोप के अधिकांश देश आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जीडीपी गिरी हुई है, यहां के आम जीवन में बहुत उत्साह नजर नहीं आता **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है।**



## बोधि वृक्ष

# भगवान भैरव के 5 प्रसिद्ध मंदिर

> **जहां भक्तों को मिलता है भय से मुक्ति का वरदान**

मान्यताओं के अनुसार, काल भैरव की पूजा करने से सभी संकटों से मुक्ति मिल जाती है। क्योंकि, काल भैरव की पूजा घर में नहीं की जाती है। इसलिए भारत में कई जगहों पर प्रसिद्ध कालभैरव मंदिर है, जिसका अपना अलग-अलग महत्व है।

हिंदू धर्म में कई ऐसे देवी-देवता हैं, जो अपनी अनोखी परंपरा के लिए जाने जाते हैं। इनमें से एक भगवान काल भैरव हैं। काल भैरव की पूजा तंत्र साधना के लिए बेहतर मानी जाती है। धार्मिक मान्यताएं हैं कि काल भैरव की पूजा करने से लोगों को सभी संकटों से मुक्ति मिल जाती है। हालांकि, देशभर में कई जगहों पर प्रसिद्ध कालभैरव मंदिर है। जिनका अपना अलग-अलग महत्व है।



इसके चलते लोग बाबा भैरव से मनचाहा आशीर्वाद पाने के लिए देशभर में स्थित भगवान भैरव के पावन धाम पर पहुंचते हैं। वहीं, शत्रुओं का नाश करने वाले भी भगवान भैरव की पूजा-पाठ के लिए यह दिन काफी शुभ और फायदेमंद माना गया है।

**उज्जैन का काल भैरव मंदिर**

मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित भगवान कालभैरव मंदिर का रहस्य है कि यहां स्थित कालभैरव की प्रतिमा शराब का सेवन करती है।

## फेसबुक वॉल से

**Rama Shankar Singh**
2 h

आपको पता है पहले मैं इतना कमजोर था की चेयर से भी जंप नही मार सकता था 😫

फिर मैंने ऋतिक की एड वाली माउंटेन ड्यू पी 😎

और अब मैं डेली मंगल ग्रह से दिन में दो बार पृथ्वी पे छलांग लगा के जंप करता हूं🙈🙈🤣🙃😒😳🤣

नोट -- भ्रा#मक दावे सिर्फ रामदेव बाबा करते है 🙄







Prakash Sahay and 6 others · 4 comments
Like · Comment · Send · Share

## X - से

**Sudhir Chaudhary** @sudhirc... · 10h

1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान नेहरू सरकार ने विज्ञापन निकालकर लोगों से पैसा और महिलाओं से सोना और गहने दान में देने की अपील की। इसके लिए सरकारी केंद्र बनाये गये जहां महिलाओं ने अपने मंगल सूत्र तक दान कर दिए ताकि भारतीय सेना को चीन से लड़ने के लिए संसाधन मिल सकें।
भारत के लोगों... Show more



317 · 983 · 3K · 139K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# जाति के इर्द गिर्द धूमती भारतीय राजनीति

**भारतीय** राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए। आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है। सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं। वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहाँ वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल माँगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है। देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाये जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं। जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है। समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था।

■ **अरुण कुमार दीक्षित (ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

# फोन खोने या चोरी होने पर मददगार होगी गूगल की यह सर्विस



इस एप को किसी अन्य डिवाइस में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें। अगर आपके पास कोई अन्य फोन नहीं हो तो आप किसी अन्य व्यक्ति की मदद से इसे लॉगइन कर सकते हैं या फिर वेबसाइट के जरिए भी आप लॉगइन कर सकते हैं।

**इस तरह से ढूंढे अपना फोन**

अगर आप ने फाइंड माय डिवाइस में लॉगइन कर रखा है तो आपका चोरी या गुम हुए फोन ता नाम दर्ज करने के बाद गेट डॉयरेक्शन पर क्लिक करें। इसके बाद आपकी फोन की लोकेशन का पता लग जाएगा। साथ ही आपको आईएमईआई नंबर की जानकारी भी दर्ज करनी होगी। ये नंबर आपके डिवाइस पर दिया गया होता है। फिर आपको गियर आइकन पर क्लिक करके आप आईएमईआई नंबर की डिटेल डिवाइस के ऑन होने की डेट के साथ हासिल कर सकते हैं।

**ऐसे करें फैक्ट्री रिसेट**

इसके साथ ही आप रिमोट तरीके से अपने फोने को फैक्ट्री रिसेट कर सकते हैं। अगर आप अपने खोए या चोरी हुए फोन तलाश नहीं कर पा रहे तो आप फैक्ट्री रिसेट करना सबसे बेहतर रहेगा। ऐसा करने से फोन का सारा स्टोर डेटा ऑटोमेटिकली तौर पर डिलीट हो जाएगा। बस खोए हुए या चोरी फोन को तलाशने के लिए उसमें इंटरनेट का ऑन रहना जरुरी है। इसके साथ ही बैटरी का होना जरुरी है। **(समाप्त)**


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार रात को हुई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना काबुल की राजधानी को पूर्वी प्रांतों से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई, जब एक यात्री वाहन सड़क से उतर गया और पहाड़ से टकरा गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायलों का अब स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। अफगानिस्तान में सड़क की खराब स्थिति, लापरवाही से गाड़ी चलाना, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम बात है।

## चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी सांसद मनोज तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख और अपनी मां की मौजूदगी में मनीष कश्यप ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मनीष कश्यप ने बिहार में पुल ढहने का यूट्यूब फुटेज बनाया था, जो काफी वायरल हुआ था। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्रवाई की थी।

## कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के खिलाफ 420 का मुकदमा दर्ज

**कानपुर।** कानपुर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा के खिलाफ 420 का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है। दरअसल, पुलिस ने बीते बुधवार को एंबुलेंस से चुनाव से संबंधित सामग्री बरामद की थी। एंबुलेंस को जब्त कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, एंबुलेंस से विपक्षी नेताओं के पोस्टर और बैनर बरामद किए गए हैं।

# इजरायल का समर्थन करने पर अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन तेज, सैकड़ों छात्र गिरफ्तार






**एजेंसी। न्यूयॉर्क**
मिडिल ईस्ट में गाजा युद्ध को लेकर इजरायल का समर्थन करने के अमेरिका के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों के कैंपस से सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर में आइवी लीग कोलंबिया यूनिवर्सिटी कैंपस में बुधवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जहां 100 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया गया और उनके तम्बू को हटा दिया गया। कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छात्रों की मांग हैं कि अमेरिका इजरायल के लिए अपना समर्थन बंद कर दे, जो गाजा में हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। गाजा में 30,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उनकी यह भी मांग है कि विश्वविद्यालय इजरायल के साथ सारे संबंध तोड़ ले। छात्रों को टेक्सस-ऑस्टिन विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, येल, ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी और दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से गिरफ्तार किया गया है।

# पटना जंक्शन के पास होटल में लगी आग छह की मौत 20 झुलसे



**एजेंसी। पटना**
राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित होटल में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

## कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं : जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी विरासत कर के मुद्दे पर लगातार सफाई दे रही है। आज पार्टी महासचिव ने एक बार फिर पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में विरासत कर का कोई जिक्र नहीं है। कांग्रेस की ओर से आज एक बार फिर प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन किया गया। पत्रकारवार्ता में महासचिव जयराम रमेश ने इसका खंडन किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सत्ता में आने पर पीढ़ी दर पीढ़ी संपत्ति हस्तांतरण पर कर लगायेगी। कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में हमारे घोषणापत्र का दुष्प्रचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणापत्र को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने ऐसे मुद्दे उठाए जो कांग्रेस के घोषणापत्र में नहीं हैं।

### हैती समूह के प्रवक्ता याह्या सारेया का दावा

# अमेरिकी और इजरायली जहाजों को बनाया निशाना



**एजेंसी। सना**
यमन के हैती समूह ने अदन की खाड़ी में दो अमेरिकी जहाजों और हिंद महासागर में एक इजरायली जहाज को निशाना बनाकर किए गए तीन हमलों की जिम्मेदारी ली है। हैती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने बुधवार को एक बयान में कहा, गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और हमारे देश (यमन) के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता के जवाब में, हमारे नौसैनिक बलों ने कई उपयुक्त नौसैनिक मिसाइलों के साथ अदन की खाड़ी में अमेरिकी जहाज (मर्स्क यॉर्कटाउन) को निशाना बनाया और हमला सटीक था। प्रवक्ता ने हमलों की तारीख बताए बिना कहा, हमने बम से लैस ड्रोनों का उपयोग करके अन्य दो सैन्य अभियानों को भी अंजाम दिया। जिनमें से एक ने कई ड्रोनों के साथ अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाया और दूसरे ऑपरेशन में कई ड्रोनों के साथ हिंद महासागर में इजरायली जहाज (एमएससी वेराक्रूज) को निशाना बनाया। दोनों ऑपरेशनों ने अपने लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किये। उन्होंने कहा, हम पुष्टि करते हैं कि हम इजरायली जहाजों या इजरायल की ओर जाने वाले किसी भी जहाज को लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में जाने से तब तक रोकना जारी रखेंगे जब तक कि गाजा में फिलिस्तीनी लोगों पर इजरायली आक्रामकता बंद नहीं हो जाती और घेराबंदी नहीं हटा ली जाती। प्रवक्ता ने शपथ ली की उनका समूह आने वाले दिनों में और अधिक कार्रवाई करेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले दिन में यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने अदन की खाड़ी में एक जहाज के पास विस्फोट की सूचना दी थी, जिसमें कहा गया था कि कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ है।

## अब भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है : राजनाथ सिंह



**एजेंसी। लखीमपुर खीरी**
रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद भाजपा ने अपना हर वायदे को पूरा किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का कद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। कांग्रेस की सरकार में आये दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। आज कहीं पर भी आतंकवादियों को आतंकी हरकत करने की हिम्मत नहीं करते। जिस शक्ति से भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्पों को पूरा किया है। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनवाने के साथ ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कराया। इसके साथ ही तीन तलाक कानून को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं एवं परिवारों को न्याय दिलाया। रक्षामंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कहा कि हमें जिताओ हम गरीबी मिटा देंगे, लेकिन हिन्दुस्थान की गरीबी बढ़ती चली गयी। उन्होंने बताया कि मोदी की सरकार में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि हम सबको सतर्क रहने की जरूरत है।

# मोदी शोषितों, वंचितों के मान-सम्मान की चर्चा नहीं कर रहे : मनोज झा

**एजेंसी। पटना**
राजद के मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज झा ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार सफाई में संविधान नहीं बदलने की बात तो कर रहे हैं, लेकिन, वे महिलाओं के सम्मान, युवाओं के रोजगार, गरीबों के अधिकार और शोषितों-वंचितों को मान-सम्मान देने के प्रति कोई बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत जो रोजगार, नौकरी, किसानों, पेंशन तथा बेहतर शिक्षा की बात कर रहे हैं, उन्हें देशद्रोही बताया जा रहा है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कल दूसरे चरण का चुनाव है। यह निष्पक्ष और स्वतंत्रता के साथ रोजगार और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर महत्वपूर्ण चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पास कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है।

## दार्जिलिंग के तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्र संचालित करेंगी महिलाएं

**एजेंसी। सिलीगुड़ी**
लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान कल यानी की शुक्रवार को होना है। गुरुवार से मतदान कर्मी मतदान केंद्र के लिए रवाना होने लगे है। सिलीगुड़ी कॉलेज के डिस्ट्रीब्यूशन कम रिसीविंग सेंटर (डीसीआरसी) से सिलीगुड़ी, माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी और फांसीदेवा विधानसभा क्षेत्रों के मतदान कर्मी ईवीएम, मतदाता सूची सहित सभी मतदान सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि सिलीगुड़ी विधानसभा में 245, माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी में 325 और फांसीदेवा में 261 मतदान केंद्र हैं।

## न्यूज बॉक्स

### यूक्रेन ने लंबी दूरी की मिसाइल से रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को बनाया निशाना



**वाशिंगटन।** यूक्रेन ने अमेरिका से मिली लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का पहली बार इस्तेमाल करते हुए रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को निशाना बनाया है। यह जानकारी अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह क्रीमिया में एक रूसी सैन्य हवाई क्षेत्र और एक अन्य कब्जे वाले क्षेत्र में रूसी सेना पर बमबारी की गई। अमेरिका ने गत अक्टूबर में दोगुनी मारक क्षमता वाली मिसाइल यूक्रेन को उपलब्ध कराई थी। इन मिसाइल से 300 किलोमीटर दूरी तक के लक्ष्य पर निशाना साधा जा सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित नये सैन्य सहायता पैकेज के तहत इनमें से अधिक मिसाइल प्रदान कर रहा है। इस बीच ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के उपाध्यक्ष ने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल उपलब्ध कराने का यह सही समय है। यूक्रेन को बढ़ते रूसी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली के लिए अनुरोध कर रहा था। अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई गई मिसाइल बहुत दूर स्थित रूसी लक्ष्यों पर हमला करने की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करती है।

### सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा, 'विपक्ष ने मेरी बहनों को मेरे खिलाफ खड़ा किया'



**कडप्पा (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनके विरोधियों ने साजिश के तहत उनकी दो बहनों को उनके ही खिलाफ खड़ा कर दिया है। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख जगन पुलिवेंदुला में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपनी बहन और राज्य कांग्रेस प्रमुख वाईएस शर्मिला रेड्डी और चचेरी बहन वाईएस सुनीता रेड्डी द्वारा लगाए गए आरोपों का खुलकर जवाब दिया। वाईएस शर्मिला रेड्डी कांग्रेस की ओर से कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं और उन्हें दिवंगत पूर्व मंत्री वाईएस विवेकानंद रेड्डी की बेटी सुनीता रेड्डी का समर्थन हासिल है। दोनों एक बार फिर वाईएस अविनाश रेड्डी को कडप्पा से वाईएसआरसीपी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारने के लिए सीएम जगन पर निशाना साध रही हैं। सीबीआई ने अविनाश रेड्डी को विवेकानंद रेड्डी की हत्या में आरोपी बनाया है।

### लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने लॉन्च किया कैंपेन सॉन्ग




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च कर दिया। आप ने लोकसभा कैंपेन सॉन्ग को अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और उनके जेल जाने से जोड़ा है। कैंपेन सॉन्ग के शुरूआती बोल 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' हैं। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक कुर्सी खाली रखी गई। थीम सॉन्ग लॉन्च करने के दौरान आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश का व्यापारी समाज भी यह कह रहा है कि हमारे समाज का एक व्यक्ति दिल्ली का मुख्यमंत्री था, उसे भी पकड़ के जेल में डाल दिया। व्यापारियों में प्रतिक्रिया है, युवाओं में प्रतिक्रिया है, माता बहनों में प्रतिक्रिया है।

## प्रचार में सभी को भाषा की मर्यादा बनाकर रखनी चाहिए : डिंपल



**एजेंसी। मैनपुरी**
मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने एक जनसभा में कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने परोक्ष रूप से उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब पूरे देश की सरकार जाएगी, तो उत्तर प्रदेश की सरकार भी जाएगी। वहीं, उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा सपा और कांग्रेस से मांगे गए जवाब पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मैं समझती हूं कि किसी भी चुनाव प्रचार में भाषा की अपनी मयार्दा होनी चाहिए। सभी लोगों को चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मयार्दा बनाकर रखनी चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष:** लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**वृषभ:** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क:** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह:** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**तुला:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**वृश्चिक:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु:** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।

**कुम्भ:** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

# मायावती ने की सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान की निंदा




**एजेंसी। लखनऊ**
बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स से जुड़े बयान की कड़ी निंदा की है। मायावती ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत में धन के वितरण की आड़ में अमेरिका की तरह निजी सम्पत्ति पर विरासत टैक्स की सोच सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने की साजिश है। कांग्रेस द्वारा उसकी पैरवी गरीबों की भलाई का कम व राजनीति से प्रेरित गरीबी हटाओ की चर्चित विफलता पर लोगों का ध्यान बांटने का चुनावी प्रयास ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि जहां तक भारत में सम्पत्ति एवं सरकारी भूमि वितरण आदि से जुड़े मामलों में दलितों व वंचितों के लिए न्याय का सवाल है तो इनकी सरकारों की सही नीयत के अभाव के कारण यहां गरीबी, पिछड़ापन, पलायन की विवशता दूर नहीं हो पाई।

कांग्रेस को उसकी ऐसी दागदार विरासत से मुक्ति मुश्किल है। उल्लेखनीय है कि पित्रोदा ने शिकागो में अपने हालिया बयान में विरासत टैक्स की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। फर्ज कीजिए, अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति बच्चों को दी जाती है और 55 फीसदी सरकार के पास जाती है। इसका सीधा मतलब है जो संपत्ति आपने अपने जीते-जी बनाई, उसकी आधी मरने के बाद जनता के लिए छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत रोचक कानून है। वहीं भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है। पित्रोदा के इस कथन ने इसलिए तूल पकड़ लिया क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति का सर्वे कराने का वादा किया है।

## बिहार में दूसरे चरण में 5 संसदीय सीटों पर मतदान

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच संसदीय क्षेत्र में 93.96 लाख से ज्यादा मतदाता शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को लेकर सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। राज्य निर्वाचन विभाग के मुताबिक शुक्रवार को किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में मतदान होने वाला है। इन क्षेत्रों में बुधवार को ही चुनाव प्रचार समाप्त हो गया था। प्रत्याशी गुरुवार को मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर. श्रीनिवास ने बताया कि पांच लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए 9,322 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पांच लोकसभा क्षेत्रों में कुल 50 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला 93.96 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे। सबसे ज्यादा 12-12 प्रत्याशी भागलपुर और किशनगंज में हैं। जबकि, बांका में 10, कटिहार में 9 और पूर्णिया में 7 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

# आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र पर ज्ञान लेने की जरूरत नहीं : अनुराग ठाकुर



**एजेंसी। नई दिल्ली**
चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी के लोकतंत्र पर बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के लोग कहते हैं कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है तो उनके लिए बस एक ही संदेश है कि उनके ज्ञान की देश को आवश्यकता नहीं है। कश्मीर में अनुच्छेद 370, 35 (ए) लगाना पंडित जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी गलती थी जबकि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370, 35 (ए) हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पंचायत के चुनाव, डीडीसी के चुनाव हुए और अब विधानसभा चुनाव भी कराए जाएंगे। कांग्रेस हर चुनाव के समय पर देश को गुमराह करती है। उल्लेखनीय है कि मनीष तिवारी ने आरोप लगाया था कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है।





# दिल्ली ने रोमांचक मुकाबले में गुजरात को चार रन से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कप्तान ऋषभ पंत के 43 गेंदों में नाबाद 88 रन और अक्षर पटेल के 43 गेंदों में 66 रन के बाद गेंदबाजी में रसिख सलाम के तीन विकेटों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। आईपीएल से इस एडिशन में यह दिल्ली की चौथी जीत है। डीसी ने निर्धारित 20 ओवरों में 224/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। बी साई सुदर्शन के 65 और डेविड मिलर के 55 रनों की बदौलत जीटी ने तेजी से रन बनाए, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। गुजरात की ओर से 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, शुभमन गिल अपने 100वें आईपीएल गेम में एनरिक नॉर्टजे की गेंद पर मिड-ऑन पर गलत तरीके से कैच थमा बैठे। रिद्धिमान साहा और सुदर्शन ने पावर-प्ले के शेष समय में आपस में दस चौके लगाए। दोनों ने तीसरे ओवर में खलील अहमद के खिलाफ 17 रन जोड़े। रासिख की गेंद पर मिड-ऑन पर अक्षर को 17 रन पर जीवनदान मिला। जीटी ने पावर-प्ले 67/1 पर समाप्त किया।



सुदर्शन लगातार चौके लगाते रहे। लेकिन कुलदीप यादव ने साहा को अक्षर के हाथों कैच करा दिया। सुदर्शन ने 29 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। अक्षर ने ओमरजई को फ्रेजर-मैकगर्क के हाथों कैच करा दिया। सुदर्शन रसिख के खिलाफ लॉन्ग-ऑफ पर आउट हो गए। रसिख ने इसके बाद शाहरुख खान को विकेट के पीछे कैच कराया। कुलदीप की आखिरी गेंद पर राहुल तेवतिया भी इसी तरह आउट हुए। दूसरे छोर पर मिलर ने 21 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। 17वें ओवर में 24 रन आए। 18वें ओवर की पहली गेंद पर अभिषेक पोरेल ने राशिद का कैच छोड़ दिया। मिलर ने मुकेश की गेंद पर चौका लगाया, लेकिन वह भी 23 गेंदों में 55 रन बनाकर आउट हो गए। अंतिम दो ओवर में 37 रनों की जरूरत थी। अंतिम ओवर में समीकरण 19 रन पर आ गया। राशिद ने मुकेश को लॉन्ग-ऑन और मिड-विकेट के बीच के अंतर में चौका लगाकर शुरूआत की।

## प्राइम टेबल टेनिस लीग का दूसरा सीजन 27-28 अप्रैल को



**मुंबई।** पहले सीजन की सफलता के बाद प्राइम टेबल टेनिस का दूसरा संस्करण 27-28 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया जाएगा। पहला सीजन जहां, ठाणे जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ियों पर केंद्रित था, वहीं दूसरे सीजन में महाराष्ट्र के शीर्ष खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बुधवार को आयोजकों द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दूसरा सीजन पलावा शहर के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा। लीग ने पहले ही महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के साथ 5 साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

# रांची में 30 अप्रैल से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन

**एजेंसी। रांची**

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग (एनडब्ल्यूएचएल) का आयोजन होगा। यह नौ मई तक खेला जाएगा। इसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा। हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग हमारे महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। लीग का चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा जो देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा।



अपनी तरह का यह पहला घरेलू लीग टूर्नामेंट होगा। इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन दिखेगा। एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और स्थापित तथा महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। उद्घाटन चरण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि हॉकी लीग में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीम शामिल है। सभी टीमें एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

## रसिख सलाम को आचार संहिता उल्लंघन पर लगी फटकार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज रसिख सलाम डार को बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच 40 के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। डार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

# फर्स्ट हॉकी रांची महिला एवं पुरुष लीग आयोजित

**पुरुष वर्ग में आज एनटीएचए जमशेदपुर और हुलहुंडु ब्रदर्स की टीम ने विजय हासिल की**



**एजेंसी। रांची**

25 अप्रैल 2024: हॉकी झारखण्ड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2024 से 02 जून 2024 तक आयोजित फर्स्ट हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरुष 2024 में आज छठवें दिन पुरुष वर्ग के 02 मैच खेले गए । जिसमें एन टी एच ए जमशेदपुर ने सिनी खूंटी 08 - 00 से तथा हुलहुन्दू ब्रदर्स ने जातुर अखरा खूंटी को 03=01 गोल से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया । आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयन्त केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा इत्यादि थे।

कल 26/04/2024 को पुरुष एवं महिला वर्ग के 01-01मैच खेले जाएंगे ।

1. 02.00 पीएम - हॉकी गुमला वर्सेस झारखण्ड 11 (पुरुष)
2. 04.00 पीएम - हॉकी गुमला वर्सेस रेनिग स्टेर, हुलहुंडु (महिला)

## पूर्व क्रिकेटर गाइ व्हिटल तेंदुए के हमले में घायल



**हुमानी।** जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर गाइ व्हिटल को इस सप्ताह की शुरूआत में तेंदुए के हमले में चमत्कारिक रूप से बचने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। व्हिटल जिम्बाब्वे में अपनी स्वामित्व वाली एक संरक्षक कंपनी में अपने कुत्ते के साथ सैर पर निकला था। सोशल मीडिया (फेसबुक) पर उनकी पत्नी हन्ना व्हिटल की एक पोस्ट के अनुसार, चोट मंगलवार को लगी जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए हरारे ले जाया गया। व्हिटल ने 1993 से 2003 के बीच जिम्बाब्वे के लिए 46 टेस्ट और 147 वनडे खेले और दोनों प्रारूपों में 4912 रन बनाए। टेस्ट में उन्होंने 51 और वनडे में 88 विकेट लिए।

# राफेल नडाल फिट नहीं, टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चितता

**एजेंसी। मैड्रिड**

राफेल नडाल ने बुधवार को स्वीकार किया है कि वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चित हैं। नडाल ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, इस सप्ताह संवेदनाएं सही नहीं रहीं। अगर यह मैड्रिड नहीं होता तो शायद मैं नहीं खेलता। लेकिन इसमें बहुत सारी भावनाएं शामिल हैं। मुझे नहीं पता कि अगले तीन हफ्तों में क्या होने वाला है। मैं लड़ना जारी रखूंगा और वो चीजें करता रहूंगा जो मुझे लगता है कि पेरिस में खेलने के लिए मुझे करने की जरूरत है। और यदि यह संभव है, तो यह संभव है। यदि नहीं, तो नहीं। मैं पेरिस में उस तरह से खेलने नहीं जा रहा हूं जैसा मैं आज महसूस कर रहा हूं। नडाल ने कहा है कि यह संभवतः दौरे पर उनका विदाई वर्ष है और वह



आखिरी बार रोलांड गैरोस में प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद कर रहे हैं, जहां वह 14 बार के चैंपियन हैं। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने मैड्रिड में रिकॉर्ड पांच बार खिताब जीता है, स्पेनिश राजधानी में उनका आखिरी खिताब 2017 में आया था। वह गुरुवार को 16 वर्षीय अमेरिकी डार्विन ब्लैंच के खिलाफ पदार्पण करने वाले हैं। नडाल ने कहा, उम्मीद है कि मैं कई सीमाओं के बिना खेल सकता हूं। फिर हम देखेंगे कि क्या होता है। अगर मैं सीमाओं के बिना खेलता हूं, भले ही मैं हार जाता हूं, तो यह सकारात्मक होगा।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## सेंसेक्स में जबर्दस्त उछाल, निवेशकों ने कमाए 2.97 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार पांचवें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों ने लगातार खरीदारी शुरू कर दी। लगातार हो रही लिवाली के कारण शेयर बाजार ने ओपनिंग के कुछ समय बाद ही शानदार रिकवरी कर ली। आज के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,015 अंक और निफ्टी निचले स्तर से 320 अंक की छलांग लगाने में सफल रहे। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही।

# वित्त वर्ष 2024-25 में अदाणी समूह की एसीसी को मिला सर्वाधिक 2337 करोड़ का शुद्ध लाभ

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अंबुजा सीमेंट्स की सहायक कंपनी एसीसी लिमिटेड ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024 में 2,337 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक शुद्ध वार्षिक लाभ (पीएटी) की घोषणा की। यह पिछले साल के मुकाबले 378 प्रतिशत अधिक है। अदाणी समूह की सहायक एसीसी लिमिटेड ने 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में 79 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 837 करोड़ रुपये का परिचालन ईबीआईटीडीए दर्ज किया। कंपनी ने बेहतर प्रदर्शन का श्रेय मात्रा, लागत और दक्षता मापदंडों में चौतरफा सुधार को दिया। एसीसी लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय कपूर ने कहा, हम सीमेंट उद्योग के अगुवा के रूप में अपनी स्थिति मजबूत बनाए हुए हैं। वर्ष के दौरान ईबीआईटीडीए में



138 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ हमारा वित्तीय प्रदर्शन हमारे बिजनेस मॉडल की मजबूती का प्रमाण है।

वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए, कंपनी ने 945 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया। यह पिछले साल के मुकाबले तीन गुना अधिक है। कंपनी के पूंजीगत व्यय और विकास योजनाओं के संदर्भ में, बोर्ड ने इक्विटी शेयरों पर 7.50 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से लाभांश देने की सिफारिश की है। यह 12 महीने के आधार पर पिछले साल के लाभांश के अनुरूप है। कंपनी के अनुसार, ईंधन टोकरी में बदलाव और वैकल्पिक ईंधन की अधिक खपत के साथ इसकी भट्ठी ईंधन लागत में सुधार हुआ है। कंपनी ने बताया कि, चंदा (18 मेगावाट) और वाडी (21.5 मेगावाट) में अपशिष्ट ताप पुनर्प्राप्ति प्रणाली (डब्ल्यूएचआरएस) सुविधाओं पर काम पटरी पर है। यह इस साल दूसरी तिमाही में चालू हो जाएगा। इससे कुल बिजली क्षमता 86 मेगावाट या 25 प्रतिशत तक ले जाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, कंपनी की हरित ऊर्जा पहल से 2028 तक 60 प्रतिशत हरित ऊर्जा हासिल करने, लागत कम करने, ईबीआईटीडीए में सुधार करने और इसकी 'एसडीपी योजना 2030' में तेजी लाने में मदद मिलेगी। एसीसी लिमिटेड के पास 20 सीमेंट विनिर्माण स्थल, 86 से अधिक कंक्रीट संयंत्र और अपने ग्राहकों की सेवा के लिए चैनल भागीदारों का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है।

## कच्चा तेल 89 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 89 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआइ क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशियाई बाजारों में भी गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार ने भी पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया। एशियाई बाजारों में भी आज बिकवाली का दबाव बना हुआ है। टेक कंपनियों के कमजोर नतीजों की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। हालांकि कारोबार के अंत में खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स 43 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500



इंडेक्स ने 1.08 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 5,071.63 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,712.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 110.17 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करते रहे। एफटीएसई इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,040.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# डेल ने भारत में नया एलियन वेयर गेमिंग लैपटॉप किया लांच

**प्रोडक्ट मार्केटिंग डायरेक्टर ने एक बयान में कहा, कई तरह के अपग्रेड और एआई क्षमताओं से है लैस**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

डेल टेक्नोलॉजीज ने गुरुवार को भारत में लेटेस्ट इंटेल कोर अल्ट्रा प्रोसेसर से लैस एक नया गेमिंग लैपटॉप एलियनवेयर एक्स16 आर2 लॉन्च किया। नया लैपटॉप 25 अप्रैल से डेल एक्सक्लूसिव स्टोर्स (डीईएस), डेल डॉट कॉम, अमेजन डॉट कॉम, बड़े फॉर्मेट रिटेल और मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर 286,990 रुपये की शुरूआती कीमत पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। डेल इंडिया के प्रोडक्ट मार्केटिंग डायरेक्टर पूजन चड्ढा ने एक बयान में कहा, "कई तरह के अपग्रेड और एआई क्षमताओं से भरपूर, यह एलियनवेयर गेमिंग लैपटॉप एक्स सीरीज लाइनअप में शामिल हो गया है।" एलियनवेयर एक्स16 आर2 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सेलेरेशन और सभी टाइटल और टास्क लोड में बैलेंस परफॉर्मेंस के लिए इंटेल कोर अल्ट्रा 9 185एच प्रोसेसर से संचालित होता है। कंपनी के अनुसार, इस प्रक्रिया के समर्थन से, लैपटॉप 2021 के बाद से समान एलियनवेयर लैपटॉप की तुलना में 41 प्रतिशत परफॉर्मेंस में बढ़ोतरी और बैटरी लाइफ में 1.9 गुना वृद्धि प्रदान करता है। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि एफएचडी एचजीआर आईआर कैमरा और अपग्रेड 240 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट डिस्प्ले (एलियनवेयर एक्स16 आर1 पर 165 हर्ट्ज से ऊपर) नए लैपटॉप पर कैमरा परफॉर्मेंस और स्मूथ स्टटर-फ्री गेमप्ले के लिए विजुअल प्रदान करेगा।

## जर्मन कंपनी ऑडी जून से वाहनों की कीमतों में दो फीसदी का करेगी इजाफा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जर्मन वाहन निमार्ता कंपनी ऑडी ने कार की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए एक जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो फीसदी तक का इजाफा करेगी। कंपनी के इंडिया प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने जारी बयान में कहा कि एक जून से कीमतों में बढ़ोतरी का उद्देश्य ऑटोमेकर और उसके डीलरों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के साथ ही ग्राहकों पर प्रभाव को कम करना है। कच्चे माल की बढ़ती लागत हमें कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर कर रही है। ढिल्लों ने कहा कि ऑडी इंडिया की खुदरा बिक्री बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार 33 फीसदी की वृद्धि के साथ 7,027 इकाई रही थी।

# आरबीआई की कार्रवाई के बाद डैमेज कंट्रोल मोड में कोटक महिंद्रा बैंक

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी। आरबीआई ने ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी। इस कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक अब डैमेज कंट्रोल मोड में आ गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एमडी अशोक वासवानी ने कोटक महिंद्रा बैंक के कर्मचारियों को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने बैंक के खिलाफ आरबीआई की कार्रवाई पर उनके डर को दूर करने की कोशिश की। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया है कि प्रबंधन आरबीआई जांच में उठाए गए मुद्दों पर काम करेगा ताकि उन्हें जल्द ही हल किया जा सके।

kotak
Kotak Mahindra Bank

अशोक वासवानी ने पत्र में यह भी जिक्र किया कि डिजिटल चैनलों के माध्यम से व्यवसाय में बड़ी वृद्धि के कारण पूरी तरह से अलग स्तर के तकनीकी बुनियादी ढांचे की जरूरत है। बैंक तकनीकी बुनियादी ढांचे के निर्माण और तकनीकी प्लेटफार्मों की मजबूती पर निवेश कर रहा है। सीईओ ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए यह भी कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक गैर-डिजिटल चैनलों और क्रेडिट कार्ड के अलावा सभी प्रोडक्ट्स के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ना जारी रखेगा। आरबीआई के आदेश में कहा गया, कोटक महिंद्रा बैंक पर व्यावसायिक प्रतिबंध ग्राहकों के हित में लगाए गए हैं, क्योंकि उदय कोटक-नियंत्रित बैंक को आईटी रिस्क और इनफार्मेशन सिक्योरिटी गवर्नेंस में कमी का आकलन किया गया था। आदेश के अनुसार, आरबीआई ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए और किसी भी संभावित लंबे समय तक आउटेज को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की गई है, जो न केवल बैंक की कुशल ग्राहक सेवा प्रदान करने की क्षमता बल्कि डिजिटल बैंकिंग और पेमेंट सिस्टमों के फाइनेंशियल इकोसिस्टम पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

# 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले केंद्रों के पोषक क्षेत्रों में हो रहा सर्वे

## बूथ संख्या 165 व 166 में 80 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के वैसे मतदान केंद्र जहां 2019 के चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। वैसे मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्रो में घर-घर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व अंचल अधिकारी राकेश सहायक के नेतृत्व में किया जा रहा है। बताया गया कि मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझगांवातरी संख्या 166 में पिछले चुनाव में 48.10 प्रतिशत व 165 में 54 प्रतिशत, 164 में 55.43 प्रतिशत, सिंदुआरीकला मतदान केंद्र संख्या 168 में 54.05 प्रतिशत, मध्य विद्यालय गांगपुर केंद्र संख्या 185 में 58 प्रतिशत ही मददान हुआ था। इन केंद्रों पर कम से कम इस वर्ष 75 से 80 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर इन मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्र में टीम गठन करते हुए घर-घर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में बाहर कमाने वाले



मतदाताओं का नाम, पता, मोबाइल नंबर लिया जा रहा है। ताकि संपर्क स्थापित करते हुए मतदान के प्रति उन्हें प्रेरित किया जा सके। वहीं दूसरी और मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाई जा रही है। लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं को भाग लेने की अपील किया जा रहा है। सर्वे कार्य का रिपोर्ट शनिवार तक समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। सर्वे कार्य में प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सचिव, रोजगार सेवक निर्मल दांगी सहित बीएलओ को लगाया गया है।

## एक नजर

### अदबी संसार ने अंतरराष्ट्रीय कव्वाल मुराद आतिश को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** अदबी संसार के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कव्वाल मुराद आतिश को स्टेशन रोड स्थित सूर्यांश होटल में अंग वस्त्र व माला प्रदान कर सम्मानित किया।अदबी संसार के संस्थापक एम.जे.अजहर, संरक्षक अमीन रहबर, सेक्रेट्री शाहिद अनवर, हाजी मोहम्मद यासीन, अखिल झारखंड प्राथमिक उर्दू शिक्षक संघ के अध्यक्ष फैयाज अहमद ने मुराद आतिश के पलामू आगमन पर खुशी प्रकट किया है।विदित हो कि शाहपुर स्थित हजरत हाशिम शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के अवसर पर मुराद आतिश दो दिवसीय कव्वाली कार्यक्रम में भाग लेने पलामू आए थे। उन्होंने कहा कि पलामू वासी कलाकारों की इज्जत करना जानते हैं। यहां जो उन्हें सम्मान मिला है, वे कभी नहीं भूलेंगे।अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने आतिश मुराद को अपनी पुस्तक नींद खुली तन्हाई है भेंट किया।

### द न्यूक्लियस क्लासेस का हुआ उद्घाटन

**हरिहरगंज।** शहर के एनएच 98 मेन रोड़ थाना के समीप स्थित द न्यूक्लियस क्लासेस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि शिक्षक ज्ञान का भंडार होते हैं। इन शिक्षकों के माध्यम से ही एक अच्छे समाज के साथ साथ देश का विकास संभव है। वहीं कोचिंग सेंटर के संचालक विक्की कुमार सिंह ने कहा कि इस कोचिंग सेंटर में कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है। साथी ही उन्होंने कहा कि रेलवे, एसएससी, आर्मी, एसएससी जीडी, बैंकिंग, झारखंड व बिहार पुलिस, टेट सीटेट आदि कंपटीशन की तैयारी भी कराई जाएगी। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, शिक्षक सुचीत विश्वकर्मा, पीयूष कुमार, विक्रम कुमार, पूजा सिंह, राजेश रंजन मिश्रा, विजय प्रजापति, नरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, डॉ। विशाल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### सुअर के हमले से युवक घायल,सदर अस्पताल रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना अंतर्गत भटोली जंगल में मंगलवार आधी रात के करीब जंगली सूअर के हमले से रामपुर का निवासी 28 वर्षीय युवक स्टीफन खलखो गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज की उपरांत गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जंगली सूअर के हमले से स्टेफन के चेहरे एवं बांया पैर में गंभीर चोट आई है। जहां से देर रात लौटने के दौरान भटोली जंगल में दो जंगली सुअरों ने उस पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया स्टीफन ने बताया कि जंगली सुअरों के हमले से वह बुरी तरह से घायल हो गया एवं काफी ज्यादा खून भी बह रहा था। पर किसी प्रकार रेंगते हुए भटौली गांव पहुंचा और ग्रामीणों को जानकारी दी।

# एनएसएस व स्वीप कोषांग ने निकाला मतदाता जागरूकता अभियान

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एके सिंह कॉलेज, जपला एवं स्वीप कोषांग, हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । रैली महाविद्यालय परिसर से चलकर गोद लिए हुए गांव कोइरियाडीह (देवरी कला पंचायत) में समापन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य यह है कि 13 मई 2024 को पलामू संसदीय क्षेत्र में होने वाले आम चुनाव को एक - एक मतदाता सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक अपने मत का प्रयोग करें। कोई मतदाता छुटे नहीं। इस मौके पर एलआरडीसी गौरांग महतो, बीडीओ रौशन कुमार, हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ.आनंद कुमार सिंह, प्रो.सुनील कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. सुदीप कुमार सिंह, प्रो. हरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. अभिषेक कुमार, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लेकर सफल बनाया।

# नगर में कार्यपालक अधिकारी व अभियंता के इशारे पर हो रही है लूट

**नगर के विकास में खर्च होने वाली राशी से सरकारी आवासीय कालोनी में बनाया गया है पेबर्स ब्लॉक रोड और सोख्ता, लोगों में आक्रोश**

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** नगर चुनाव के 5 साल बीत जाने के बाद भी छतरपुर नगर का हाल बदहाल है, कोई सुनने वाला नहीं, अधिकारी और कर्मी कान में तेल डाल कर सो रहे हैं और लोग नगर का चक्कर लगा लगा कर परेशान हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी की मनमानी से नगर के लोग खासे परेशान हैं। लोगों ने कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता को तत्काल हटाने की मांग की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। लोगों का कहना है कि इलाके में नगर द्वारा लगाया गया कई सोलर जलमीनार खराब है बनवाने वाला कोई नहीं, जल संकट है लेकिन नगर के वार्डों में टैंकर से जल वितरण नहीं हो रहा है, चापानल खराब पड़े हैं कोई बनवाने वाल नहीं है, वारन्टी में लगाये गए कई इलेक्ट्रिक प्याऊ मशीनें खराब है, नए बनाये गए सभी शौचालय बेकार पड़े हैं, जपला मोड़ पर हालिया दिनों लगा 'आई लव छतरपुर' का लाइट बोर्ड खराब हो गया। हाई मास्ट लाइटें खराब हो गयी हैं, दर्जनों स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं सुध नहीं लिया जा रहा, टेम्पो और बस स्टैंड शुरू नहीं हो सका जबकि ऑटो स्टैंड का टेंडर तक निकाल दिया गया है। नगर के विकास राशियों का दुरुपयोग हो रहा है। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं कोई क्वालिटी कंट्रोल नहीं है नगर में विकास योजनाओं में हो रही लूट के लिए कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता मुख्य रूप से जिमेवार हैं। इस सबन्ध में नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि जबसे कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता का पदस्थापन छत्तपुर में हुआ है विकास योजनाओं में लूट बदस्तूर जारी है। नगर के विभिन्न इलाकों में गुणवत्ताहीन सड़कें और नालियां बनाये जाने के कारण नगर पंचायत की नालियां और गलियां बजबजा रही हैं।

# सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण, डीसी ने बढ़ाया हौसला

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न हेतु बुधवार को शहर के बनवारी साहू महाविद्यालय में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत लातेहार जिला में पांचवे चरण में चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। उन्होने बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतगणना संबंधी प्रक्रिया समझाते हुए इसके तमाम प्रावधानों का पालन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अच्छी तरह अवगत होना आवश्यक है। प्रशिक्षण में 276 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।



### मतदाता जागरूकता पर संवाद, 20 मई को

**लातेहार।** आसन्न लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को ले कर बुधवार को शहर के राजकीय कन्या विद्यालय, डुरूआ नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। इसके अलावा मतदान जरूरी क्यों है, इस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने कहा कि मतदान से ही लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी जा सकती है। इससे ही तय होता है कि क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार और जागरूक है। नैतिक मतदान ही लोकतंत्र की मजबूत धूरी है। उन्होने सभी मतदाताओं से आगामी 20 मई को बिना किसी प्रलोभन, दबाव या लालच के मतदान करने की अपील की।

### सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के पदमा गांव के पास सड़क दुर्घटना में गुरुवार की सुबह शिक्षक संजय कुमार चौधरी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी सदर अस्पताल के चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।वही इस घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर घायल संजय कुमार चौधरी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए है।वही जानकारी मिलने पर अन्य टीचर भी सदर अस्पताल पहुंच कर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि संजय कुमार चौधरी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार गांव के रहने वाले हैं। मनातू में वह यूएमएस स्कूल के टीचर हैं। गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार होकर बच्चों को स्कूल में पढ़ाने जा रहे थे इसी बीच रास्ते में पदमा गांव के समीप एक दूसरे बाइक से उनकी टक्कर हो गई जिसमें वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सरकार को लाखों का चूना, अवैध कोयला से चल रहे ईंट भट्ठे

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा / लातेहार ।** चंदवा थाना क्षेत्र के कई चिमनी ईंट भट्ठे अवैध कोयला से संचालित हो रहे हैं। अवैध कोयला से भट्ठा संचालन से सरकार को लाखों रुपये का चूना लग रहा है, वहीं भट्ठा मालिक कम लागत लगाकर अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। सूत्र बताते हैं भट्ठा संचालन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए संबंधित विभागों में नजराना पेश किया जाता है। यही कारण है कि इन भट्ठा मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है और वे बेखौफ अपना धंधा चला रहे हैं। अवैध कोयला आपूर्ति करने वाले खदान या कोयला साइडिंग से कोयला की चोरी कर मोटरसाइकिल और साइकिल से क्षेत्र के विभिन्न भट्ठों में कोयला पहुंचाने का काम करते हैं। हालांकि भट्ठा मालिकों के द्वारा उन्हें कोयला का वाजिब दाम भी नहीं दिया जाता है। बावजूद इसके कोयला मजदूर अपने परिवार का भरण-पोषण के लिए इस धंधा में लगे हैं।



**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस बाबत पूछे जाने पर अंचल अधिकारी, चंदवा कहते हैं कि अवैध कोयला से ईंट भट्ठा संचालित करने की शिकायत मिलती रही है। इसे रोकने के लिए लगातार जांच और छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दिनों कई लोगों पर मुकदमा भी दायर किया गया है।

### बच्चों को नहीं मिल रहा ओआरएस, लू और गर्मी से परेशाने

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय से सात किमी. दूर देवरी खुर्द (विश्वकर्मा टोला) आंगनबाड़ी केंद्र पर 'राष्ट्रीय नवीन मेल' संवाददाता ने पड़ताल किया है। जहां गर्मी के मौसम में सरकार द्वारा ओआरएस का घोल अबतक नहीं मिला है। जिससे बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त केंद्र पर सेविका उतिमा कुमारी, सहायिका अनारो देवी ने बताया कि देवरी खुर्द (विश्वकर्मा टोला) में ओआर एस नहीं मिला है। बच्चों को पोषाहार मिलता है। केंद्र पर 30 बच्चे उपस्थित थे। केंद्र सेविका के निजी मकान में चलता है। देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय के पास आंगनबाड़ी भवन बना हुआ है। लेकिन उसमें नहीं चलता है। इस पंचायत में चार केन्द्र संचालित है। इसके कारण केंद्र बनने के बाद भी उसमें संचालित न होकर सभी निजी मकान में चलता है।

# पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस के द्वारा लोकसभा चुनाव को देखते हुए नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री एवं तस्करी रोकने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने गुप्त सूचना के आधार पर 490 ग्राम अफीम के साथ दो अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि बुधवार को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि दो अफीम तस्कर अफीम की बिक्री करने बाहर जा रहे थे। इसी गुप्त सूचना के आधार पर सदर प्रखंड के रजवाडीह के पास सड़क पर पुलिस के द्वारा चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के दौरान दो युवक अनिल राजपूत और संजय कुमार को पकड़ कर पुलिस ने सदर सीओ के उपस्थिति में उनकी तलाशी ली। तलाशी के क्रम में पकड़े गए दोनों युवकों के पास से पुलिस ने 490 ग्राम अफीम,वीवो कम्पनी का दो मोबाईल,27570/रु0 नगद,क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड बरामद किया। उसके बाद पूछताछ के लिए दोनों युवक को पुलिस थाना ले गई। थाना में पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में दोनों युवकों ने पुलिस को बताया की वह कई दिनों से इस धंधे में संलिप्त है। पकड़ा गया एक युवक अनिल राजपूत यूपी मिजार्पुर जिला का रहने वाला और दूसरा संजय कुमार यादव पलामू का रहने वाला है। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तलाशी अभियान में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एएसआई भरत भूषण सामड सहित सदर थाना के अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।



# ईएलसी सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड नगर ऊंटारी स्थित मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत ईएलसी के सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में प्रविष्टियों की सुधार हेतु फॉर्म 8, मतदाता सूची में नाम हटाने हेतु फॉर्म 7 के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी को स्वीप के तहत भावी मतदाता, चुनाव पाठशाला, वोटर अवेयरनेस फोरम, मतदाता जागरूकता समूह सहित विभिन्न विषयों के बारे में बताया गया। शिक्षकों की मदद से डेमोक्रेसी रूम तैयार की गई। साथ ही साथ सभी छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप्प सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यम का उपयोग एवं नैतिक मतदान के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में ईवीएम एवं वीवीपीएटी के बारे में बताया गया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने से एवं वीवीपीएटी के आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पूर्णतः सहज पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गयी है। नैतिक मतदान ही मजबूत लोकतंत्र की धुरी है। अतः उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से 13 मई 2024 को मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्त्तव्य अवश्य निभाएं। मौके पर मास्टर ट्रेनर कौशल कुमार, जितेंद्र कुमार, प्राचार्य कमलेश कुमार, शिक्षक महमूद आलम, पूजा पांडे, माधुरी कुमारी, मीरा कुमारी, छात्रा खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी , आशा कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंचला कुमारी, रानी कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



### डीसी ने चुनाव में मतदाता जागरुकता को लेकर सेल्फी प्वाइंट का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने समाहरणालय के पास सेल्फी प्वाइंट का उदघाटन किया। इस दौरान मतदान कराने के लिए नियुक्त किए गए कर्मियों को पोस्टल बैलेट पेपर से वोटिंग करने की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गांव से लेकर पंचायत और जिला मुख्यालय तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## पेज एक के शेष

### ओबीसी आरक्षण...

मजहब के नाम पर दिया जाएगा। सिर्फ 2 दिन बाद 22 दिसंबर, 2011 को इसका आदेश भी निकाल दिया गया। बाद में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने कांग्रेस सरकार के इस आदेश को रद्द कर दिया। ये सुप्रीम कोर्ट गए, लेकिन राहत नहीं मिली। 2014 में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लिखा कि धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए कानून बनाना पड़े, तो कानून भी बनाएंगे।

### केंद्र की मंहगाई से...

का काम कर रहे हैं और छात्रवृत्ति हम दे रहे हैं, हम लोग सर्वजन पेंशन दे रहे हैं, जिसकी उम्र 50 वर्ष कर दिए। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को झामुमो के कार्यकर्ता, विधायक, राजद के कार्यकर्ता नेता कांग्रेस के कार्यकर्ता नेता विधायक सभी मिलकर 14 सीट पर जीत दर्ज करेंगे।

### घर आजा परदेसी...

बताया कि उनके पास 416 सिक्योरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्योरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें।

### 13 राज्यों की 88 सीटों...

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, मथुरा हेमामालिनी और मेरठ से रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित है।

### बर्ड फ्लू की पुष्टि के...

संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाने लगा है। संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन, ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में ल५ठ१ एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि हुई है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा या मृत कुक्कुटों, कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

# पलामू जिला के 1400 सरकारी विद्यालयों में मतदान केंद्र बनाए गए

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन बनाने वाली समिति मतदान केंद्र पर आए, मतदान कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों के लिए भोजन बनाएंगी । पलामू जिला के 1400 सरकारी विद्यालयों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। किसी-किसी सरकारी विद्यालय में दो मतदान केंद्र ही बनाए गए हैं। इन सभी सरकारी विद्या में मध्यान भोजन बनाने वाली माता समितियां मतदान कर्मी ,सुरक्षा कर्मी और अन्य व्यक्ति जो चुनाव से संबंधित होंगे उनके लिए रात्रि का भोजन सुबह का नाश्ता और दोपहर का भोजन बना देंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा ने बताया के प्रत्येक ऐसे व्यक्ति चाहे वह मतदान कर्मी, सुरक्षा कर्मी या अन्य व्यक्ति जो अपने ड्यूटी का निर्वहन वहां करेंगे । वे चाहे तो मात्र 60 प्रति व्यक्ति मध्यान भोजन बनाने वाली समिति को देखकर रात्रि का भोजन सुबह का नाश्ता और दोपहर का भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यह 60 एक छोटी सी रकम है जिसमें उन्हें ताजा गर्म और सामने बना हुआ खाना भरोसा जा सकता है। दुगानंद झा ने बताया कि उन्होंने अपने सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को यह निर्देशित किया है कि मध्यान भोजन के आए चावल और दाल का वे उपयोग कर ले उसी में ध्यान भोजन के चावल और दाल से मतदान कर्मियो, सुरक्षा कर्मियों और अन्य जुड़े हुए दायित्व के निर्वहन व्यक्ति को ?60 प्रति व्यक्ति भोजन के रूप में लेकर भोजन उपलब्ध करा सकते हैं। दुगानंद झा ने कहा कि यह व्यवस्था इसलिए की गई है कि 13 मई गर्मी के दिनों का एक दिन होगा और उसमें ताजा खाना, गरमा गरम खाना, आंख के सामने बना खाना बहुत ही आरामदायक अनुभव सिद्ध हो सकता है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि 14 ऐसे सरकारी स्कूल पाए गए हैं । जहां बिजली, पंखा नहीं है और जहां बिजली पंखा नहीं है तो वहां मोबाइल को चार्ज करने की भी सुविधा नहीं है। ऐसे स्कूलों की संख्या 14 है। झा ने जोर देकर कहा कि उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति को सख्त निर्देश दिया है कि वे ऐसे सभी 14 स्कूलों में जहां बिजली,पंखे और मोबाइल चार्ज करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहा 30 अप्रैल तक बिजली की सप्लाई को सुनिश्चित कर ले इसके लिए वह बिजली विभाग के पदाधिकारी से संपर्क साधकर 14 विद्यालय में बिजली के कनेक्शन करने की प्रक्रिया पूरी कर ले और फिर प्रखंड विकास पदाधिकारी का भी सहयोग ले ले। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा ने बताया कि अभी तक 20 ऐसे सरकारी विद्यालय मिले हैं। जहां दिव्यांग जनों के लिए रैम्प नहीं है। इन 20 विद्यालयों को भी निर्देशित किया गया है कि वह दिव्यांगजन के मतदान केंद्र तक पहुंचाने के रास्ते या सीढ़ी को और सुलभ बना दे। उन्होंने जोर देख कहा कि इन 20 विश्वविद्यालय में कुछ ऐसे भी विद्यालय हैं। जो बंद तो होंगे लेकिन बंद विद्यालय में मतदान केंद्र बना हैं और जो बंद विद्यालय हुए हैं उन्हें चालू विद्यालय जो उनके नजदीक थे के साथ मिला दिया गया है। झा ने बताया पलामू जिले में प्राथमिक मध्य हाई स्कूल, कस्तूरबा गांधी ,बालिका आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, नेताजी आवासीय विद्यालय सभो को लेकर 2564 स्कूल है। जबकि बंद पड़े स्कूल जिन्हें नजदीक के चालू स्कूल में मर्ज किया गया है।



# सड़क हादसा : पति के सामने ही महिला की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीनगर औरंगाबाद एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरुवार की अहले सुबह एक 64 वर्षीया वृद्धा हादसे का शिकार हो गयी। महिला सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पति के सामने ही महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। महिला की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराई गांव निवासी रामकली देवी पति शिवप्रसाद ठाकुर के रूप में हुई है। रामकली अपने पति के साथ बिहार से दुबटिया मोड़ पर किसी वाहन से उतरी थी और फिर अपने मायके बभंडी जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फिर मौके से फरार हो गया। घटना सुबह 5 बजे हुई। घटना के वक्त महिला के पति भी मौके पर थे। बावजूद अपनी पत्नी को बचा नहीं सके। दरअसल, वाहन से उतरने के बाद शिवप्रसाद लघुशंका (पेशाब) कर रहे थे। इसी बीच महिला सड़क पार करने लगी और हादसे का शिकार हो गयी। रामकली और शिवप्रसाद बभंडी गांव में अवध ठाकुर के घर जाने के लिए पहुंचे थे। रामकली का बभंडी में मायके है और यहां किसी रिश्तेदार की शादी थी। घटना की सूचना मिलने पर बभंडी गांव के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी सूचना के बाद मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया।





# खरगे ने पीएम को लिखा पत्र, न्याय पत्र समझाने के लिए मांगा वक्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम को पत्र लिखकर मिलकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को समझाना की इच्छा जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पीएम आदतन कुछ शब्दों को उठाकर अप्रासंगिक विषय बनाकर सांप्रदायिक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। इससे वे अपने पद की गरिमा को गिरा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि उनके सलाहकार उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में नहीं लिखा गया है जबकि कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें मिलकर कांग्रेस का घोषणा पत्र समझाने में खुशी होगी। खड़गे ने पीएम को लिखे पत्र को सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट पर टैग किया है।



# ईवीएम पर पीएम की फोटो तलाश रही महिलाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के प्रचार ने और ज्यादा तेजी पकड़ ली है। एक तरफ जहां पूरा विपक्ष पीएम मोदी को घेरने में लगा हुआ है। दूसरी तरफ गांव की महिलाएं वोटिंग के दौरान ईवीएम में पीएम मोदी की फोटो को ढूंढ रही है। यही दावा सोशल मीडिया पर अखबार की कटिंग लगाकर लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने किया है। इस पर पीएम मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक अखबार की कटिंग शेयर की है, जिसमें लिखा गया है कि राजस्थान के पिपराली में एक स्कूल में लगे बूथ में गीत गाती ग्रामीण महिलाओं का ग्रुप वोट डालने आया तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। जब पता चला कि वह महिलाएं इस बात पर अड़ी हुई थी कि ईवीएम में पीएम मोदी की फोटो नहीं है। जिसके बाद उन्हें समझाया गया कि पीएम मोदी नहीं उनकी पार्टी का यहां से प्रतिनिधित्व कर रहे उम्मीदवार की फोटो और निशान लगा है। इसके बाद उन महिलाओं ने वोट डाला।

लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने एक्स पर लिखा, "गांव की बिना पढ़ी-लिखी महिला ईवीएम पर पीएम मोदी की फोटो ढूंढ़ रही है और एक वो बदमिजाज है जो सोचता है कि वो तू-तड़ाक से बात कर पीएम मोदी को हरा देगा, मोदी जनता के दिलों पर राज करते हैं। पता नहीं इस भ्रष्ट परिवार को ये बात कब समझ आएगी।"

अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कमेंट किया है। उन्होंने लिखा, "माताओं-बहनों के इस स्नेह को देखकर मेरी आंखों में आंसू हैं, संकल्प भी है इस कर्ज को उतारने का।

# अलका राय, पूजा-जया पाल के मंगलसूत्र का हिसाब दे सपा : योगी आदित्यनाथ



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के गढ़ इटावा में हुंकार भरी। उन्होंने सपा सरकार में हुई हत्याओं का हिसाब मांगा। सीएम योगी ने दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय, राजू पाल और अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अलका राय, पूजा पाल, जया पाल और कारसेवकों की पत्नियों के मंगलसूत्र का हिसाब समाजवादी पार्टी कब देगी। मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जिन रामभक्तों का लहू सपा सरकार ने बहाया था। उन नौजवानों की विधवाओं के मंगलसूत्र पर सपा नेता जवाब कब देंगी। क्या परिवार के बाहर सपा को कोई यदुवंशी कार्यकर्ता नहीं मिला, जिसे वे सदन में भेज सकें। उन्होंने आगे कहा कि सपा नेता डिंपल जवाब दें, माफिया की ओर से गाजीपुर में भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय के साथ मारे गए छह लोगों की विधवाओं का क्या हुआ। सपा सरकार में पाले गए माफिया ने विहिप के अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नंदकिशोर रूंगटा की अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी विधवा का क्या हुआ।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र जनता की आवाज : कमल नाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमल नाथ ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को जनता की आवाज बताया है। कमलनाथ ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कांग्रेस के मेनिफेस्टो में जनता की जरूरतों और सही मुद्दों को जगह दी गई है। यह मेनिफेस्टो देश की असली आवाज है, जिसे राहुल ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सुना, समझा और महसूस किया है। कमल नाथ का कहना है, कांग्रेस के पांच न्याय युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और भागीदारी न्याय के माध्यम से हर कमजोर वर्ग को संबल और शक्ति देने का अभिनव प्रयास है। कांग्रेस के साथ आईये और सभी को न्याय दिलाने के महाअभियान को मजबूत करिये। हम युवाओं को रोजगार, किसानों को कर्जमाफी, एमएसपी, महिलाओं को 8,500 रुपए महीने, श्रमिकों को 400 रुपए प्रतिदिन का पारिश्रमिक, जातिगत जनगणना जैसी अनेकों जनहितैषी योजनाओं के साथ आपके बीच हैं।

# वह नामदार हैं और हम कामदार, मुझे ऐसे ही गाली देंगे, आप दुखी न हों : प्रधानमंत्री

**शहजादा कह रहे हैं आपकी संपत्ति का एक्स रे होगा, उनकी नजर माता-बहनों के स्त्रीधन पर**

**कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर शत-प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा है**



**एजेंसी। मुरैना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के मुरैना में कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। मोदी ने कहा, इन दिनों कांग्रेस के शहजादे को आए दिन मोदी का अपमान करने में मजा आ रहा है। वो कुछ भी बोलते जा रहे हैं। इससे कुछ लोग दुखी हैं कि देश के प्रधानमंत्री के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग क्यों किया जा रहा है। मेरी सबसे विनती है कि कृपया कर आप दुखी मत होइए, गुस्सा मत कीजिए, आपको पता है कि वे नामदार हैं और हम कामदार हैं। शाही परिवार के शहजादे पूरे देश में बढ़-चढ़कर कह रहे हैं कि अब आपकी संपत्ति का एक्स-रे होगा। हमारी माताओं-बहनों के पास जो पवित्र स्त्रीधन होता है, कांग्रेस उसे जब्त कर अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए, उसे बांटने की सार्वजनिक घोषणा कर रही है। मेनिफेस्टो में बता रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं की क्षमताओं को बर्बाद किया है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी ने खुलासा किया है। वो कह रहे हैं कि राजस्थान में जो पेपर लीक हुआ, उसमें कांग्रेस की गहलोत सरकार खुद शामिल थी। उन्होंने आगे कहा कि तुष्टीकरण को समाप्त करके संतुष्टीकरण की तरफ देश बढ़ रहा है।

### जब अपनी संपत्ति देने की बारी आई तो कानून बदल दिया

मैं आज देश के सामने पहली बार एक दिलचस्प तथ्य रखना चाहता हूं। जब देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा नहीं रही, तो उनकी जो प्रॉपर्टी उनकी संतानों को मिलनी थी, लेकिन पहले ऐसा कानून था कि उनको संपत्ति का हिस्सा मिलने से पहले सरकार एक हिस्सा ले लेती थी। तब चर्चा थी कि जब इंदिरा नहीं रही और उनके बेटे राजीव गांधी को ये प्रॉपर्टी मिलनी थी, तब अपनी उस प्रॉपर्टी को बचाने के लिए, उस समय के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पहले जो इनहेरिटेंस कानून था, उसको समाप्त कर दिया था।

### कांग्रेस ने जवानों के हाथ बांध रखे थे

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जवानों के जो हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें भी खुली छूट दे दी। हमने कहा, एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए, अगर एक गोला आता है तो 10 तोप चलनी चाहिए। पीएम मोदी ने मंच से आगे कहा कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का विभाजन स्वीकार किया था। मां भारती के हाथों की जंजीर काटने की बजाय मां भारती की भुजाएं ही काट दी थी। देश के टुकड़े कर दिए थे, लेकिन कांग्रेस सुधरने को तैयार नहीं है।

### लोकसभा चुनाव : नरेन्द्र मोदी एक व दो मई को करेंगे गुजरात का दौरा

**अहमदाबाद।** पीएम गुजरात में लोकसभा के चुनाव प्रचार की शुरूआत गुजरात स्थापना दिवस के दिन 1 मई से करेंगे। मोदी राज्य की 14 सीटों को कवर करने के लिए 1 और 2 मई को डीसा, हिम्मतनगर, आणंद, वढवाण, जूनागढ़ और जामनगर में सभाएं करेंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 1 मई को उत्तर गुजरात के डीसा और हिम्मतनगर में और अगले दिन 2 मई को मध्य गुजरात के आणंद, सौराष्ट्र के वढवाण, जामनगर और जूनागढ़ में सभाओं को संबोधित करेंगे।

# राहुल की अपील, संविधान बचाने के लिए करें मतदान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी। राहुल गांधी ने पांच गारंटियों की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस भर्ती भरोसा और 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति, हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड और पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी देती है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस गिग इकॉनोमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी देती है।



उत्तर प्रदेश के मेरठ में आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण की पूर्व संध्या पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन लेकर अपने निर्धारित बूथ पर जाने के लिए वाहन चढ़ने के लिए जाती एक महिला अधिकारी।

# कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं : जयराम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी विरासत कर के मुद्दे पर लगातार सफाई दे रही है। गुरुवार को पार्टी महासचिव ने एक बार फिर पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में विरासत कर का कोई जिक्र नहीं है। कांग्रेस की ओर से आज एक बार फिर पीएम के आरोपों का खंडन किया गया। पत्रकारवार्ता में महासचिव जयराम रमेश ने इसका खंडन किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सत्ता में आने पर पीढ़ि दर पीढ़ि संपत्ति हस्तांतरण पर कर लगायेगी। कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में हमारे घोषणापत्र का दुष्प्रचार किया जा रहा है। पीएम ने कांग्रेस के घोषणापत्र को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने ऐसे मुद्दे उठाए जो कांग्रेस के घोषणापत्र में नहीं हैं। जयराम रमेश ने कहा कि विरासत कर कांग्रेस का एजेंडा नहीं है। असल में 1985 में राजीव गांधी की सरकार ने ने विरासत कर को हटाया था। वहीं भाजपा नेताओं जैसे की अरुण जेटली ने साल 2014-19 के बीच में इसकी वकालत की थी।

# गूगल पर इनहेरिटेंस टैक्स व पित्रोदा को सबसे ज्यादा किया सर्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा के इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) पर दिए गए बयान को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। एक तरफ जहां सैम पित्रोदा के 'विरासत कर' वाले बयान से कांग्रेस ने खुद को अलग कर लिया है और इसे उनका निजी बयान बताया है। वहीं, भाजपा नेताओं ने सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस नेता पर जमकर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा के बयान पर जवाब दिया है। पीएम मोदी के बयान के बाद गूगल पर इनहेरिटेंस टैक्स और सैम पित्रोदा को काफी बार सर्च किया गया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गूगल सर्च पर



इनहेरिटेंस टैक्स और सैम पित्रोदा को लेकर लोगों की रूचि लगातार बढ़ती दिख रही है। दरअसल, दुनिया भर में 25 अप्रैल को इनहेरिटेंस टैक्स को गूगल पर पिछले 20 वर्षों में सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया है। यह सर्च अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर है। जबकि, कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा को इसी दिन पिछले 5 वर्षों में सबसे अधिक बार गूगल पर सर्च किया गया है। बता दें कि हाल ही में सैम पित्रोदा ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि अमेरिका में 55 फीसदी विरासत कर लगता है। सरकार किसी की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति का 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है। उन्होंने कहा कि संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। अगर किसी व्यक्ति के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो उसके मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को और 55 फीसदी संपत्ति सरकार की हो जाती है। इनहेरिटेंस टैक्स की पैरवी करते हुए पित्रोदा ने कहा कि भारत में ऐसा कानून नहीं है। ऐसे मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए और वे ऐसी नीतियों की बात कर रहे हैं, जो लोगों के हित में हो ना कि सिर्फ अमीरों के हित में। सैम पित्रोदा के इस बयान पर प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में चुनावी रैली में जवाब दिया।

## सीएम ममता ने चुनावी जनसभा में भरी हुंकार, कहा

# बंगाल में कब्जा के लिए 7 चरणों में चुनाव और केंद्रीय बलों की तैनाती

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि राज्य पर कब्जा करने के लिए ही सात चरणों में चुनाव कराये जा रहे हैं और बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती हुई है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने मेदिनीपुर के दांतन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैंने पहली बार देखा है कि तीन महीने की दीर्घावधि चुनाव हो रहे हैं। कर्नाटक में 40 सीटों पर एक फेज में चुनाव हो रहे है, जबकि पश्चिम बंगाल में 42 सीटों पर 7 फेज में वोटिंग हो रही है। सीएम मे कहा



कि केवल दिखाने के लिए बिहार में सात फेज में चुनाव करवा रहे हैं।

इसके बाद सीधे तौर पर चुनाव आयोग पर हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने लिखित में यह बताने को कहा कि कहां कितनी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती हुई है। ममता बनर्जी ने कहा, मैं चुनाव आयोग से कहूंगी कि लिखित में दें कि किस राज्य मे कितनी फोर्स लगाई गई है? हमारे यहां इतनी फोर्स इसलिए लगायी है क्योंकि आप बंगाल पर कब्जा करना चाहते हैं?

उन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद तीन महीने तक चुनाव प्रक्रिया चलने को लेकर सवाल खड़ा किया। ममता बनर्जी ने कहा, इतनी गर्मी में हेलिकॉप्टर आग जैसा जलता है, मेरे हेलिकॉप्टर का कंप्रेसर खराब है। कल मैं लौटी तो तबीयत खराब लग रही थी। मैंने पहली बार देखा है तीन महीने लंबा चुनाव हो रहे हैं।

# लोस चुनाव के लिए आप ने लॉन्च किया कैंपेन सॉन्ग




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आप ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च कर दिया। आप ने लोकसभा कैंपेन सॉन्ग को अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और उनके जेल जाने से जोड़ा है। कैंपेन सॉन्ग के शुरूआती बोल 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' हैं। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक कुर्सी खाली रखी गई। थीम सॉन्ग लॉन्च करने के दौरान आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश का व्यापारी समाज भी यह कह रहा है कि हमारे समाज का एक व्यक्ति दिल्ली का मुख्यमंत्री था, उसे भी पकड़ के जेल में डाल दिया। व्यापारियों में प्रतिक्रिया है, युवाओं में प्रतिक्रिया है, माता बहनों में प्रतिक्रिया है। देशभर के लोगों में गुस्सा है। उन्होंने लोगों से कहा कि इस गुस्से को अपने वोट में परिवर्तित कीजिए और 25 मई को दिल्ली में होने वाले चुनाव के दौरान आप को वोट दीजिए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com